CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 22 जून 2025

वर्ष - 35 | अंक -53 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करे :-bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

मड़ई
आवव खंचवा खनन पृष्ठ 4

टीम इंडिया ने पहली पारी में बनाए 417 रन
महिला हॉकी प्रो लीग : बेल्जियम से हारा भारत पृष्ठ 10

देश विदेश
प्रशांत क्षेत्र के कई देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लिया भाग
ऑपरेशन सिंधु के तहत 290 भारतीयों को लेकर वापस लौटी तीसरी स्पेशल फ्लाइट
इजरायल के ईरानी परमाणु संयंत्रों पर हमले से हो सकती है बड़ी तबाही : ग्रॉसी पृष्ठ 9

हिमालय की चोटियों से लेकर, समुद्री पोतों तक योग

देश-विदेश में दिखा योग दिवस कार्यक्रमों में उत्साह

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लाखों लोगों ने लिया भाग

नई दिल्ली, 21 जून (देशबनधु) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया। भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया।

मुख्य समारोह विशाखापत्तनम में हुआ

इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किये। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सय्यद अब्दुल मजीद ,आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू श्री निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए।

श्री मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में योग सत्र में भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने किया योगाभ्यास

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग कोई नई पद्धति नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे ऋषि-मुनियों ने विकसित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज 175 से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने चक्रासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिन के 24 घंटों में से कुछ समय योग के लिए अवश्य ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

अहमदाबाद विमान हादसा

एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश

डीजीसीए ने एयरलाइन से 1 दिन में रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने क्रू शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को लेकर एयर इंडिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की, जिसमें तीन वरिष्ठ अधिकारियों को रोस्टरिंग डिपार्टमेंट से तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया। इस पर एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से तीन अधिकारियों को हटाने का आदेश दिया। विमानन नियामक द्वारा जारी एक औपचारिक निर्देश के अनुसार, नियामक ने इन तीन अधिकारियों को अनधिकृत और गैर-अनुपालन वाले क्रू पेयरिंग, अनिवार्य लाइसेंसिंग आवश्यकताओं के उल्लंघन और फ्लाइट क्रू रीसेंसी मानदंडों का पालन करने में विफलता सहित कई उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। डीजीसीए ने स्थिति को शेड्यूलिंग प्रक्रियाओं और पर्यवेक्षी निरीक्षण दोनों में सिस्टम की एक बड़ी विफलता बताया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि अंतरिम अवधि में कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी इंटीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर (आईओसीसी) पर सीधी निगरानी रखेंगे।

तीनों अफसरों पर ये आरोप

- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना।
- लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना।
- शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना।

बार-बार होने वाली चूक में शामिल रहे

एयर इंडिया ने कहा, सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए एयर इंडिया प्रतिबद्ध है। डीजीसीए के अनुसार, ये तीनों अधिकारी क्रू रोस्टरिंग को लेकर गंभीर और बार-बार होने वाली चूक में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ 10 दिनों के भीतर आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए।

वर्तमान में एआई 171 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर दुर्घटना से जूझ रही एयर इंडिया को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अहमदाबाद की दुखद घटना में 241 यात्रियों और क्रू मेंबर्स सहित लगभग 270 लोगों की मौत हो गई थी। एविएशन इंडस्ट्री एम्प्लॉइज गिल्ड (एआईईजी) ने पिछले साल विमान में तकनीकी खराबी की सूचना देने के लिए एयरलाइन द्वारा दो केबिन क्रू सदस्यों को बर्खास्त करने की सीबीआई जांच की मांग की है।

एक और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

सार संक्षेप

सीजेआई गवई ने साथी न्यायाधीशों के साथ किया योग

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को उच्चतम न्यायालय परिसर में सीजेआई बी आईगवई ने अन्य न्यायाधीशों के साथ योग किया। शीर्ष अदालत के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में न्यायाधीशों के अलावा कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 215 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। इस दिन देश-विदेश में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

देश में कोरोना संक्रमित 19453 मरीज हुए स्वस्थ

नई दिल्ली। देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गई है और शनिवार को इस वायरस से उबरने वालों की कुल संख्या 19453 पहुंच गयी जबकि कुल सक्रिय मामलों का आंकड़ा घटकर 512 रह गया। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से राजस्थान के एक और मरीज की मौत होने के साथ देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 121 हो गया।

मणिपुर में पिछले 24 घंटों में चार उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग अभियानों में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के काकचिंग-थाने के अंतर्गत काकचिंग तुरेल वांगमा से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने टेंग्नौपाल जिले के मोरेह-थाने के अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या 75 से 74 के बीच के क्षेत्र से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने जिरीबाम जिले के जिरीबाम-थाने के अंतर्गत कामरांगा गांव क्षेत्र से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली में मौसम ने ली करवट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दिल्ली के कई हिस्सों, विशेष रूप से दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट देखी गई।

नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

पेरिस, 21 जून (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया।

- नीरज ने 88.16 मीटर का थ्रो किया,-जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ा

नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है।

अगले सत्र से बदल जाएंगी चौथी, पांचवी, सातवीं व आठवीं की किताबें

एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पढ़ेंगे प्रदेश के छात्र

रायपुर, 21 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में अगले सत्र से चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकें बदल जाएंगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। 2025 के अंत तक बदलाव को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसके बाद किताबें प्रकाशन के लिए पाठ्यपुस्तक निगम को प्रेषित कर दी जाएंगी।

ये किताबें एनसीईआरटी के आधार पर तैयार की जा रही हैं। अर्थात एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम ही अडॉप्ट किया जा रहा है। इसमें मात्र 10 से 20 प्रतिशत तक का बदलाव छत्तीसगढ़ के परिवेश के आधार पर होगा, जिससे छात्रों को स्थानीय जानकारी मिल सके।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड की पहली,

दूसरी, तीसरी और छठवीं कक्षा की किताबों में बदलाव किया गया है। ये किताबें भी एनसीईआरटी की तर्ज पर ही तैयार की गई हैं। स्थानीय जानकारी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए एनएसीईआरटी किताबों में कुछ परिवर्तन किए जाने के अलावा शुरुआती कक्षा के छात्रों को मातृभाषा में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

राज्यों के पाठ्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित-राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी राज्यों के पाठ्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित है। छात्रों को मात्र सर्टिफिकेट देने के स्थान पर उन चीजों को शामिल करने का प्रावधान है, जिसका आउटकम मिल सके। व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने पर भी फोकस किया गया है। एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के आधार पर पहले ही पाठ्यक्रम तैयार कर चुका है। ऐसे में विभिन्न ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर

- विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

रायपुर, 21 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 22 जून को 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ आ रहे हैं। दो दिन के उनके कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है। 22 जून को श्री शाह नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) और सेन्ट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (सीएफएसएल) के रायपुर परिसर का शिलान्यास एवं एनएफएसयू रायपुर के अस्थाई परिसर का ई-उटघाटन दोपहर 2 बजे करेंगे। छत्तीसगढ़ एवं पडौसी राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी के साथ सुरक्षा संबंधित बैठक लेंगे। दोपहर 03.45 बजे होटल मेफेयर, नवा रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा की समीक्षा बैठक करेंगे। शाम 06.15 बजे होटल मेफेयर, नवा रायपुर में करेंगे। वहीं 23 जून को अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ संवाद दोपहर 12 बजे और बीएसएफ के जवानों के साथ संवाद दोपहर 01.15 बजे बीएसएफ कैंप, इरकभट्टी, नारायणपुरमें करेंगे।

समायोजन प्रक्रिया विवाद पर शिक्षकों की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के समायोजन को लेकर उठा विवाद अब हाईकोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। बिलासपुर हाईकोर्ट में तीन शिक्षकों चंद्रभान वर्मा, अपर्णा त्रिपाठी और गायत्री वर्मा ने स्थानांतरण आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्हें बिना वजह अतिशेष घोषित कर अन्य स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि स्कूल में उनसे कनिष्ठ शिक्षक भी कार्यरत हैं।

सीनियर शिक्षकों को बनाया गया अतिशेष, जूनियर को दी गई राहत- याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट में जोरदार तर्क रखते हुए कहा कि समायोजन की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर मनमानी हुई है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बिना नोटिस व बिना सुनवाई का मौका दिए ही अतिशेष की सूची में डाल दिया गया। सबसे गंभीर बात यह है कि शिक्षकों को अतिशेष घोषित करते समय युक्तियुक्तकरण निर्देश दिनांक 02-08-2024 के खंड 7(सी)(3) का उल्लंघन किया गया।

दुबे ने कहा कि जिन शिक्षकों को हटाया गया है वे अपने विद्यालयों में वरिष्ठ हैं, जबकि जुनियर शिक्षकों को पद पर बरकरार रखा गया है। यह स्पष्ट रूप से नियमों और न्याय के विरुद्ध है। याचिका में मांग की गई है कि समस्त प्रक्रिया को रद्द किया जाए और नए सिरे से युक्तियुक्तकरण हो।

राज्य शासन का पक्ष- शिकायत है तो समिति में दें अभ्यावेदन

राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षकों का स्थानांतरण सरकार के दिशा-निर्देशों और दस्तावेजों के आधार पर किया गया है। यदि शिक्षकों को किसी तरह की शिकायत है, तो वे संभागीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

राजा रघुवंशी हत्याकांड

सोनम व राज को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शिलांग, 21 जून (एजेंसियां)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार सोनम और राज को शनिवार को शिलांग कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस की ओर से दोनों आरोपियों की रिमांड की मांग नहीं की गई, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, 19 जून को हत्याकांड में शामिल सभी पांचों आरोपियों को रिमांड पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था।

इस दौरान कोर्ट ने सोनम और राज की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ाई थी और तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए थे। राजा रघुवंशी (28) और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी (24) 23 मई को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा (चेरापूंजी) में नोंग्रियाट गांव में एक होमस्टे से चेक आउट करने के कुछ घंटों बाद लापता हो गए थे। बाद में राजा रघुवंशी का शव बरामद किया गया था।

राहुल का चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब आयोग से जवाब मांगे जा रहे हैं, तब वह उल्टे सबूतों को मिटा रहा है। यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब चुनाव आयोग ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव की सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग को 45 दिन बाद नष्ट कर दिया जाए।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मतदाता

सूची मशीन-रीडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज कानून बदल कर छिपा दी। चुनाव की फोटो और वीडियो अब 1 साल नहीं, 45 दिन में मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था – वही सबूत मिटा रहा है।' उन्होंने आगे लिखा, स्पष्ट है कि मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर है। राहुल गांधी लंबे समय से चुनाव आयोग से मतदाता सूची, चुनावी आंकड़ों और चुनाव से जुड़ी वीडियो फुटेज की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी हुई है।

राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज को सार्वजनिक करना। मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

इजराइली हमले में 3 ईरानी कमांडर मारे गए, न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत

तेल अवीव, 21 जून (एजेंसियां)। इजराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है।

ईरान पुराना दोस्त : सोनिया

कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है।

उम्मीद

अमरनाथ यात्रा में हर कश्मीरी सभी प्रकार का सहयोग देने को राजी

कश्मीर की अर्थव्यवस्था का दारोमदार अब यात्रा के जिम्मे

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 21 जून (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के कारण लगभग मृतप्राय : कश्मीर के टूरिज्म में नई जान फूंकने की आस अब सिर्फ वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर ही है जिसकी सकुशलता के प्रयास, कवायद और दुआएं की जा रही हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि आपरेशन सिंदूर के उपरांत इसे आधिकारिक तौर पर माना जा रहा है कि यह आतंकी निशाने पर टाप पर है। यह अमरनाथ यात्रा में हेलिकाप्टर सेवा को इस बार निरस्त कर दिए जाने के फैसले से भी साबित होता था। कश्मीरी नागरिक भी भली भांति जानते हैं कि अगर इस बार अमरनाथ यात्रा पर एक खरोंच या हमला भी हुआ तो कश्मीर का टूरिज्म सदियों पीछे चला जाएगा। ऐसी चिंता कश्मीर ट्रेडर्स और मैन्यूफैक्चरिंग फेडरेशन भी प्रकट कर चुका है तो अन्य कश्मीरी व्यापारिक संगठन भी।

फेडरेशन के अध्यक्ष मुहम्मद यासीन के शब्दों में, यह यात्रा कश्मीर की संस्कृति का हिस्सा है और इस संस्कृति को बचाए रखना ही कश्मीर का फर्ज और दायित्व रहेगा। वे अमरनाथ श्रद्धालुओं का स्वागत करने और उनकी सुरक्षा की गारंटी की बात भी जरूर करते थे। यही कारण था कि

यात्रा की सुरक्षा की खातिर हर कश्मीरी सभी प्रकार का सहयोग देने को राजी हैं। वे तहेदिल से अमरनाथ यात्रियों का स्वागत करने के लिए बांछे बिछाए बैठे हैं। हालांकि उन्हें डर इस बात का है कि शायद अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड अमरनाथ श्रद्धालुओं के कश्मीर के अन्य पर्यटनस्थलों की सैर पर कुछ प्रतिबंध लागू न कर दे। दरअसल ऐसे संकेत उन सूचनाओं के बाद मिल रहे हैं जिसमें कहा जा रहा है कि आतंकी अमरनाथ श्रद्धालुओं को कश्मीर के अन्य स्थानों पर भी निशाना बनाने की योजनाएं लिए हुए हैं। यह बात अलग है कि यात्रा के दोनों मार्गों पर फूल प्रूफ सुरक्षा व्यवस्था का दावा तो है पर अधिकारी आप स्वीकार करते हैं कि प्रत्येक श्रद्धालु को कश्मीर के अन्य उन स्थानों पर सुरक्षा मुहैया करवाना संभव नहीं होगा जहां वे पर्यटक बन घूमने जाना चाहेंगे।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 10 हजार से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

नशा मुक्ति का भी लिया संकल्प, वृक्षारोपण से दी हरित क्रांति की शुरुआत

गौरेला पेंड्रा मरवाही 21 जून (देशबन्धु)। पूरे विश्व में मनाए जा रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भव्य और ऐतिहासिक आयोजन हुआ। जिलेभर में 10 हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ और निरोगी जीवन का संकल्प लिया। इस आयोजन ने जिले में स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण—तीनों संदेशों को एक साथ जोड़ दिया। असेम्बली हॉल मल्टीपरपस स्कूल, पेंड्रा में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत सहित जिले के तमाम अधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

थीम - (योग संगम एवं हरित योग, एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य)

इस वर्ष का योग दिवस खास रहा क्योंकि इसकी थीम रही — (योग संगम एवं हरित योग, एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य।) कार्यक्रम में नशा मुक्ति शपथ और वृक्षारोपण जोड़कर इसे सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दिया गया।

177 देशों में गूंजा भारत का योग संदेश

विश्व स्तर पर 177 देशों में योग दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई। मुख्य कार्यक्रम में प्रोटोकॉल के अनुसार सामान्य योग अभ्यास कराया गया, जिसका नेतृत्व प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने किया।

विधायक मरपच्ची ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा — (योग भारत की अनमोल धरोहर है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से यह परंपरा अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुकी है। हम उनके आभारी हैं कि आज 177 देश इस प्राचीन विद्या से लाभान्वित हो रहे हैं।)

'सभी स्वस्थ रहें, निरोग रहें' - कलेक्टर मंडावी

कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा -(जिले के हर व्यक्ति तक योग पहुंचे, यही हमारा प्रयास है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए योग को दैनिक जीवन में शामिल करें।) उन्होंने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, छात्रावासों और स्कूलों में भी योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह, बृजलाल सिंह राठौर, जिला पंचायत सदस्य गवास, राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, वनमंडलाधिकारी ग्रीष्म चांद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, अतिरिक्त कलेक्टर नम्रता डोंगरे, एसडीएम ऋचा चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अमित बैग, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा सहित जिले के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। नशा मुक्ति शपथ और हरित क्रांति की शुरुआत-कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इसके बाद विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण कर जिले में हरित क्रांति की शुरुआत की। जिले का यह आयोजन न सिर्फ योग, बल्कि स्वस्थ जीवन, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा। यह आयोजन आने वाले समय में जिले की सकारात्मक और स्वस्थ दिशा की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक बन गया।

जन संवाद से जनकल्याण ही विष्णु के सुशासन का उद्देश्य - अरुण साव

डिप्टी सीएम ने जनदर्शन में सुनीं जनता की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

मुंगेली, 21 जून (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका लोरमी स्थित विश्राम गृह में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आमजनों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन संवाद से जनकल्याण ही विष्णु के सुशासन का उद्देश्य है। ''जनता से सीधा संवाद शासन की जवाबदेही का प्रतीक है।'' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, राशन, पेंशन, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार और राजस्व से जुड़ी समस्याएं रखीं। उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ा और संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में कुल 152 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्राम नारायणपुर की आरती साहू ने नवीन राशन कार्ड, कृष्ण कुमार मिश्रा ने ऋण पुस्तिका, फूलचंद साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधित कई लोगों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि जनदर्शन में मुख्य रूप से खाद्य, विद्युत, राजस्व एवं वन विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को जन समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनकर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमण्डलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के पर्यटन स्थलों में हुआ योगाभ्यास, स्वास्थ्य, संस्कृति और पर्यटन का बना त्रिसंगम

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (देशबन्धु)। 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले में इस बार एक नई और सार्थक पहल देखने को मिली। जिला पर्यटन समिति के सहयोग से जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास, व्यायाम और आसनों का आयोजन किया गया। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन स्थलों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार देना भी था।

पर्यटन स्थलों पर योग आयोजन कर यह संदेश दिया गया कि यात्रा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक शांति प्राप्त करने का सशक्त माध्यम भी हो सकती है। प्राकृतिक वातावरण में योगाभ्यास करने से शरीर और मन को अधिक ऊर्जा मिलती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित होता है। योग- भारत की वैश्विक सांस्कृतिक पहचान

योग आज पूरी दुनिया में भारत की एक वैश्विक पहचान बन चुका है। पर्यटन स्थलों पर योग का आयोजन इस पहचान को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारत की आध्यात्मिक पर्यटन (Spiritual Tourism) की छवि और मजबूत होती है।

'स्वास्थ्य, संस्कृति और पर्यटन' का त्रिसंगम

विश्व योग दिवस पर पर्यटन स्थलों में योग का आयोजन वास्तव में (स्वास्थ्य, संस्कृति और पर्यटन) के त्रिसंगम को दर्शाता है। यह पहल पर्यटन को सिर्फ दृश्य आनंद तक सीमित रखने के बजाय उसे एक समग्र जीवनशैली सुधारने वाला अनुभव बनाने की दिशा में जिले द्वारा किया गया एक उत्कृष्ट प्रयास है

पर्यटन स्थलों पर आयोजित योग कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यटकों ने प्राकृतिक वातावरण में योग करने के इस अनुभव को बेहद सकारात्मक और प्रभावशाली बताया। प्रशासन द्वारा इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वास्थ्य और संस्कृति को जोड़ते हुए पर्यटन को एक नए आयाम में विकसित किया जाए।

विश्व योग दिवस पर जिले में किए गए इस आयोजन ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और मजबूत करने का काम किया है। आने वाले वर्षों में इसे और अधिक व्यापक और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

तखतपुर में भी योग दिवस मनाया गया

तखतपुर 21 जून (देशबन्धु)। में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की योग थीम (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग) के अनुरूप कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शुभदा रहालकर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में योग को जीवन शैली में शामिल करने की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का साधन बताया। कार्यक्रम के संयोजक शोभाराम टाइगर (क्रीड़ा अधिकारी) के निर्देशन में छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को योग के विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। योग अभ्यास में विशेष रूप से अनुलोम-विलोम, कपालभाति, त्रिकोणासन आदि शामिल रहे, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों ने श्वसन, संतुलन एवं लचीलापन सुधारने की तकनीकों को समझा। कार्यक्रम में ऋचा जांगड़े एवं अनुश्री पाण्डेय ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित रूप प्रदान किया। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया तथा नियमित योग करने का संकल्प लिया।

नपा ने मण्डी प्रांगण मे योग सत्र आयोजित किया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग सत्र का आयोजन नया मंडी प्रांगण में नगर पालिका परिषद तखतपुर द्वारा आयोजित किया गया। सत्र का प्रारंभ आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक मनीष सोनी एवं मुकेश वर्मा द्वारा किया। जिसमें उपस्थितजनों को विभिन्न योगासन कराए गए। सत्र की शुरुआत प्रार्थना से करते हुए विभिन्न चालन क्रियाएं और योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन आदि कराए गए। इसके पश्चात कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रामरी प्राणायाम आदि कराये गए और अंत में दस मिनट के ध्यान सत्र के बाद एक संकल्प एवं शांति पाठ के साथ योग सत्र का समापन हुआ। सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा नेता संतोष कौशिक ने श्वांस का महत्व बताते हुए चंद्र एवं सूर्य नाड़ी की प्रक्रियाओं एवं उसके लाभ को विस्तार से समझाया। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि वह पिछले तीस वर्षों से योगासन कर रही है और उसके लाभ से परिचित हैं तथा सभी को इसे अपनाना चाहिए और यह समाज को स्वस्थ बनाने के लिए एक अत्यंत जरूरी कदम है। भाजपा नेता मुन्ना साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा इसे विश्व स्तर पर पहुँचाये जाने की बात कही। आभार प्रदर्शन सीएमओ अमरेश सिंह ने किया। इसके बाद हरित योग के तहत नया मंडी परिसर में वृक्षारोपण किया गया। योग सत्र में अनुविभागीय अधिकारी शिव कुमार कवर, सीईओ जनपद पंचायत सत्यव्रत तिवारी, कृष्ण कुमार साहू, राजेश तिवारी, गुलजीत खुराना, दिनेश राजपूत, काशी देवांगन, लवली हूरा, जसप्रीत हूरा, पूजा गुप्ता, अजय देवांगन, नैनलाल साहू, तिलक देवांगन, परवेज भारमल, उपेंद्र सिंह खुराना, लक्ष्मी देवांगन, महेश तोलानी, शिव देवांगन, शिवनाथ यादव, हनी पांडेय, किशन सचदेव, डॉ अभिषेक जायसवाल, लव पांडेय, राजेश सोनी, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका व जनपद पंचायत के कर्मचारी, आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य व नगर के गणमान्य नागरिक, स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

योग से ही संभव है स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन -अरुण साव

मुंगेली, 21 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में ''योग संगम, हरित योग'' थीम पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, मेनका प्रधान, एसडीएम पार्वती पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित रहे।योगाचार्य विवेक केशरवानी एवं पुरुषोत्तम जायसवाल द्वारा योग और प्राणायाम की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया गया। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, बुजुर्गों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग दिवस को सार्थक बनाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, (आज की व्यस्त जीवनशैली में योग ही वह मार्ग है जिससे हम स्वस्थ शरीर, शांत मन और अनुशासित जीवन प्राप्त कर सकते हैं। योग दिवस पर यह सामूहिक योगाभ्यास जनजागरूकता की दिशा में एक प्रभावी कदम है।) उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।विधायक पुन्नूलाल मोहले ने योग को शांति और आत्मसंतुष्टि का साधन बताया और आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दियाकलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बना है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

किया गया पौधरोपण

सामूहिक योगाभ्यास के उपरांत (एक पेड़ माँ के नाम) अभियान के तहत उपज मंडी परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बहेरा का पौधा रोपित किया और ''जल, वन, जन - एक प्राकृतिक प्रबंधन'' का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक मोहले ने पीपल, जिला पंचायत अध्यक्ष पांडेय ने बहेरा, कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नीम, एसपी भोजराम पटेल ने करंज और सीईओ प्रभाकर पांडेय ने आम का पौधा लगाया। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।उपमुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण को योग दिवस के साथ जोड़ने की इस पहल को सराहनीय बताया और आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह किया।

स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में सामूहिक योग अभ्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए (अंतरराष्ट्रीय योग दिवस) की संकल्पना को साकार करते हुए जिले में 21 जून 2025 को कृषि उपज मंडी मुंगेली में भव्य योग आयोजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, शासन-प्रशासन के अधिकारी, प्रेस क्लब के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वस्थ जीवन और समग्र कल्याण का संदेश दिया।कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7.00 बजे प्रारंभ हुआ। योग के बाद (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग) का संकल्प लिया गया और वृक्षारोपण भी किया गया।योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में सहायक है। योग अभ्यास में विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से शरीर और मन को जोड़ा जाता है। इसका उद्देश्य आत्म-जागरूकता बढ़ाना और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। नियमित योग से तनाव में कमी और मानसिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। इस योग दिवस में शासन-प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, प्रेस क्लब सदस्य और आम नागरिकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में मनाया गया विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस, लोगों को किया गया जागरूक

मुंगेली, 21 जून (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि यह दिवस सिकल सेल रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसमें हीमोग्लोबिन की असामान्यता के कारण लाल रक्त कोशिकाएं सिकल (हंसिया) के आकार की हो जाती हैं। इससे रक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे तीव्र दर्द, अंग क्षति और जीवन प्रत्याशा में कमी जैसे गंभीर परिणाम हो सकते हैं। डॉ बंजारा ने बताया कि इस रोग में क्रोनिक एनीमिया, थकान, कमजोरी, शरीर में पीलापन, हड्डियों, छाती, पीठ, बांहों और पैरों में तीव्र दर्द (सिकल सेल क्राइसिस), शरीर की वृद्धि में विलंब जैसे लक्षण देखे जाते हैं। हालांकि, सिकल सेल रोग के लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं, जिनमें दर्द प्रबंधन, संक्रमण का उपचार, रक्त आधान, आवश्यक दवाएं और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को इस बीमारी के लक्षणों, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी दी गई तथा डॉक्टर से समय पर परामर्श लेने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य केंद्र में कुल 75 मरीजों का परीक्षण व उपचार किया गया, जिनमें से 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के 25 लोगों की सिकल सेल की जांच की गई। इनमें से एक व्यक्ति सिकल पॉजिटिव पाया गया, जिसे उचित परामर्श और चिकित्सा सुविधा दी गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री ने किया ...

निकालें। इससे न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। उन्होंने जेनेरिक दवाओं के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये दवाएं प्रभावी, सुलभ और किफायती हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि योग से बच्चों का मन शांत होता है और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित होता है।

अगले सत्र से बदल जाएंगी ...

राज्य एनसीईआरटी अर्थात राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के पाठ्यक्रम को कुछ बदलाव के साथ अडॉप्ट कर रहे हैं।

एआई को भी पाठ्यक्रम में जोड़ने की कवायद-छात्रों के स्कूली पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टॉपिक को भी जोड़ने की कवायद चल रही है, ताकि छात्र आधुनिक टेक्नोलॉजी से भी अपडेट रहें। रोबोटिक्स के बारे में भी छात्रों को पढ़ाया जाएगा। हालांकि, कौन सी कक्षा में इन टॉपिक को जोड़ा जाएगा, यह अब तक निर्धारित नहीं किया जा सका है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इसके लिए विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम सिलेबस और बदलावों पर कार्य रही है।

समायोजन प्रक्रिया विवाद पर ...

अभ्यावेदन (कोर्ट में किसी मांग को लेकर आवेदन देना) प्रस्तुत कर सकते हैं। समिति नियमानुसार निर्धारित समय में निर्णय देगी।

कोर्ट का आदेश- 25 जून को समिति के समक्ष हों उपस्थित-सुनवाई के बाद जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच ने शिक्षकों को अंतरिम राहत देते हुए कहा कि वे आगामी पांच दिनों के भीतर संभागीय युक्तियुक्तकरण अधिकारी (जेडी) रायपुर के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देश दिया गया है कि 25 जून को समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रखें, और समिति को अगले 7 कार्यदिवस के भीतर खंड 7(सी)(3) के प्रावधानों के तहत फैसला सुनाना होगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित छ.ग. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकार के आदेश क्रमांक 1938/ DEIAA/EC/JANJ./2016 JANJGIR Dated 28.01.2017 के द्वारा राकेश कुमार बैसवार की ग्राम करमंदा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. की निम्न चुना पत्थर खदान (2.10एकड़) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उक्त पर्यावारणीय स्वीकृति आदेश की एक प्रति छ.ग. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायपुर के समक्ष सुरक्षित है तथा उक्त आदेश को छ.ग. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकरण की वेबसाइट www.envior.nic.in पर भी देखा जा सकता है। अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
राकेश कुमार बैसवार

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित छ.ग. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकार के आदेश क्रमांक 1953/ DEIAA/EC/JANJ./2016 JANJGIR Dated 28.01.2017 के द्वारा शिव कुमार बैसवार की ग्राम देवरहा एवं पिसौद तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. की खनिज मिट्टी (ईट) (3.587 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की एक प्रति छ.ग. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायपुर के समक्ष सुरक्षित है तथा उक्त आदेश को छ.ग. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकरण की वेवसाइट www.envior.nic.in पर भी देखा जा सकता है। अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
शिव कुमार बैसवार

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MANJU LATA AGARWAL W/O ALOK AGARWAL resident of PETROL HOUSE , WARD - 35 PARSABHATHA BALCO BALCO NAGAR , KORBA (C.G.) have changed my old name MANJU LATA AGARWAL W/O ALOK AGARWAL so in future I should be recognized by my new name that is MANJULATA AGRAWAL W/O ALOK KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

MANJULATA AGRAWAL
PETROL HOUSE , WARD - 35
PARSABHATHA BALCO
BALCO NAGAR , KORBA
(C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ALOK AGARWAL S/O SURAJBHAN AGRAWAL resident of PETROL HOUSE , WARD - 35 PARSABHATHA BALCO BALCO NAGAR , KORBA (C.G.) have changed my old name ALOK AGARWAL S/O SURAJBHAN AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is ALOK KUMAR AGRAWAL S/O SURAJBHAN AGRAWAL in all Government and other documents.

ALOK KUMAR AGRAWAL
PETROL HOUSE , WARD - 35
PARSABHATHA BALCO
BALCO NAGAR , KORBA
(C.G.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई- निविदा

क्रम रा. (1) ई-निविदा सख्याः डीआरएम- इंजी. बीएसपी-टी-70-25-26, दिनांक 16.06.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत (1) अनूपपुर-कटनी सेक्शन में अमलाई, बुढ़ार, मुदरिया, करकेली, रुपोड, बधवाबारा (बीडीडब्ल्यूए) आदि के प्लेटफॉर्म को ऊपर उठाने/उन्नयन करने का प्रावधान और (ii) छड़ा पैसेंजर हॉल्ट पर उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, यात्री शेड, एफओबी बुकिंग काउंटर का निर्माण और अन्य विविध कार्यों का प्रावधान।, **निविदा मूल्य (रु) :** 34,46,11,338.60, **अमानत राशि (रु) :** 18,73,100.00, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 18 माह, **निविदा जमा करने की आरंभ तिथि:** दिनांक 26.06.2025 से, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक 10.07.2025 के 11-00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएंगी।

CPR/10/PR/107 मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-68-25-26, दिनांक: 11.06.2025.
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेल की ग्राइंडिग और जाम हुये ईआरसी को खोलना, फिश प्लेट्स को ग्रीस करना, चेक रेल बनाना, चेयर प्लेट्स को बदलना, टूटे हुए स्क्रू को बदलना इन्सर्ट की सुधार जैसे विविध कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 96,27,332.75. **अमानत राशिः** ₹ 1,92,600.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्याः डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-69-25-26, दिनांक: 11.06.2025.
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दोहरी आरसीसी बॉक्स के प्रावधान द्वारा पुल संख्या 19के डाउन का पुनर्निर्माण, रेल ओपनिंग पुलों को आरसीसी बॉक्स पुल से प्रतिस्थापित करना और पुल संख्या 46ए अप, 44ए अप, 43ई अप, में आरसीसी बॉक्स द्वारा ईडब्ल्यू पाइप का प्रतिस्थापन करना। **निविदा मूल्यः** ₹ 9,37,28,521.54. **अमानत राशिः** ₹ 6,18,700.00. **कार्य पूर्णता की अवधिः** 18 माह।

क्र.संख्या 1 व 2 के लिए समानः निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 23.06.2025 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 07.07.2025 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/99 द.पू.म.रे.,बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

देश

उवाच "भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, अपनी प्रस्तावित राष्ट्रीय वन नीति के माध्यम से अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों को कमजोर करने और वन संसाधनों तथा खनिज संपत्ति को निजी कंपनियों को सौंपने का प्रयास कर रही है।

–तम्मिनेनी वीरभद्रम,माकपा नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	31°	28°
मुंबई	31°	27°
कोलकाता	32°	28°
चेन्नई	35°	28°

योग भारत की चेतना व विरासत का केंद्र : मुर्मु

इलाज से बेहतर रोकथाम की भावना को साकार करता है योग : द्रौपदी मुर्मू

देहरादून, 21 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून में 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ करते हुए योग को भारत की चेतना और विरासत का केंद्र कहा तथा इसे भारत की सॉफ्ट पावर का भी सशक्त उदाहरण बताया।

■ राष्ट्रपति ने देहरादून में किया 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ

राष्ट्रपति ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है; तो परिवार स्वस्थ रहता है और जब परिवार स्वस्थ रहता है; तो देश स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी को योग को जीवन जीने का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी तथा सभी संस्थाओं से अपील की कि योग को जन सुलभ बनाया जाए।

योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय का नहीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आगे कहा कि योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय से जुड़ा नहीं है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने सभी से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इसे दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को रोकने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने में कारगर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कहा, यह अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। योग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कुवैत की योग साधक शीखा शेखा अली अल-जबर अल सबा का उल्लेख किया, जिन्हें योग को बढ़ावा देने और इसके माध्यम से संस्कृतियों को एकीकृत करने के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था।

उत्तराखंड में पांच नए योग हब्स की होगी स्थापना सुबोध उनियाल

उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से उत्तराखंड के तैयार की गई भारत की पहली योग नीति–2025 की विशेषताएं और लक्ष्य बताए। उन्होंने कहा कि यह नीति भारत का पहला योग उद्यमिता और अनुसंधान हब बनाएगी। इसमें योग और ध्यान केंद्रों की स्थापना हेतु अधिकतम 20 लाख रुपए तक का पूंजीगत अनुदान है। योग अनुसंधान कार्यों के लिए 10 लाख रुपए तक का शोध अनुदान। मौजूद संस्थानों में योग को बढ़ावा देने के लिए योग अनुसंधान एवं पारिश्रमिक प्रतिपूर्ति की व्यवस्था है। योग शिक्षकों के प्रमाणन के लिए योग सर्टिफिकेशन बोर्ड के माध्यम से प्राप्त प्रमाणन को प्राथमिकता दी जाएगी तथा योग निदेशालय की स्थापना को भी इसकी कार्य योजना में सम्मिलित किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने उत्तराखंड की योग नीति 2025 के लक्ष्य बताते हुए कहा कि वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में कम से कम पांच नए योग हब्स की स्थापना की जाएगी।

मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर्स में योग सेवाओं की उपलब्धता रहेगी। समुदाय आधारित माइंडफूलनेस कार्यक्रम की शुरुआत जो विभिन्न आयु, लिंग और वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जाएंगे। योग संस्थाओं का शत- प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। एक विशेष ऑनलाइन योग प्लेटफार्म विकसित किया जाएगा तथा मार्च 2028 तक 15 से 20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ साझेदारी विकसित करने का भी इसमें लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह योग्य नीति राज्य के पारंपरिक ज्ञान, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक धरोहर को समसामयिक अवसरों से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

योग भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक का हिस्सा : गुरमीत सिंह

राज्यपाल ले.जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का हिस्सा है जिसने संपूर्ण विश्व को जोड़ने का कार्य किया है। प्रसन्नता की बात है कि आज यह दिवस न केवल भारत के लिए अपितु संपूर्ण विश्व के लिए स्वास्थ्य, शांति और समरसता का प्रतीक बन चुका है। राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की प्रक्रिया है। यह आत्मानुशासन, संयम, और मानसिक शांति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग एक वैश्विक अभियान बन चुका है, और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि दुनिया भारत की इस विरासत को स्वीकार करके और अपनाकर लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। भारत की सनातन सोच ''वसुधैव कुटुम्बकम्' की वैश्विक अभिव्यक्ति है जो हमें याद दिलाता है कि हमारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण और हमारी सामाजिक संरचना-सभी परस्पर गहराई गूंथे हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड जैसी आध्यात्मिक और प्राकृतिक भूमि पर योग का अभ्यास विशेष महत्व रखता है। उन्होंने इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दें।

सरकारी राशि से अपनी एक रैली में मोदी कर रहे सौ करोड़ खर्च : तेजस्वी

■ राजद नेता ने मोदी के बिहार दौरे को लेकर उठाए सवाल

पटना, 21 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी अपनी एक रैली में 100 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के दौरे को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकारी राशि से अपनी एक रैली में 100 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं।

यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा, सरकारी खर्चे से यानी जनता की पॉकेट से प्रधानमंत्री की एक रैली का खर्चा 100 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा पिछले पांच चुनावों में प्रधानमंत्री बिहार में 200 से अधिक रैली एवं जनसभा कर चुके हैं। इसलिए जनता की जेब से निकला कुल खर्च 20 हजार करोड़ है। जीं हां 20 हजार करोड़। नेता प्रतिपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोजन का बहाना है सरकारी लेकिन प्रयोजन है प्रचार चुनावी। यादव ने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार जैसे गरीब राज्य को कुछ दे नहीं सकते तो लेते भी क्यूं हो। उन्होंने कहा कि रैलियों के माध्यम से बिहार की जनता का 20 हजार करोड़ लूटने और लुटाने वाले गुनहगार ऊपर से ईमानदार, तारणहार और खेवनहार बनने का नाटक रच रहे है और हाँ जनता की पॉकेट मारने वाले को पॉकेटमार ही कहा जाता है, मददगार नहीं।

विपक्ष को गाली देने के लिए बिहार आते हैं मोदी

तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सरकारी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री केंद्र की 11 वर्षों एवं बिहार की 2 वर्षों की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियों एवं खामियों इत्यादि का ज़िक्र ना कर के केवल विपक्ष को गाली देने के लिए बिहार आते है तथा एक कार्यक्रम पर जनता की जेब से 1 करोड़ रुपए खर्च निकलवाते है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि चालाकी से अपने प्रचार-प्रसार और चेहरा चमकाने के लिए जनता की जेब से हजारों करोड़ रुपए निकलवाने वालों को आप क्या कहेंगे।

सार संक्षेप

जम्मू-कश्मीर में उत्साह से मनाया गया योग दिवस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बर्फ से ढके पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक तथा सीमाओं से लेकर शहरों तक उत्साह के साथ मनाया गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने योग उत्साहियों का नेतृत्व किया और निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन किया। आज की भाग-दौड़ की जिंदगी व तेजी से बदलती दुनिया में योग का महत्व अतुलनीय है।

युद्ध प्रभावित ईरान से 16 श्रमिक सुरक्षित बेंगलुरु लौटे

बेंगलुरु। इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान में फंसे कर्नाटक के गौरीबिदनूर तालुक के अलीपुर गांव निवासी 16 लोग सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ईरान में भारत के एक ही गोव के 16 लोग काम कर रहे थे। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ये लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए। बम एवं गोलियों की आवाजों से घिरे तनाव और भय के माहौल में वे वहां रहने को मजबूर थे।

मोहन यादव ने हेडगेवार को की श्रद्धांजलि अर्पित

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां भारती के अनन्य उपासक श्रद्धेय हेडगेवार अनुशासन और संगठन शक्ति के द्वारा भारत को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए संकल्पित थे। राष्ट्र निर्माण के लिए उनके प्रखर विचार, कृतित्व एवं अद्भुत व्यक्तित्व राष्ट्रसेवकों का सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

अन्नाद्रमुक विधायक अमूल कंडासामी का निधन

चेन्नई। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के विधायक अमूल कंडासामी का शनिवार को कोयंबटूर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 6 वर्ष के थे। कंडासामी को कुछ दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ने से आज दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 221 के राज्य विधानसभा चुनाव में वलपराई विधानसभा क्षेत्र से चुने गए थे। कंडासामी क्षेत्र में सम्मानित नेता होने के साथ-साथ एमजीआर यूथ विंग के उप सचिव भी थे। उन्होंने पार्टी में छात्र विंग सहित विभिन्न पदों पर रहे थे। अन्नाद्रमुक महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने अमूल कंडासामी के निधन पर शोक व्यक्त किया और एक प्रमुख पदाधिकारी और विधायक के रूप में पार्टी के लिए उनकी सेवाओं को याद किया।

उम्मीद है इजरायल-ईरान युद्ध जल्द समाप्त हो जाएगा : उमर

श्रीनगर, 21 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकलेगा। अब्दुल्ला ने गांदरबल में मीडियाकर्मियों से शनिवार को बातचीत के दौरान चेतावनी दी कि अगर इजरायल और ईरान के बीच और तनाव बढ़ा तो बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा, हम केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि ऐसा युद्ध न हो, क्योंकि स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर है। मुझे समझ में नहीं आता कि इजराइल ने ईरान पर किस आधार पर हमला किया। कुछ दिन पहले ही, अमेरिकी खुफिया विभाग के प्रमुख ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अमेरिका ने कुछ हफ्ते पहले ही यह कहा था, तो फिर इजरायल ने ईरान पर हमला क्यों किया। जाहिर है, इसके पीछे कुछ राजनीतिक मकसद हैं। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध जल्द ही समाप्त होगा और बातचीत के माध्यम से कोई समाधान निकलेगा।

■ बातचीत के माध्यम से समाधान निकलने की जताई उम्मीद

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

बुजुर्ग-दिव्यांग व विधवा पेंशन में तीन गुना बढ़ोतरी

■ वृद्धजनों व विधवा महिलाओं को अब प्रतिमाह मिलेंगे 11 सौ रुपए

पटना, 21 जून (एजेंसियां)। बिहार में इस साल अक्टूबर और नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले बिहार सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना राशि में बढ़ोतरी की है और बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दी है। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। सरकार के इस फैसले के बाद से महिलाओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सीएम का बहुत योगदान है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा यह ऐतिहासिक निर्णय लाखों महिलाओं के साथ व्यापक बातचीत के बाद लिया गया है। प्राप्त फीडबैक और सुझावों के आधार पर, मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लगभग एक हजार रुपये देने का फैसला किया, जो लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। डबल इंजन की सरकार का फायदा लोगों को मिल रहा है, संकल्प और वचनबद्धता दिखाई पड़ रही है। एक लाभार्थी महिला ने कहा बैंक ऋण का बोझ कम हो गया है, पेंशन राशि बढ़ा दी गई है और पंचायत स्तर पर विवाह भवन बनाए जा रहे हैं, जो एक अच्छा कदम है। पेंशन 400 से बढ़कर 1,100 रुपए हो गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री को बहुत बधाई। एक स्थानीय महिला ने सरकार के फैसले पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि हमने कभी सोचा नहीं था कि भईया (सीएम नीतीश कुमार) से मिलेंगे और सेल्फी खिंचवाएंगे। एक अन्य स्थानीय महिला ने कहा कि 400 रुपए से घर नहीं चल पाता था, पेंशन बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बहुत बधाई। वहीं, जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास की अपनी यात्रा में और एनडीए सरकार के तहत विधवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन और सभी पात्र लाभार्थियों को धर्म या जाति के आधार पर नहीं बल्कि पूरी तरह से उनकी पात्रता के आधार पर पेंशन देने का फैसला किया। इसके तहत पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1,100 कर दिया गया, जिसका भुगतान हर महीने की 10 तारीख को किया जाएगा।

जुलाई महीने से बढ़ी हुई दर पर मिलेगी पेंशन

सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 1 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे लिखा, वृद्धजन समाज का अमूल्य हिस्सा हैं। उनका सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और आगे भी रहेगी।

सांसद उपेंद्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

लॉरेंस विश्नोई के नाम से दी थी धमकी

पटना, 21 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा यानी आरएलएम के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को 19 जून को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस बात की जानकारी उपेंद्र कुशवाहा ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर दी थी। इस संबंध में उनके सहायक द्वारा सचिवालय थाने में केस दर्ज कराया गया था। जब पुलिस ने मामले की तफ्तीश की तब जो कुछ निकलकर सामने आया उसे जानकार पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा भी हैरान रह गए। धमकी देने वाले शख्स की पहचान सीवान के दरौली निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। जिसे पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। उसके पास से सिम कार्ड, मोबाइल, डायरी जब्त किया गया है। डायरी में कई लोगों का मोबाइल नंबर लिखा हुआ मिला है। राकेश ने उपेंद्र कुशवाहा सहित कई लोगों को कॉल किया गया था। जब राकेश से पूछताछ की गई तब उसने जो कुछ बताया उसे सुनकर पुलिस भी दंग रह गई। गुरुवार को देर शाम 7 बार कॉल करके राकेश ने उपेंद्र कुशवाहा को धमकीभरा कॉल किया था। लॉरेंस विश्नोई के नाम से 10 दिनों में खत्म कर देने की धमकी दी गई थी। पटना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले का उद्भेदन कर लिया। बता दें कि इससे पहले बॉलीवुड के सुपर स्टार सलमान खान, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी दी गई थी।

उपेंद्र कुशवाहा की ही पार्टी में था आरोपी

राकेश ने पुलिस को बताया कि वह पहले उपेंद्र कुशवाहा की ही पार्टी में था लेकिन उपेंद्र कुशवाहा की पॉलिसी और स्टेटमेंट से वो नाराज चल रहा था। इसलिए राकेश ने लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर उपेंद्र कुशवाहा पर हमला करने की धमकी दी थी। पटना एसएसपी ने बताया कि अभी तक यह बात सामने नहीं आई है कि राकेश का कनेक्शन लॉरेंस विश्नोई से था।

हेमंत सोरेन का सपना स्वस्थ झारखंड : इरफान अंसारी

रांची,21 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वयं भाग लेकर उपस्थित जनसमूह को योग के लाभ और महत्व के बारे में जागरूक किया। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योगप्रेमियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाता है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री सोरेन का सपना है कि झारखंड एक स्वस्थ और जागरूक राज्य बने, और स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

राजद विधायक रीतलाल यादव की अवैध संपत्ति होगी जब्त

■ 18 माफियाओं की संपत्ति जब्त करने का भेजा प्रस्ताव

पटना, 21 जून (देशबन्धु)। जेल में बंद दानापुर के राजद विधायक रीतलाल यादव की अवैध संपत्ति जब्त होगी। इसे लेकर न्यायालय में प्रस्ताव भेजा गया है। पटना पश्चिम के सिटी एसपी ने इस संबंध में जानकारी दी है। पटना पश्चिम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध तेजी से कार्रवाई की जा रही है। पटना पश्चिम क्षेत्र के 18 प्रस्ताव न्यायालय में भेजे गए हैं। दानापुर क्षेत्र में अपराध से अर्जित संपत्ति के मामले में राजद विधायक रीतलाल यादव के परिवार की भी संपत्ति जब्त करने को लेकर न्यायालय में आवेदन दिया गया है। पटना पश्चिम क्षेत्र से जिन 18 माफियाओं की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव भेजा गया है, उनमें बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया शामिल हैं। बता दें, 17 अप्रैल तो रीतलाल यादव और उनके छोटे भाई ने दानापुर कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर बेऊर जेल भेज दिया गया। उनके ऊपर बिल्डर से रंगदारी मांगने का आरोप था। उनके साथ दो अन्य लोगों ने भी सरेंडर किया है। इन सभी ने व्यवहार न्यायालय के एसीजीएम 5 के न्यायालय में आत्म समर्पण किया था। रीतलाल यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

पर्यटन पहलगाम हमले के बाद फिर से पटरी पर लौट रहा कश्मीर का पर्यटन उद्योग

प्रमुख यात्रा गलियारों में सुरक्षा उपायों को किया गया मजबूत

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 21 जून (देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के बाद बुरे वक्त को काटने वाले कश्मीरी अब अल्लाह का शुक्र अता करना नहीं भूलते क्योंकि कश्मीर की ओर टूरिस्टों के रूख ने उन्हें फिर से जीने और कश्मीर में ही टिके रहने की वजह दे दी है। हालांकि यह बात अलग है कि इस बार अमरनाथ यात्रा में हेलिकाप्टर सेवा पर प्रतिबंध अभी भी कश्मीर के हालात के प्रति शंका पैदा करते थे।

यह अब खुशी की बात है कि इस साल की शुरुआत में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जानलेवा हमले के बाद एक छोटे लेकिन गंभीर झटके के बाद, कश्मीर का पर्यटन उद्योग फिर से पटरी पर लौट रहा है। कश्मीर में उत्साहजनक आंकड़े और नए सिरे से आशावाद के साथ पर्यटन उद्योग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि 1 जून से 16 जून के बीच कश्मीर में 23,266 पर्यटक आए, जिनमें 448 विदेशी नागरिक शामिल थे – यह क्षेत्र की सुरक्षा और आतिथ्य में विश्वास को फिर से जगाने का एक आशाजनक संकेत है। पर्यटन में हाल ही में आई तेजी, कश्मीर के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में से एक है। पहलगाम की घटना के कारण बड़े पैमाने पर यात्राएं रद्द की गईं और होटल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों, कारीगरों और टूर ऑपरेटरों सहित हितधारकों को भारी नुकसान हुआ। हालांकि, जम्मू और कश्मीर प्रशासन के निरंतर प्रयासों से परिणाम मिल रहे हैं। अधिकारियों ने अप्रैल के हमले के बाद बंद किए गए आठ प्रमुख पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया है और सभी प्रमुख यात्रा गलियारों में सुरक्षा उपायों को स्पष्ट रूप से मजबूत किया गया है। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के पर्यटकों की वापसी बेहतर सुरक्षा माहौल में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। उद्योग से जुड़े हितधारकों में भी उम्मीद जगी है। पहलगाम के एक होटल व्यवसायी शब्बीर अहमद के बकौल, हम हमले के बाद तबाह हो गए थे। लेकिन अब, पर्यटकों के आने से, हम फिर से वापसी के संकेत देख रहे हैं। जून हमारी उम्मीदों से बेहतर रहा है और हमें जुलाई और अगस्त में भी अच्छी उम्मीद है। डल झील के शिकारा संचालक तारिक हुसैन ने भी यही भावना दोहराई थी। वे कहते थे कि एक समय था जब मेरे पास कई दिनों तक एक भी ग्राहक नहीं आता था। अब मुझे रोजाना पांच से छह ग्राहक मिलते हैं। ऐसा लगता है कि जिंदगी फिर से पटरी पर लौट रही है। सरकार के सुधार अभियान में बॉलीवुड हस्तियों, सोशल मीडिया प्रभावितों और लक्षित डिजिटल आउटरीच को शामिल करते हुए प्रचार अभियान भी शामिल हैं इन सभी का उद्देश्य कश्मीर की छवि को एक सुरक्षित और सुंदर गंतव्य के रूप में फिर से आकार देना है।

पहलगाम और गुलमर्ग जैसे प्रतिष्ठित स्थान बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करना जारी रखते हैं, हाल के 75 परसेंट से अधिक पर्यटक इन स्थलों को अपने यात्रा कार्यक्रम में शामिल करते हैं। जम्मू और कश्मीर के स्थानीय पर्यटकों ने भी पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

■ कश्मीर में एक से 16 जून के बीच आए 23,266 पर्यटक

हाना

बुढ़वा कौआं कांव कांव करे।
जब मनखे मन बुढ़ा जाथे कुछु काम नइ कर सकें। हाथ-पांव नइ चलय त बैठे बैठे चिल्लात रहिथे तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1. छंदझ्या–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवड्या– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

पाठ्य पुस्तक बनगे कबाड़

पाठ्यपुस्तक कबाड़ी तीर देखे के बाद खलबली मचगे। अभी पिछले शनिवार 14 जून के एक विडियो निकलिस। येमा देखाये गे रहिस हे के सांकरा स्कूल म संकुल समन्वयक पूर्णिमा वर्मा ह कबाड़ी मन ल स्कूल म बलाये रहिस हे अउ नि:शुल्क बांटने वाला पुस्तक मन ल बेचत रहिस हे। गांव वाला मन देख लिस अउ तुरंत ओखर विडियो बना लिन। पऊर बछर भी रायपुर ले आये पुस्तक मन ल सिलियारी के एक कारखाना म बेच देय गे रहिस हे। ओला तुरंत सस्पेंड कर देय गिस। शाला विकास समिति अध्यक्ष नोहर वर्मा घलो मौका म पहुंचिस अउ उच्चाधिकारी मन ल ये मामला के शिकायत करिस।

खैरागढ़ म 11 महीना पहिली एक सरकारी स्कूल के प्राचार्य ह अपन मनमानी करत स्कूल के 550 किलो किताब ल कबाड़ी ल बेच दिस। बजेस रुपिया किलो म स्कूल के प्राचार्य ह करीब 550 किलो किताब के 11000 रुपिया कमा लिस। मामला जब आगू म आइस त शिक्षा विभाग ह जांच के आदेश दिस।

जिले के छुईंखदान विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय म बलदाऊ जंघेल प्राचार्य पद म रहिस हे। ओखर ऊपर आरोप हे, के ओ ह छात्र-छात्रा मन बर आये किताब अउ ओखर प्रायोगिक फाइल मन ल रद्दी म बेच दिस।

ये किताब मन के छपाई म लाखों रुपिया हर बछर खर्च होथे। विद्यालय के पुस्तक प्रभारी मनोहर चंदेल ह जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ ल किताब बेचे के शिकायत करिस।

येखर बाद जिला शिक्षा अधिकारी ह गंडई के प्राचार्य ल जांच अधिकारी नियुक्त करके जांच करे के निर्देश देय रहिस हे। जांच अधिकारी ह 24 जुलाई 2024 के दोपहर 12 बजे प्राचार्य ल जांच बर स्कूल म उपस्थित होये बर बोले रहिस हे।

बताय गिस के बेचे किताब मन पिछले सत्र के रहिस हे। यदि पाठ्यक्रम म बदलाव नइ होय हावय त उही पुस्तक ल बांटे जाथे। अइसे म ये किताब मन बहुत झन लइका मन के काम आ सकत रहिस हे। मई 2023 में भी खैरागढ़ शहर के ही स्वामी आत्मानंद स्कूल के किताब मन ल रद्दी के भाव म बेचे गे रहिस हे। प्राचार्य कमलेश्वर सिंह ह लइका मन ल बांटे के करीब 100 किलो पुस्तक ल कबाड़ी ल बेच दिस। मामला सामने आये के बाद कमलेश्वर सिंह ल प्रभारी प्राचार्य के पद ले हटा के अस्थाई रूप ले शासकीय विद्यालय कांचरी म ट्रांसफर कर देय गिस।

ये मामला म विभाग जांच नइ करवा पाइस। विभागीय लीपापोती आज तक चलत हावय। जांच होवत हे कहिके सब बांच जथें। सरकार द्वारा करोड़ों रुपिया खर्च करके किताब मन ल छपवाये जाथे अउ नि:शुल्क बांटे जाथे। काबर के आर्थिक रूप ले कमजोर वर्ग के लइका मन ह किताब नइ ले सकंय त पढ़ाई ले वंचित नइ रहि जायें। थोरिक पइसा के लालच म आ के लइका मन के किताब ल रद्दी के भाव म बेचत हावंय। पिछले बार के घटना के तो जांच ह लटके हावय फेर अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह पाठ्यपुस्तक निगम के महाप्रबंधक ल निलंबित कर दे हावय। कुछ मन विद्या दान परम दान के तहत कापी पुस्तक बांटथें। कुछ मन फीस के पइसा दे देथें। सरकारी नौकरी अउ शिक्षक ह पाठ्यपुस्तक ल बेच के हजार दस हजार रुपिया एक बेर कमा लिही त काये बिल्डिंग बना लिही। आजकल तो तनख्वाह घलो बहुत मिलथे। अतेक पइसा के का कमी हावय।

येला रोके बर किताब के पूरा हिसाब रखवाना चाही। एक रिकार्ड रखना चाही। एक अधिकारी ल येखर जांच करे बर भेजत रहना चाही। किताब जब दो बछर ले पुराना होगे तब ओला बेचे बर आवेदन करना चाही। शिक्षा विभाग के स्कूल मन के ये भ्रष्टाचार ह बाकी के आगू म बहुत बड़े हावय। गरीब बर पुस्तक छापत हावंय अउ ओ ह उंखरे तीर नइ पहुंचय।

ये बछर ले सरकार ह बारकोड डाले हावय। स्कूल म कतका पुस्तक गे हावय ये बार कोड ल स्केन करके डालत हावंय। हर स्कू अलग अलग बारकोड हावय। अब कचरा म बेचे पुस्तक होवय या कबाड़ी तीर के पुस्तक होवय तुरंत पता चल जही के ये पुस्तक कहां ले आये हावय?

आज स्कूल के भवन, स्कूल के शिक्षक, मध्यान्ह भोजन सब बर सोचे के जरुरत हे। पुस्तक तो सरकार देवत हावय, स्कूल जाये बर साइकिल घलो मिलत हे। सबले बड़े बात हे शिक्षण विधि अउ संस्कार डालना। आज येखर तरफ भी ध्यान देय के जरुरत हे। छात्र एक शिक्षक ल चोरी करके पुस्तक बेचत देखही तब का होही ओखर उपर का संस्कार परही?

–सुधा वर्मा

आवव खंचवा खनन

जब स्वारथ सधाए के बात बेद कर सकथे तब मनखे ला तो सीख उंहिचे ले मिलथे। अभिमन्यु कुल के मन पेट भितर ले ईर्ष्या, द्वेष राजनीति खुराफाती ला सीख के आथें। तब तोर शिक्षा ज्ञान धरम करम दर्शन के गोठ ला सीख के का करम ठठाहीं। देश दुनिया के बात छोड़ सग भाई हर भाई ला गिराय के उदिम करत मिलथे। तोर घर के अलहन मा परोसी मुसकात रेंगथे।

हमर देश मा जतका महापुरुष मन जनम धरिन, का जरूरत रिहिस रापा-कुदारी धरके खंचवा पाटे के? बने सब झन अपन म मस्त मौला जीयत हे ओइसने रहि लेतिन अउ बरोबर करके ये दुनिया मा खूंटा गाड़ के रहना तो नइये। आखिर मा तोला अढ़ाई गज के गड्ढा मा पाट देहीं। फेर उंकर सोच रिहिस कि उपर वाले हर ये धरती मा मनखे जोनी मा भेजे हे तौ हमरो थोर बहुत फरज बनथे कि हम सब आदमी ही बनके रहन। अब मुहरन गत गड़हन तो आदमी के तो हे फेर दानवी सुभाव हर मनखे के मूंड़ी चढ़के नाचत हे। जिंकर मनके चेतना जागिस वो मन आदमी के बीच कोनो गड्ढा झन रहय कहिके नंगत जोर लगा के काम करिन।

सबले पहिली संत शिरोमणि घासीदास जी भिड़िस। मनखे मन सब बरोबर होके डिपरा मा रहय कहिके एक समान के ज्ञान वाले रापा कुदारी मा बरोबर करे के जोखा लगाइन। एक झन बपुरा गरीब कबीर जी ठेही मार-मार के धरम पाखंड आडंबर के खंचवा ले तिर-तिर के निकाले बर लिख-लिख के कुड़ही रख दिस। असर ये हे कि जेकर ले मनखे बचके रहय गड्ढा मा झन झपाय किहिस, उही गड्ढा मा जाके कबीर के अनुयायी बने हें। इंकरे लगे-लगे स्वामी विवेकानंद जी पागा बांध के देश दुनिया के खंचवा पाटे बर निकल पड़िस। आदत आचरण मा सदाचार खुसेर के आत्मा परमात्मा के बीच के खंचवा पाटे के उदिम करिस। ओकर ले आत्मज्ञान अतका बाढ़िस कि प्रवचन कथा बर जगा कम होवत दिखथे। मनखे कतका आत्मा परमात्मा के रहस्य ला जान पाइन वो ये बात ले समझ मा आथे कि हवन पूजन मा चढ़ौतरी के वजन जादा होना चाही। ए डहर गांधी बबा ठेंगा धर के चल पड़िस। ओ मन ऊंच-नीच छुआछूत के खंचवा पाटके समाजिक समरसता अउ एकता लाने के उदिम करिस। मनखे के समरसता के बीच परे कचरा ला सफा करे के नतीजा आज सुग्घर ढंग ले सफाई अभियान बर स्वच्छ भारत चस्मा मा लिख के देखत हे। ओकर पिछलगहा साहेब जी जेला आम्बेडकर के नाम ले जानथें। ओहू अपन कोती ले बिकट कोशिश करिस कि समानता हक के संगे संग कुप्रथा ले बाहिर लिकलय। अपन नाम के झंडा जम्मो दुनिया मा गड़ा डारिन। ओकर उंचहा सोच अउ सजग मनखे होय के दुनिया मा सर्टिपिकट के जरूरत नइ परिस। मनखे हक अउ कायदा मा रहय एकर बर सइघो संविधान लिख के धरा दिस। आज उही संविधान के मान सम्मान मा फकत संसोधन हर मूल अधार हे। जेकर ले खँचवा डिपरा मा कतका समानता लाही या आवत हे सबके नजर हे। पहिली गड्ढा मा ढकेलत हे फेर सरहा डोरी के सहारा देके उप्पर चघावत हें।

जतका इतिहास के युग पुरुष होइन, का जरूरत रिहिस ये सब काम ला अपन हाथ मा लेय के। इन मन ला सब के ज्ञान सतबुद्धि रिहिस, फेर ये नइ जान पाइन कि इहाँ जतके गड्ढा पाटबे ओतके खने कोड़े के रिवाजिक काम होथे एक ठन हर पटाय नइ रहय दूसर खाँचा तइयार मिलथे। मनखे समाज बर आदर्श के उदाहरण तो बनगे, फेर इँकर सोच अउ मनखे समाज बर देखे सपना सब गड्ढा मा जावत हे। अइसन दसा मा गाँधी जी उप्पर डहर ले चस्मा पोंछ के देखत होही अउ खुश होही कि मँय इँकर बीच ले जल्दी निकल गयेँव कहिके। स्वामी जी मूँड़ के पागा हेर के मुँह ढाँकत होही एकर सेती कि ये मनखे मन झन दिखय। सौ मन साबुन आज के मानसिक चिटियाहा मन ला कतका उजराही। जिकर मन हिरदे मा कजरी भरे हे तिँकर मन बर कोन किसम के साबुन धरके कते तपसी अवतरही। अउ सार बात ये हे कि आदमी के बीच कोनों जुग काल मा समानता समता आयेच नइये। हवे तो फकत खँचवा। अउ कोनो जगा काकरो बीच खँचवा नइये तौ वो जगा आपसी खाँचा कोड़के पुन्य लाभ ले सकत हव।

बियंग

खंचवा काकर बीच नइये घर परिवार समाज गांव, शहर, देश। देश के बीच खँचवा हे। भाईगिरी के जमाना मा भाईचारा बटइया भाई दिखय ना चारा। दमदार मन डिपरा मा हे अउ लिल्हर मन दहरा मा उबुक-चुबुक होवत हें। मौका के ताक मा सब बइठे हें, कि कतिक बखत काकर बर खंचवा कोड़े जाय। जेकर ले आगू वाले बोजा जाय जेकर ले हमर बोलबाला होय। खुराफाती तकनीक ले काकरो तरक्की मा अड़ंगा डारे के सफल प्रयास होना चाही। बनत ला बिगाड़ अउ सुम्मत ला उजाड़ मनखेपन के मूल अधार होना चही खुद से नइ होवय तब संगवारी बना। दूसर बर गड्ढा कोड़इया खुदे झपाथे ये बात जुन्ना होगे। आगू वाले नइ बोजाही तब तक चैन से बइठना आत्मा ला गवाही नइ मिलय। काबर कि अपन तरक्की बर आगू वाले बाधक हो सकथे।

जौन ज्ञान उपदेश अउ करम ले महामानव मन खंचवा पाटे के रद्दा बनाइन ओकर ले जादा गड्ढा खनावत हे। कभू कभू अइसे लगथे कि ये मन साँप ला दूध पियाके चल दिस। एक दूसर बर दांत पिसना अउ गिराना आदमी के आचरण मा सामिल हो गेहे। ये दुनिया मा सुख समृद्धि ले रहना हे, आगू वाले ले अगुवाना हे तब खंचवा कोड़ना ही एक ठन सहज उपाय रहि जाथे। समाजिक समरसता एकता समानता अउ सद्भाव के रस पीबे तब नीज तरक्की के रसास्वादन लेय के पहिली अरझ के मरे के संभावना दिखथे। नेकी अउ परमार्थ के लफड़ा मा कोन पड़े। स्वारथ लाख करे सब प्रीति, सुर नर मुनि सबके यह रीति।

जब स्वारथ सधाए के बात बेद कर सकथे तब मनखे ला तो सीख उंहिचे ले मिलथे। अभिमन्यु कुल के मन पेट भितर ले ईर्ष्या, द्वेष राजनीति खुराफाती ला सीख के आथें। तब तोर शिक्षा ज्ञान धरम करम दर्शन के गोठ ला सीख के का करम ठठाहीं। देश दुनिया के बात छोड़ सग भाई हर भाई ला गिराय के उदिम करत मिलथे। तोर घर के अलहन मा परोसी मुसकात रेंगथे। तब समझ ले कि वो अपन अच्छा दिन के भान करत हे। ये पारा के कुकुर वो पारा के कुकुर ला देखके गुरेरत रथे तभे समझ मा आ जाथे कि सामाजिक समरसता के रसा कतका करू हे। फूट डालो अउ राज करव चाहे खँचवा खनव अउ आगे बढ़व एके बात आय। एक दिन सब ला गड्ढा मा जाके बोजाना हे। फेर जब तक जीवन हे आगू वाले बाजू वाले तिर तखार के वो मनखे जे तोर ले सजोर हे कमजोर करे बर ये काम चलते रहना चाही। कलेचुप रेहे ले जिनगी के रद्दा मा कभू नइ अगुवा सकस। आगू चलके पछतावा झन होवय। सम्पन्नता अउ सम्मान बर अतका काम ला फर्ज समझ के करना ही परथे। जिनगी मा कुछ नाम पहिचान बनाना हे सफल आदमी के पद पाना हे तब आवव हम सब एक दूसर बर खंचवा खनन। (का के बधाई 2019 ले)

राजकुमार चौधरी 'रौना'
टेड़ेसरा राजनांदगांव

नान्हे कहिनी

ससुरार

ममा गांव जाये बर तइयार होके जइसे फटफटी ला गली मा निकाले पाये रहेंव ठक ले एक झन रिश्ता मा जीजा मिलगे। मोला देखिच तहां ले मुस्कावत बोलिच—

–बन ठन के कहां ससुरार जावत हच का जी?

–ससुरार के नाम मत ले जीजा— मैं कहेंव।

–वाह! ससुरार के नाम काबर नहीं—ससुरार हा तो हम दमांद मन बर तीरथ धाम बरोबर होथे जी।

–होवत होही ककरो बर। मोर बर नोहय। मैं तो उहां जाबे नइ करवं।

–अइसे काबर?

–मोर ससुर ले रार होगे हे।

–का के सेती?

–देख ना जीजा मोर बाई ला डिलीवरी बर अस्पताल में भर्ती करे रहेंव। चालीस-पचास हजार रुपिया लगगे। ससुर हा आवय —देखय तहां ले मीठ-मीठ सुल्हार के चल देवय फेर पांच पइसा के सहायता नइ करिस।

–अच्छा ये बात हे। वो भला काबर रुपिया पइसा देही। बाई तोर, बच्चा तोर-जिम्मेदारी तोर।

वाह मोर बाई हा वोकर बेटी आय ना! बोल के रेंग देंव।

चोवा राम वर्मा 'बादल' हथबंद

एती ओती भटके बर मजबूर रेहेंव मेहा। जिनगी के थपेड़ा म जूझत-डूबत-उतरत-चढ़त मोर हालत आगू बोले नी सकिस। अब ओकर केवल आंखी के आंसू ह बोले लगिस। जुबान म आवाज नी बांचिस। अलबेला ले अजनबी बने के कहानी सुन ठाकुर घला अपन आंखी ल छेंके नी सकिस। गरम-गरम टप टप आंसू गिरे लगिस।

अजनबी

बिगन पनही के भदई फूटे गोड़। चिरहा सलूखा ले झांकत हाड़ा-हाड़ा दिखत देंह। मुड़ म लट असन मुरकुटाये बड़े-बड़े चुंदी। चेहरा म निराशा, घृणा अऊ द्वेष के भाव स्पष्ट दिखत रहय। अइसन हुलिया के मनखे ह खड़े-खड़े घूरत रहय लोगन ल अबड़ जुवर ले। ओकर लाल-लाल आंखी म अपन आंखी मिलात ठाकूर रंजीत सिंह जी ह ओला अपन तिर म बलइस। तिर म आके धम ले खुर्सी म बइठ गिस। जलपान करे के ठाकुर के आग्रह ल ना नुकुर करत अनमना हव किहिस। ठाकुर ह ओला भरपेट नास्ता करइस। चहा मंगवइस। ओकर क्षुधा ल शांत होवत देख ठाकुर साहेब ह ओकर नाव-गांव, पता-ठिकाना पूछे लगिस। ठाकुर के सब्बो प्रश्न के एके ठन उत्तर देवत चुप होगे ओहा।

मेंहा केवल अजनबी आव ठाकुर।

ठाकुर बहुत अनुभवी मनखे आय। भावुक मनखे ल छेंड़ना ओला नी जमत रिहिस। तभो ले ओकर बारे म जाने बर उत्सुकता घला रिहिस। ओहा ओकर दुखती नस ल धीरे-धीरे सहलावत छुये के कोशिस करे लगिस। ठाकुर साहेब ह पूछत कहे लगिस–तैंहा का बुता करथस? खाली होबे अऊ कुछु बुता करे के सोंचत होबे त बता ...तोर लइक बुता देवा देबो।

अजनबी ह ठाकुर के बात के बीचे म हव कहत मुड़ डोलइस अऊ बुता पूछिस।

ठाकुर किथे–मोला अपन नाटक मंडली ल फेर चालू करना हे। कुछ मनखे के कमी हे। एकाध के पूर्ति तोरे ले हो जाही।

अजनबी बिगन कुछ जाने हव कहि दिस।

पचास बछर पहिली के बात आय। सूरजपुर के नाटक मंडली ह सरी जगा म धूम मचा दे रिहिस। ठाकुर साहेब के मेहनत रंग लाइस। रावण अऊ कंस जइसे खलनायक के भूमिका म फिट अजनबी के कलाकारी म ठाकुर ल बनेच शोहरत मिलिस।

एक दिन ठलहा बइठे ठाकुर साहेब ह अजनबी ल बहुत खुश देख किहिस– तैं पहिली मिले रहिते ते मोला अपन नाटक मंडली ल बीच म बंद करे ल नी परतिस।

मेहा तो पहिली घलाव इही नाटक मंडली म अभिनय कर चुके हंव ठाकुर साहेब। अजनबी बताय लगिस।

ठाकुर चौंकगे। ओहा सन खा के पटवा म दतगे। ओकर मुंह उले के उले रहिगे। फेर ओला सुरता नी अइस के अजनबी ह ओकर नाटक मंडली म काय बुता करत रिहिस।

आपके नाटक मंडली म भरती होय से आखिरी तक मेहा राम के पाठ करत रेहेंव, सुरता करव। ओ सकत हे सुरता आ जाय।

ठाकुर ह अपन दिमाग म जोर लगाइस। नाटक मंडली के शुरुवात के सुरता करे लगिस। माथ धर लिस। राम के पाठ करइया कोमल अऊ सौम्य रूप, मीठ-मीठ बोली, हाव-भाव अइसन कई देखइया मन मोहा जाय। साक्षात राम दिखय। किशोर राम के पांव छुये बर मैनेजर ठाकुर साहेब तको लकलका जाय। जेती जातिस तेती किशोर राम ल जोहारत मनखे मिल जावय। दिन म तको ओकर दरशन बर गांव के गली म भीड़ उमड़ जाय। शुरुवाती समे के उपलब्धि एकेक करके चित्र सहि ठाकुर साहेब ल दिखे लगिस। उदुपले ओकर नाव सुरता आगे। अरे! तैं रामटोला के अलबेला आस का जी? ठाकुर ह प्यार से पूछिस?

लम्भा सांस ईंचत पथराय आंखी गोल गोल किंजरे लगिस। गला भरभराय लगिस, जबान म नरमी चाह के घला नी लान सकिस। कठोर आवाज निकलिस– हव। मय उही अलबेला आंव।

ठाकुर साहेब पूछे लगिस– ये दशा म? तब राम के अऊ अब रावण के पाठ? पहिली प्रेम छलकात सुंदर मनमोहक रूप अऊ अब रोबीला खुंखार अऊ क्रूरता बरसावत डरावना चेहरा? सब कइसे?

अलबेला के आंखी म धार बन के आंसू फूटे लगिस। एक पइत खूब रोइस। पूरा रो डरिस तब मन शांत होइस। आंसू म ओकर सरी कठोरता बोहा गिस। अलबेला बताय लगिस–गांव के साहूकार अऊ इलाका के मुखिया मन मोर खूब शोषण करिन। मोला एकदमेच चुहक दिन। जेला अपन समझेंव उहू मन मोला पदोय बर नी छोड़िन। परिवार के मन घला मोला लतियइन। चारों डहर ले निराश हताश सरी धैर्य जवाब दे दिस।

एती ओती भटके बर मजबूर रेहेंव मेहा। जिनगी के थपेड़ा म जूझत-डूबत-उतरत-चढ़त मोर हालत आगू बोले नी सकिस। अब ओकर केवल आंखी के आंसू ह बोले लगिस। जुबान म आवाज नी बांचिस।

अलबेला ले अजनबी बने के कहानी सुन ठाकुर घला अपन आंखी ल छेंके नी सकिस। गरम-गरम टप टप आंसू गिरे लगिस। एक दूसर ल पोटार लिन दुनों। अब केवल आंसू ह दुनों के बीच बोलचाल के भाषा बन गिस। एक दूसर के प्रेम म दुनों अपन सुध-बुध भुला गिन। ढोलकहा अइस, हुत करइस तब इन झकना के एक दूसर ले अलग होइन।

गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा

वीरांगना रानी दुरगावती

24 जून बलिदान दिवस

भारतीय इतिहास म महारानी दुरगावती ला एक वीरांगना के रूप मा जाने जाथे, जेकर देश मा बिरासत, रियासत अउ सियासत के एतिहासिक गाथा रीहिस हे। चंदेलों की बेटी थी, गोंडवाना की रानी थी।

चण्डी थी रणचंडी थी,वह
दुर्गावती भवानी थी।।

बीरता, पराकरम, अउ अदब साहस के प्रतिमूर्ति रानी दुरगावती (05अक्टूबर 1524–24जून 1564) जेनहर 1550 ले 1564ईसवी म गोंडवाना के रानी रीहिस हे। गोंडवाना कोनो जातिवाचक संज्ञा नोहे परजा वाचक संज्ञा आय, मध्य (पेटौवरा) भारत म गोंड राजा मन के 1700 ज्बरस तक ले गोंडवाना समराज्य इस्थापित रेहे हे, जिहां परजामन सुरक्छित अउ कुसल मंगल महसूस करयं। आजो गोंडवाना के गढ़ किल्ला सउंहत खड़े हे।

रानी दुरगावती गढ़ा कटंगा के 16वीं सताब्दी मा गोंड राजवंस के सासक के रूप मा जाने जावय। ओकर जनम कालिंजर के किल्ला म 05अक्टूबर 1524 मा होय रिहिस हे वोहर चंदेल राजा कीरत राय के दुलौरिन नोनी रीहिस। 18 अठरा बरस के उमर मा ओकर बिहाव एक परेम परसंग ले राजा संग्राम शाह 'मंडला गढ़िया' के बड़े बेटा गोंडवाना समराज्य के 49वां राजा दलपत शाह मंडावी ले होय रहिस हे। ये बिहाव एक परकार के राजनीतिक गठबंधन रहिस हे, ये वंशवादी गठबंधन ले कीरत राय चंदेल ला 1545 म शेरशाह सूरी के हमला के बिरोध मा मदद मिलिस। रानी दुरगावती 1545 म एक बेटा ल जनम देइस जेकर नाव वीर नारायण सिंह रखे गिस।

गोंडवाना राज्य के छेत्रफल उत्तर मा नरसिंहपुर, दक्षिण म बस्तर (छ.गढ़) पूरब म संबलपुर (उड़ीसा) अउ पक्छिम मा वर्धा (महाराष्ट्र) तक फइले रिहिस हे। गोंडवाना राज ल गढ़ामंडला तको कहे जाय। रानी दुरगावती हा पति दलपत शाह के निधन होय के पाछू अपन राज्य के बागडोर ल संभालिस अउ सोला बछर तक ले सासन करिस। रानी के राजधानी ढुसिंगोरगढ़ रीहिस हे। जेहर बर्तमान मा जबलपुर -दमोह रद्दा मा बसे गाँव संग्रामपुर आय। जिहाँ सिंगोरगढ़ किल्ला बने हे। येकर अलावा मदन महल किल्ला, चौरागढ़ के किल्ला रानी दुरगावती के राज्य के परमुख गढ़ मनमे एक रिहिस हे।

रानी अकबर के सेना के संग चौंथइय्या जुद्ध म बुरा तरिका ले घेरागे। ओकर आंखी अउ गरदन मा तीर हर घुसगे, तब वोहर अपन संकल्प -विजय नहीं तो क्या हुआ, बलिदान तो संभव है..'- ल सुरता करत अपनेच खंजर ल निकालके अपन सीना मा घोंप दिस। दुनिया ला बताईस कि -दुसमन के आगु मुड़ी नवा के अपमान भरे जिनगी जीए ले बढ़िया परान ला तियाग देना हे..। ये ढंग ले धरती माता अउ आत्म सनमान के रक्छा बर 24जून 1564 के दिन अपन परान ला बलिदान कर दिस।

महारानी दुरगावती के समकालीन मुगल सेनापति ख्वाजा अब्दुल मजीद आसफ खान रिहिस, जेनहर गोंडवाना के संपति के लालच मा मुगल आकरमन के नेतरित्व करिस। रानी दुरगावती 40 बरस के उमर मा एक अइसन परिपाटी खड़े करदीस जौनहर आजो भी मानवता बर मिसाल बने हाबे हे। जेकर संसकार मा एक तरफ करुणा अउ संवेदना समावय ता दूसर कोती बीरता, पराकरम अउ सतीत्व ओकर खून मा दउड़ें लागे।

रानी दुरगावती हा अपन छोटकुन जीवन काल म लगभग 52 बावन) जुद्ध लड़ीस तेमा 51(इनकावन) जुद्ध मा बिजय पाय रीहिस। मालवा सुलतान बाज बहादुर ले लेके मुगल सम्राट अकबर के अब्बड़ अकन भारी मुकाबला के मुंहतोड़ जवाब देय रिहिसे। रानी दुरगावती हा अकबर सेना ला तीन बार जुद्ध म हराय रहिस, पहिलिच बार मा अकबर के 3000 हजार सैनिक मनला मारके हड़कंप मचा दिस । अकबर तरमरा के तरुवा ल धरलीस।

रानी अपन राज्य के जनता के खुशहाली बर सहानुभूति के साथ जी परान देके दुसमन ले जुझय। वोहर जाति धरम ले ऊपर उठके रास्टर रक्छा बर ऊंचहा काम करय अपन सासन काल म बनाए मंदिर, मठ, इमारत, कुआं, तरिया, नहर, धरमशाला येकर गवाही हे। सबो ला एके बरोबर अधिकार देइस , ओकर सासन काल मा गोंड, राजपूत, ठाकुर, अउ मुसलमान सेनापति तक मन मुखिया के पद धारन करके गद्दी मा आसीन होइन। रानी दुरगावती हर वल्लभ समपरदाय के स्वामी विट्ठलनाथ के सुवागत करिस। रानी ल ओकर कई बिसेसता के कारन जाने जाथे, वो बहुत सुग्घर होय के संगे - संग बहादुर अउ काबिल शासिका तको रहिस। ओकर समराज म समरिद्धि अइसन रिहिस कि, जनता मन सोना के रुपिया- पइसा ले बेपार करय। इही समे देश ला च्सोन के चिरईज्ज के नाव ले जाने जाय। इहि समरिद्धि ला लूटे खातिर बाहरी आकरांतामन दुरगावती के राज्य मा घेरी - बेरी हमला करय । रानी दुरगावती हा अकबर के सेना ला तीन बार जुद्ध म हराय रहिस।

रानी अकबर के सेना के संग चौंथइय्या जुद्ध म बुरा तरिका ले घेरागे। ओकर आंखी अउ गरदन मा तीर हर घुसगे, तब वोहर अपन संकल्प -विजय नहीं तो क्या हुआ, बलिदान तो संभव है..'- ल सुरता करत अपनेच खंजर ल निकालके अपन सीना मा घोंप दिस। दुनिया ला बताईस कि -दुसमन के आगु मुड़ी नवा के अपमान भरे जिनगी जीए ले बढ़िया परान ला तियाग देना हे..। ये ढंग ले धरती माता अउ आत्म सनमान के रक्छा बर 24जून 1564 के दिन अपन परान ला बलिदान कर दिस। वो इस्थान ला बरेला नाव ले जाने जाथे। जिहाँ जबलपुर अउ मंडला रोड़ च्नरई नालाज्ज के तीर म रानी दुरगावती के समाधि इस्थल हे।

रानी के सेना मा 20,000(बीस हजार) घुड़सवारी अउ 1,000(एक हजार) हाथी दल के संग बड़े संख्या म पैदल सेना सामिल रिहीस हे। मोटियारी (युवती) मनबर 'नारी वाहिनी' तको गठित करे रिहिसे। महारानी दुरगावती के सासन म नारी सुरक्छा अउ समाज बेवसथा बर हजारों गांव म रानी के प्रतिनिधि राहय , वोहर सउंहत सक्तिस्वरूपा नियाव के देवी रीहिस हे। महारानी दुरगावती के सनमान म 1983 मा जबलपुर बिस्व विद्यालय के नाव बदल के रानी दुरगावती बिस्वविद्यालय कर देय गइस, ओकर नाव ले डाक टिकिट घलोक जारी करे गिस।

ओला मुख्य रूप ले मुगल समराज्य के खिलाफ गोंडवाना (550करोड़ जुन्ना नाव च्गोंडवानालैण्ड) के रक्छा करे के सेती सुरता करे जाथें। हर साल 24 जून के महारानी दुरगावती बलिदान दिवस मा गोंडवाना समाज अउ मध्यपरदेस सासन डाहर ले ये जगा मा ओला श्रद्धा सुमन अरपित करथें।

–मदन मंडावी, ढारा, डोंगरगढ़

करले तियारी नांगर जुताई के

कारी-बदरिया घटा,घपटे हावे बादर
साज लेवव संगी, अपन जुड़ा-नांगर
बिजुरी ह चमके हे, बादर गरजत हे
टिपिर-टापर अब तो पानी बरसत हे

करले तियारी संगी नांगर जुताई के
दिन आगे खेत म धान के बुआई के
कोठी म भरे हावे धान जमो बीजहा
दमकत हे दाई ह लक्ष्मी कस सोनहा

माथ नवा के लेचल खेत-खार डाहर,
अमृत बरसावय तोर माटी म जांगर,
कारी-बदरिया घटा,घपटे हावे बादर।

धरती के कोरा म अन्नपूर्णा हर जागे
दाई हर अमर रहय अउ सुहागन लागे
खुशहाली आए भाग जागे जनजन के,
जिनगी म सुधार आए गरीबहा मन के,

धरती के सेवा म लागाले तय जांगर
धरले कुदारी रांपा धरले तय नांगर.
कारी-बदरिया घटा,घपटे हावे बादर।

रुखराई हरियागे,मेड़पार घलो हरियागे
चारो डहर खेत म बन-कचरा लहरागे
कांटा खूंटी बगरे ल आगी तय धरादे
दाबरा ल पाट के तय समतल बनादे

करले सफाई बनाले चिक्कन चात्तर
धर ले कुदारी रांपा धरले तय नांगर,
कारी-बदरिया घटा,घपटे हावे बादर।

अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा शिवरीनारायाण

CMYK

देशबन्धु

संस्कारधानी

5 बिलासपुर

रविवार, 22 जून 2025

उल्टा पुल्टा

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला- भाई साहब आप बहुत किस्मत वाले हो..!

आदमी- एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो।

साइकिल वाला- आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूँ नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधान डाकघर में योग कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधीक्षक डाकघर विनय प्रसाद के नेतृत्व में डॉक्टर भावना ताम्रकार डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के द्वारा प्रधान डाकघर परिसर बिलासपुर में योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिसमें संभागीय कार्यालय एवं प्रधान डाकघर बिलासपुर एवं टीएसओ के समस्त कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसके पश्चात् पर्यावरण संरक्षण हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा वृक्षारोपड़ भी किया गया।

योग भारत की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया- विधायक अमर

अंतर्राष्ट्रीय 11 वे योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के किया सामूहिक योगाभ्यास

योग संगम एवं हरित योग थीम के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। आज पूरे देश के साथ साथ 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ जिले में भी मनाया गया। स्व. बी.आर. यादव बहतराई स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिले के आला अधिकारियों और सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने योगाभ्यास किया।

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इस दौरान महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पूर्व महापौर किशोर राय सहित जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया। योगाभ्यास ब्रह्मकुमारी संस्थान की मंजू दीदी द्वारा कराया गया। योग संगम एवं हरित योग की थीम पर योगाभ्यास के बाद सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश भी दिया। योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं अध्यात्म की भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता है। वसुधैव कुटुंबकम् की हमारी संस्कृति है जो कहती है विश्व का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। भारत की संस्कृति जो बंधुत्व की भावना रखती है लोगों को जोड़ने का काम करती है। योग एक ऐसा माध्यम है जिससे ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने सभी से अपील की कि नियमित रूप से योग करें स्वास्थ्य रहें और विश्व के साथ अपने देश, राज्य और अपने जिले के विकास में योगदान दें। उन्होंने आगे कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है तथा विकार दूर होता है और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। योग से स्वस्थ तन और मन का सकारात्मक विकास होता है। आज सुबह सात बजे सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग प्रशिक्षक मंजू दीदी द्वारा बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, अर्धकटिचक्रासन, उष्ट्रासन, मत्स्यासन, सहित विभिन्न प्रकार योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास कराया गया। ब्रह्मकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग और पतंजलि संस्था द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर एडीएम शिव बनर्जी, समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी, सहित अन्य अधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिकगण व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। जिले के सभी विकासखंड में भी योग दिवस मनाया गया।

योग दिवस पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विविध कार्यक्रमों के साथ योग शिविर आयोजित

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों के प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न कार्य स्थलों पर योग शिविरों एवं योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी के द्वारा योग किया गया।

न्यू रेल क्लब में कल प्रातः 8 बजे से ऑडिटोरियम, तितली चौक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यालय सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। योग शिक्षक एलपी. नायक के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, विभागाध्यक्षगण, मंडल रेल प्रबंधक (बिलासपुर), अधिकारीगण, कर्मचारी, उनके परिजन एवं स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग की विभिन्न

क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं योग से शरीर और मन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखता है। रेलवे जैसी 24×7 कार्यसंस्कृति में योग न केवल मानसिक शांति देता है, बल्कि कार्यक्षमता और ऊर्जा को भी बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि योग को केवल एक दिन का आयोजन न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। 'करें योग, रहें निरोग' को हम सभी को जीवन का मंत्र बनाना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान, बिलासपुर के प्रशिक्षक एल.पी. नायक द्वारा प्रतिभागियों को योग की बारीकियों से अवगत कराया गया और विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त, एनईआई स्केटिंग ग्राउंड, रेल संस्कृति निकेतन, रेलवे स्कूलों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर भी योग सत्रों का आयोजन किया गया, जहाँ कर्मचारियों, उनके परिजनों और स्थानीय स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, नागपुर एवं बिलासपुर मंडलों में भी योग दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर और नागपुर मंडलों में सभी कार्यालयों, स्टेशनों एवं कार्य स्थलों पर प्रातः 06.30 बजे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

सीयू में ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय 1/4 केन्द्रीय विश्वविद्यालय1/2 में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल जी के संरक्षण एवं कुशल मार्गदर्शन में ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शारीरिक शिक्षण, योग एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा आज सुबह 6.30 बजे से किया गया। योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रही।

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि योग को लेकर विश्वभर में अभियान चल रहा है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकगण, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राओं से आववान किया कि योग महज एक औपचारिकता तक सीमित ना रहे बल्कि इसे दैनिक जीवन में उतारें। इसका नियमित अभ्यास करें। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रोफेसर ए.एस रणदिवे ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामना देते हुए सभी से योग का दैनिक जीवन में निरन्तर अभ्यास का आग्रह किया। उन्होने कहा कि योग हमार स्वास्थ्य से जंड़ा हुआ है। यह सकारात्मक ऊर्जा के साथ संतुलित व्यवहार का मार्ग प्रशस्त करता है।

2015 से प्रारंभ हुआ योग उत्सव का यह क्रम निरंतर आगे बढ़ रहा है। सुबह 6.40 से 7.25 बजे तक मंत्रालय से प्राप्त 45 मिनट के कॉमन योगा प्रोटोकोल के अनुसार योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग और प्राणायाम केन्द्र में शारीरिक शिक्षण, योग एवं खेल विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. तिलक राज मीणा के नेतृत्व में योगा इंस्टंक्टर पुंडलिक बुराँदे एवं अविनाश राय के निर्देशन में विद्यार्थियों के द्वारा भारतीय योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम सें 11वें अन्तरराष्टीय योग दिवस पर उद्बोधन एवं योगाभ्यास का सजीव प्रसारण भी एलईडी स्क्रीन पर किया गया।

एसईसीएल में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने किया सामूहिक योग

देश के 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसईसीएल द्वारा वसंत विहार ग्राउंड में आयोजित योग संगम कार्यक्रम में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वास्थ्य, शांति एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया।

इस भव्य आयोजन में एसईसीएल के अध्यक्ष-



सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के नेतृत्व में एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन, कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक (सामुदायिक विकास) ओपी मिश्रा, श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती इप्सिता दास, एसईसीएल संचालन समिति के नाथूलाल पांडे (एचएमएस), एके पांडे (सीएमओएआई), विभागाध्यक्षगण, अधिकारी-कर्मचारी, डीएवी स्कूल के छात्र एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत ब्रह्मकुमारी एवं आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अपने संबोधन में सीएमडी हरीश दुहन ने योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग केवल आज के लिए नहीं, जीवन भर अपनाए जाने वाली जीवनशैली है। यह तन, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। हमें इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली बिलासपुर की समस्त योग संस्थाओं और नागरिक समाज के योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

एनटीपीसी सीपत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

एनटीपीसी सीपत में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 जून को 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन सामुदायिक भवन परिसर में किया गया।

सीपत के बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी की योग शिक्षिका द्वारा योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए इनसे मिलने वाली शारीरिक एवं मानसिक फायदों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख (सीपत) ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम अपने जीवन को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। योग एवं प्राणायाम सबसे सरल अभ्यास है। अतः हम सबको योग एवं प्राणायाम नियमित रूप से करना चाहिए। योग कार्यक्रम में महाप्रबंधक, संगवारी महिला समिति की वरिष्ठ सदस्याएं, बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत के शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं तथा नगर परिसर के कर्मचारीगण एवं परिजनों ने भाग लिया।इससे पूर्व चार दिवसीय योग शिविर का आयोजन भी किया गया, जिससे कर्मचारी व परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए।

योग वर्तमान जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है: डॉ. संजय दुबे

शासन के निर्देशानुसार सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एन.सी.सी. इकाई एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 07 बजे से 8 बजे तक विशाल योगाभ्यास कराया गया तथा योग शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत के ऋषि मुनियों द्वारा खोजा हुआ प्राचीन विद्या है हमारे देश में योग विद्या के माध्यम से लोग 100 वर्ष तक स्वस्थ रहते हुए जीवन यापन करते थे किन्तु आज आधुनिकता के दौर मे हम सब अपनी प्राचीन विद्या को भुलते जा रहे है यह चितंनीय विषय है। भारत सरकार ने आज से दस वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में घोषित करने का प्रस्ताव रखा था, 177 देशों के समर्थन के साथ यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से प्रस्तावित हुआ जो योग कि वैश्विक स्वीकृति और लोकप्रियता का प्रमाण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के महत्व को याद दिलाता है और

इसें अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करता है। आईये हम सब मिलकर योग को अपना कर स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने का प्रयास करें। इस अवसर पर योगाचार्य राम नरेश एवं पूनम दोषी ने उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को अनुलोम विलोम, तड़क आसन, सर्पासन, वृक्षासन, पदमासन, सूर्य प्राणायाम इत्यादि विधाओं का अभ्यास कराया। राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री आकाश सिंह ने बताया कि योग एकता और शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर एकीकरण का विज्ञान है यह विज्ञान शरीर को स्वस्थ रखने और ऊर्जावान बनाने में मदद करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहां कि हमारे महाविद्यालय में योग शिक्षा का संकाय प्रारंभ करने हेतु प्रयासरत है। महाविद्यालय परिसर में समय-समय पर छात्रों को जागरुक करने हेतु योग गुरु आमंत्रित कर योगाभ्यास कराया जाता है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ देवर्षि चौबे एवं श्रीमती एस पावनी सहित इस अवसर पर डॉ. ए. के. दुबे, श्री राजकुमार पंडा, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. कमलेश जैन, डॉ विभा सिंह,नरेन्द्र टंडन,एन.सी.सी.एवं एन.एस.एस. के कैडेट एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

जिला सहकारी बैंक में मनाया गया योग दिवस

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रधान कार्यालय में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रजापति ब्रम्ह कुमारी की बहनों लक्ष्मी दीदी, अंशु दीदी, रत्ना दीदी, नम्रता दीदी और उपेंद्र भाई के द्वारा योग आसान कराया गया। इस उपलक्ष्य में बैंक के सीईओ सुनील सोढ़ी ने कहा योग का महत्व जीवन में अमूल्य है। इससे प्रतिदिन की दिनचर्या में बहुत परिवर्तन और शांति आती है। नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने कहा योग कोई धर्म नहीं है, यह जीने का एक तरीका है जिसका उद्देश्य स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की प्राप्ति है। मनुष्य एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक प्राणी है; योग तीनों के बीच संतुलन विकसित करने में मदद करता है। कार्यक्रम में सीईओ सुनील सोढ़ी, शेखर जायसवाल उप पंजीयक, आशीष दुबे नोडल अधिकारी, शशांक दुबे अति. मुख्य पर्यवेक्षक, प्रकाश शर्मा, आशीष सोनी, सुशील चंद्राकर, राजकिशोरी एक्का, भक्ति ठाकुर इनके साथ ही बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे।

रोटरी क्लब मिडटाउन द्वारा योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन

रोटरी क्लब, मिडटाउन एवं बिलासपुर क्वींस ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय 11 वे योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन मंगला चौक स्थित 36 सिटी मॉल में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जनसामान्य तक पहुँचाना और सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:15 बजे हुई, जिसमें क्लब के सदस्यों सहित स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों तथा वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक श्रीमति समर्पिता मुखर्जी द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास कराए। रोटरी क्लब मिडटाउन के अध्यक्ष सीए आभास अग्रवाल ने कहा योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की एक कला है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ समाज की ओर कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य संतोष सिंघानिया, सुरेंद्र अग्रवाल, शरद सक्सेना, मनीष (आनंद) अग्रवाल, के के मुखर्जी, गिरिराज गुप्ता, अरविंद गर्ग, अनिल नायर,संदीप पोद्दार, मुकेश गोयल, उदित सोनी , रत्नेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे। रोटरी क्लब मिडटाउन भविष्य में भी इसी तरह के स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

गढ़ मंडला की रानी दुर्गावती मंडावी का बलिदान दिवस 24 को मनाया जाएगा

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बिलासपुर एवं युवा प्रभाग ,महिला प्रभाग तत्वधान में गोंडवाना भवन सरकंडा में गढ़ मंडला की रानी दुर्गावती मंडावी की 24 जून को 462 वी बलिदान दिवस कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक रखी गई । बैठक की अध्यक्षता पी एस पट्टा जी, एस आर नेताम , डी आर सिदार की उपस्थिति में कई बिंदु पर चर्चा किया गया।

बैठक में सर्व आदिवासी समाज द्वारा 24 जून को 462 बलिदान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। 24 जून को सुबह 9.30 बजे उसलापुर रेल्वे ओहरब्रिज से बाइक रैली के माध्यम से अंबेडकर चौक देवकी नदंन चौक होते हुए गोंडवाना भवन में रैली समाप्त होगी। गोंडवाना भवन में सुबह 11/30 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कुछ पदाधिकारी द्वारा उध्बोधन एवं समापन किया जायेगा।

मंच संचालन सुनील श्याम ने किया । बैठक में समा के जिला अध्यक्ष देव सिंह पोर्ते, महासचिव राजीव कुमार ध्रुव जी ,डॉ कौसल मरावी ,जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग लव सिदार ,तखतपुर ब्लाक अध्यक्ष संतोष जगत, सावित्री ध्रुव जिला करकर्णीय अध्यक्ष मनीषा नेताम ,पूजा ध्रुवे, किरण ध्रुवे, अंकिता, वीरेंद्र, विजय सिदार, टीकम मरकाम ,मेलु राम, महेश मरावी ,हीरालाल छात्रे निर्मल सिंह मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

नाद् मंजरी में सुरताल और नृत्य का संगम

कथक में राधाकृष्ण और दुर्गा स्तुतियों का आकर्षक मंचन

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। नाद् मंजरी समारोह में आज सुरताल और नृत्य का अभूतपूर्व संगम देखने मिला ।आज भरतनाट्यम ओडिसी और कत्थक की प्रस्तुतियां ज्यादा हुई कत्थक में राधा कृष्ण और दुर्गा स्तुतियों की आकर्षक् प्रस्तुति हुई ।

भरतनाट्यम के जूनियर सब जूनियर और अर्थशास्त्रीय वर्ग में मिली जुली प्रस्तुतियां हुई जिसमें छोटा ख्याल और बड़ा ख्याल दोनों शामिल थे ।अनुजा बाजपेई ने रायगढ़ घराने के तोड़े प्रस्तुत किये । सब्बू परवीन की शिष्या अनुजा ने कपूर गौरम करुणावताराम के साथ-साथ मुरली मनोहर कृष्ण कन्हैया की आकर्षक प्रस्तुति दी ।

भरतनाट्यम में महिषासुर मर्दिनी पर आधारित चार प्रस्तुतियों हुई जो बेहद सराही गई ।वैष्णवी शर्मा ने अपने गायन से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया ।कथक में इशिता गिरी ने बेहद सराहनीय प्रस्तुति दी ।

नन्हे कलाकारों ने समूह नृत्य में शिव स्तुति में शिव कम सुंदरी और ओमकार मंत्र पर आधारित प्रस्तुति दी।

एक हाथ नहीं,किसी से कम नहीं

अदा गुप्ता ने मेरे ढोलना सुन की मंत्र मुगध प्रस्तुति दी उल्लेखनीय है कि इस नृत्यांगना का एक हाथ नहीं है लेकिन अपनी भावभंगईमा से दर्शकों का दिल जीत लिया ज् जो ने भी अपने स्थान पर खड़े होकर तालियां बजाई और सराहना की ।

नाद मंजरी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का प्रथम दिवस संपन्न हुआ जिसमें वेस्ट जोन म्यूजिक क्लासेस के छात्र-छात्राओं

कत्थक- कौस्तुबी महापात्र, प्रियांशी साहू, श्रीनिका गिल, सानवी साहू, केसर रजक, भाविका शर्मा, सारवी, आयरा , प्रिशा देवांगन, दिविजा दुबे, ऋषिका मौर्य, आराध्या शर्मा, पूर्णिमा दुबे, सान्वी कैवर्थ, काजल मरावी, आस्था दुबे, जनिशा, सास्थी मौर्य, आस्था बुनकर, तापसी गुप्ता

गायन- वल्लरी साहू, मान्या दिवाकर, अमोघ शुक्ला, निकिता सिंह, शिवी महर, सान्वी पटेल, टर्निजा साहू, भारती मानिकपुरी, प्रिया कोरी, आयांश शर्मा, शास्वत गुप्ता, शिवांश दुबे, लीना धीवर, कार्तिकेय, साक्षी साहू, सोमा सारथी, रंजिता मानिकपुरी तबला वादक दिपक साहू एवं हारमोनियम वादक पुष्पराज देवांगन ।

इन विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियाँ देकर इन विधाओं में विभिन्न स्थान प्राप्त किया ।इन प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में संगीत कक्षा की संचालिका तनु मानिकपुरी , गायन शिक्षिका दिव्या शर्मा एवं नृत्य शिक्षिका जया मानिकपुरी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाली महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 9000 रू तथा शराब बनाने का उपकरण जब्त

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में शनिवार कोसीबी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंचनपुर में जमुना बाई धनुहार अपने घर के बाड़ी- कोला में कच्ची महुआ शराब रखा हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम कंचनपुर बांधपारा में 1 अवैध महुआ शराब पर रेड कार्यवाही करते हुए

आरोपिया जमुना बाई धनुहार पति धनीराम धनुहार उम्र 40 वर्ष निवासी कंचनपुर चौकी बेलगहना के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक डिब्बा में कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 9000 रु व शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बर्तन को विधिवत जप्त कर आरोपिया के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते हुये आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा जाएगा। उक्त कार्यवाही में चौकी बेलगहना प्रभारी उप राज सिंह ,एएसआई मोतीलाल सूर्यवंशी,आरक्षक ईश्वर नेताम, म आर किरण राठौर की विशेष भूमिका रही।

सार-संक्षेप

महापौर ने इंदौर में किया योगाभ्यास

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर संजूदेवी राजपूत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें आयोजन पर मध्यप्रदेश के स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने सारगर्भित बात रखते हुए कहा कि योग मानवता को भारत की अमूल्य देन है। यह आत्मानुशासन और आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को संतुलन में लाती है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। करो योग रहो निरोग के संदेश के साथ यह आयोजन हर कहीं हो रहा है। महापौर ने इंदौर में योग विथ मेयर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिराज सिंधिया, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर शहर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव प्रसिद्ध अभिनेत्री अदा शर्मा मुख्य रूप से शामिल थे।

पोड़ीबहार से नाबालिग लापता, अपहरण का संदेह

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोड़ीबहार इलाके में 9 वर्ष की नाबालिक पिछली रात को घर से लापता हो गई। बालिका की मां ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा है कि उसका अपहरण हुआ है। एमपी नगर अटल आवास में रहने वाले दुष्कर्म के एक आरोपी पर उसे संदेह है। सिविल लाइन थाना को मामले की जानकारी दे दी गई है। खबर के अनुसार लापता नाबालिग अपनी दो बहनों के साथ सोई हुई थी। रात 1 बजे मां ने उसे देखा था लेकिन सुबह 5 बजे वह नहीं थी। मौके पर एक कंबल और मोबाइल भी नहीं था। उन्होंने बताया कि इसे स्पष्ट है की घटना अर्धरात्रि के बाद ही हुई। सुबह आसपास में बेटी की तलाश की की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सिविल लाइन पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया जिसके बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। अटल आवास एमपी नगर में रहने वाले आरोपी ने जेल से छूटने के बाद धमकी दी थी। इसलिए संदेह है कि अपहरण की घटना में उसका हाथ हो सकता है। बहरहाल सिविल लाइन पुलिस ने पीड़ित की शिकायत को संज्ञान में लिया है और छानबीन में जुटी हुई है। बालिका के सकुशल मिलने के बाद ही इस प्रकरण में कारण और रहस्य साफ हो सकेंगे की आखिर यह सब क्यों हुआ इसके पीछे किसका दिमाग काम कर रहा था।

शीर्षासन कर लोगों को किया चकित

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेजस स्कूल मदनपुर रजकम्मा में औपचारिक आयोजन हुआ। व्याख्याता विनोद जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर प्राचार्य जोगी ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। योगाचार्य कश्यप ने ओंकार ध्वनि के साथ योग प्रारंभ कराते हुए, अनुलोम विलोम,भ्रामरी,वृक्षासन,ताड़ासन,सूर्य नमस्कार,सहित अन्य आसन प्राणायाम की बारीकियों को सिखाया। जीवन सिंह मरकाम ने शीर्षासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जनपद पाली के उपाध्यक्ष दिलहरण कश्यप, नोडल प्राचार्य राजीव जोगी, एस एम डी सी अध्यक्ष कृष्णा यदु,सांसद प्रतिनिधि नीलेश यदु,संकुल समन्वयक जीवन सिंह मरकाम, रमेश अहीर, माध्यमिक शाला रजकम्मा के प्रधान पाठक प्रभा लकड़ा, कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू,सितारा अग्रवाल, रवि चंद्रा, जैतराम ध्रुव,कांति कुर्रे,अर्चना किंडो,संतोष वर्मा,पुष्पा सागर,नीता खांडे, राकेश शिवालय, छबि दास महंत सहित ग्रामीण व छात्रों ने योगाभ्यास किया।

खेत में पहुंचे किंग कोबरा को किया रेस्क्यू

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। लेमरू के एक खेत में जा पहुंचे किंग कोबरा पर ग्रामीण की नजर पड़ी तो वह चौक उठा। उसने किसान को इसकी जानकारी दी और फिर वन विभाग से होते हुए रेस्क्यू टीम तक बात पहुंची। डीएफओ के निर्देशन में रेस्क्यू टीम प्रभारी जितेंद्र सारथी ने ऑपरेशन चालू किया। उन्होंने सतर्कता और सुरक्षा के साथ किंग कोबरा रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस अभियान में वन विभाग से याज्ञवल्क्य राणा, विकास बनर्जी, रामेश्वर सीदार, वनपाल श्रवण कुमार गायकी, वनरक्षक जय कंवर, शिवनारायण बिंझवार एवं सुखसागर सिंह की विशेष भूमिका रही। याद रहे किंग कोबरा को वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून ने संरक्षित प्रजाति में घोषित किया है। पिछले दिनों देहरादून की एक टीम का प्रवास कोरबा जिले में हुआ था तब उसने बताती, कोरकोमा व आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर यह निष्कर्ष निकाला था कि यह इलाका किंग कोबरा के रहने के लिए अनुकूल है।

करैत के काटने से युवक मृत, परिजनों ने सिखाया सबक

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। बाता बिरदा गांव में 19 वर्षीय युवक की करैत के काटने से मौत हो गई। बताया गया कि सोते समय करैत ने उसे काट दिया था। घटना के बाद युवक की चीख निकली जिस पर परिजन हरकत में आए। आनन-फानन में पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। खबर के अनुसार इस घटना में परिजनों को नाराज कर दिया। उन्हें मालूम था कि सर्प बिल में घुसा हुआ और वह फिर से बाहर आएगा। उन्होंने निगरानी जारी रखी। जैसे ही सर्प बाहर आया। हिम्मत जुटा कर घर वालों ने उसको टोकरी से ढक दिया और उसके ऊपर पत्थर रख दिया। कई घंटे तक सर्प इसी स्थिति में रहा। खबर होने पर नोवा नेचर सोसायटी के सदस्यों ने गांव पहुंच कर सर्प को समस्या से मुक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मिलकर संवेदना जताई और आश्वस्त किया कि इस मामले में सरकारी सहायता राशि जल्द दिलाई जाएगी।

डीपीएस बालको में मना योग दिवस

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको ने भारत के कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अरूण श्रीवास के साथ एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश पंवार ने योग दिवस पर सभी को योग करने एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग के महत्व को समझाया।

फीटर और 2 कामगार को पकड़ा डीजल चुराते सीआईएसएफ ने

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। एसईसीएल प्रबंधन के सामने पहले चोर उचक्कों की चुनौतियां थी। लेकिन अब बदले समय के साथ उसके कुछ कर्मचारी ही चुनौती बने हुए हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि सीआईएसएफ ने गेवरा परियोजना में एसईसीएल के तीन कर्मचारियों को डीजल चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा है। मौके से जेरीकेन व डीजल मिला है। पूरे मामले को दीपका पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

सीआईएसएफ की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) ने बीती रात यह कार्रवाई की। पकड़े गए कर्मचारियों की पहचान फीटर सतीश कुमार जायसवाल, जनरल मजदूर रामकृष्ण और गिरजाशंकर के रूप में हुई है। मौके से तीन जेरीकेन बरामद किए गए, जिनमें से दो में 45 लीटर डीजल था, जबकि एक जेरीकेन खाली था। घटना की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को दीपका पुलिस को सौंप दिया। दीपका थाने के एएसआई जितेश सिंह ने बताया कि सीआईएसएफ की ओर से डीजल चोरी के संबंध में लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में एसईसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों का यह व्यवहार सेवा शर्तों के विरूद्ध है और इस सिलसिले में आरोप पत्र जारी करने के साथ विधि संगत कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में ऐसे कई मामलों में दोषियों को न केवल निलंबित किया गया है बल्कि सेवा समाप्ति भी की गई है।

एनकेएच में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 24 को

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। एनकेएच सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोरबा द्वारा 24 जून को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कोसाबाड़ी क्षेत्र स्थित अस्पताल परिसर में आयोजित होगा। नाक, कान, गला, आंख, दांत और बहरापन की जांच उन्नत मशीनों से की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी। बहरापन की जांच के बाद श्रवण यंत्र की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को विशेष छूट की सुविधा दी जाएगी। अस्पताल में लैब, रेडियोलॉजी और अन्य डायग्नोस्टिक जांच दरों पर सुविधा प्रदान की जाएगी। एनकेएच ग्रुप के निदेशक डॉ. एस.चंदानी इस शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से शिविर में पहुंचकर अपने और अपने परिजनों के स्वास्थ्य की जांच करने की अपील की है ताकि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

बोलेरो पेड़ से भिड़ी, एयरबैग से बची 3 की जान

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। गाड़ियों में स्पीड गवर्नर लगाए जाने की अनिवार्यता के बावजूद यह काम अब तक नहीं हो सका है और इसका नतीजा यह हो रहा है कि गाड़ियां बेलगाम भाग रही है। शक्ति नगर गेवरा मार्ग पर सीआईएसएफ कैंप के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो सीजी-12बीजे- 6933 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि एयरबैग ने अनहोनी टाल दी। हमारे संवाददाता ने बताया कि घटना दीपका से कोरबा जाते समय हुई। घायलों को राहगीरों की मदद से वाहन से बाहर निकाला गया। सभी घायल दीपका क्षेत्र के निवासी हैं, जिनमें चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दीपका थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हादसे में बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

एक पखवाड़े में जल जमाव की समस्या हल करें वरना आंदोलन

सीजीएम को ज्ञापन थमाया भाजपा ने

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। कुसमुंडा क्षेत्र के इमलीछापर तिराहा में हाल की बारिश के कारण जल जमाव की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसईसीएल प्रबंधन को कड़ा संदेश दिया है। शुक्रवार को भाजपा पार्षदों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कुसमुंडा क्षेत्र के सीजीएम सचिन पाटिल को ज्ञापन सौंपकर 15 दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीजीएम से मुलाकात के दौरान बताया कि इमलीछापर तिराहा में बरसाती पानी का जमाव आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इससे न केवल पैदल चलने वालों को दिक्कत हो रही है, बल्कि वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने इसे व्यापक जनहित का मुद्दा बताते हुए तत्काल निराकरण की मांग की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकेश झा, सुनीता पाटले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखदीप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश प्रधान, निगम पार्षद प्रेम साहू, मंडल महामंत्री रामेश्वर सोनी, वरिष्ठ नेता राजेश पटेल, समाज सेविका हेमा शर्मा, गुरदीप सिंह, पालिका पार्षद राजकुमार कंवर, राकेश पटेल, अभिलाष यादव, रावेंद्र पटेल, रितेश पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीन की नापजोख करने पहुंचे कर्मियों को हड़काया ग्रामीणों ने

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों के विस्तार को लेकर आसपास के गांव का उजड़ना जारी है। सबसे खास बात यह है कि इस प्रकार के कार्यों को पूरा करने के लिए प्रबंधन संबंधित व्यक्तियों को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी अवार्ड भी दे रहा है।। नई खबर यह है अब हरदी बाजार क्षेत्र की जमीन को हथियाने की तैयारी की जा रही है। शनिवार को जमीन की नाप जोक के लिए प्रशासन और प्रबंधन के कुछ लोग यहां पहुंचे जिनके साथ ग्रामीणों की बहस हो गई। याद रहे कुछ दिन पहले ही हरदी बाजार के पुराने कॉलेज के एक हिस्से को बिना किसी सूचना के आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए काम करने वाले व्यक्तियों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। सीसीएल के कहने पर यह लोग यहां पहुंचे थे। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जमकर खरी खोटी सुनाई और दोबारा इधर नहीं झांकने को कहा। पता चला कि एसईसीएल के नोटिस के आधार पर भू-अर्जन विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत को जानकारी देने पहुंचे थे कि यहां मापजोख करना है। इसका पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हुए। उन्होंने सीधे सपाट लहजे में कहा कि अगर जमीन चाहिए तो पूरे गांव को अधिग्रहित करना होगा। और कोई शर्त मंजूर नहीं होगी। लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि बारिश के सीजन में भू अर्जन की बात प्रशासन और प्रबंधन को याद कैसे आ रही है। जिले में गेवरा दीपका और कुसमुंडा को मेगा माइंस के तौर पर शामिल किया गया है और लगातार इनका दायरा बढ़ाया जा रहा है। कोयला कंपनी का तर्क है कि आसपास में पर्याप्त संख्या में कोयला उपलब्ध है और इसके सहारे अगले कई दशक हम आसानी से उत्पादन कर सकते हैं। इसलिए किसी भी स्तर पर जाकर कार्रवाई की जा रही है।

तन-मन को स्वस्थ रखता है योग - लखनलाल

होल्कर कन्वेंशन हॉल में हुआ योग समारोह

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोरबा के अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रशासन ने आयोजन किया। वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन यहां मुख्य अतिथि थे। उन्होंने योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी एवं सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उनके आह्वान पर भारत सहित अनेक देशों ने योग को अपनाकर इसे अपनी जीवनशैली में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। पुराने समय में ऋषि मुनि नियमित योग साधना से अनेक बिमारियों से दूर रहते थे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने कहा कि शारीरिक रूप से भाग दौड़ की जिंदगी में अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहने के लिए योग बहुत फायदेमंद है। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि भारतीय संस्कृति में योग का विशेष महत्व है। योग एक शारीरिक अभ्यास ही नहीं अपितु शरीर और मन का संतुलन बनाने का प्रयास है। इससे शारीरिक और मानसिक दक्षता में वृद्धि होती है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि मन और आत्मा को शरीर से जोड़ना ही योग है। योग शिक्षक रामेश्वर प्रसाद पांडे ने यहां योग गुरु की भूमिका निभाई और मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं नगरवासियों को ताड़ासन,पवन मुक्तासन, हलासन, शवासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया।

जन शिक्षण संस्थान में प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना और इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। काफी लोग इसमें शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्री जायसवाल के प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में योग को न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार बताया, बल्कि इसे मानसिक शांति और आत्मिक विकास का साधन भी करार दिया। श्री जायसवाल ने कहा कि योग एक ऐसी प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करती है। इसे नियमित रूप से अपनाकर हम तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जी सकते हैं। योग सत्र का संचालन प्रख्यात योग प्रशिक्षिका तनु चौहान ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम की तकनीकों का अभ्यास कराने के साथ इसके शारीरिक व वैज्ञानिक पक्षों को भी स्पष्ट किया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन और प्राणायाम की तकनीकों जैसे अनुलोम-विलोम और भ्रामरी शामिल थे। कार्यक्रम में सावित्री जेना, तृष्णा मोहंती, लक्ष्मी चटर्जी, सुनीता राठौर, विजय लक्ष्मी महंत, अंजू बनर्जी, सतरूपा प्रजापति, प्रमिला साहू, अनिशा तिग्गा, किशोर महंत, नरेंद्र साहू, उमेश मकवाना, ओमकार गुप्ता, रुखमणी यादव जैसे कई प्रतिभागियों ने योग सत्र में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। समापन पर सभी ने संकल्प दोहराया कि उनके जीवन में योग हमेशा शामिल रहेगा।

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। योग दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंत्री सुनीता पाटले ने गायत्री मंदिर में पौधारोपण किया गया।

केरवाद्वारी में बही योग की बयार, राठिया ने दिलाया संकल्प

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरवाद्वारी में कार्यक्रम किया गया। रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया यहां मुख्य अतिथि थे। उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रयास की सराहना की और कहा कि जीवन को निरोगी रखने के लिए आप सब योग को दिनचर्या में शामिल करें।

विधायक श्री राठिया ने कहा कि बच्चों को हमेशा अपने गुरुजनों और माता पिता का सम्मान करना चाहिए। इससे आत्मशक्ति बढ़ती है, और कोई भी कार्य आसानी से पूरी हो जाती हैं। आजकल के बच्चे गुरुजनों का सम्मान नहीं करते। हमारे जमाने में गुरु को भगवान की तरह मानते थे। प्राचार्य सतीश गुप्ता ने कहा कि गांव के किसान मेहनती होते है, उनका शरीर तंदुरुस्त रहता है वैसे ही योग करने वालो का शरीर तंदुरुस्त रहता है, इसीलिए रोजाना योग करना चाहिए। विधायक, सरपंच, शिक्षकों ने एवं विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसान एवं प्राणायाम किए। व्याख्यता श्रीमती ज्योति शर्मा ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में सरपंच परमेश्वर राठिया, उत्तम कुमार तिवारी,श्रीमती हीरा कंवर, कृष्णा लाल,ओम प्रकाश साहू,श्रीमती सुधा रानी राठौर, सतीश कुमार धुरी, जोहर सिंह, संजय खैरवार सहित अन्य उपस्थित थे।

तन-मन और शरीर को स्वस्थ रखने करें योग : बीके लीना

कोरबा, 21 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व सद्भावना भवन टीपी नगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में ओमकार योगशाला के संचालक सचिन विश्वकर्मा, ऑनलाइन योगा ट्रेनर किटी भाटिया, डॉ.के.सी. देवनाथ, योगा प्रेक्टिशनर एवं परफेक्ट फिटनेस सेन्टर की संचालिका रश्मि शर्मा, बीके लीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत तिलक एवं पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. के.सी देवनाथ ने कहा की हम भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है की जो योग



हमारी प्राचीन सभ्यता से चले आ रही है हमारे प्रधानमंत्री के अथक प्रयास से आज पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की हमारे तन, मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है। सचिन विश्वकर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति आधे घंटे का योगाभ्यास कर स्वस्थ रह सकता है। रश्मि शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने रोगो को दूर कर सकते है उन्होंने बताया उनके बहुत सारे स्टूडेंट्स के यह अनुभव है की राजयोग के अभ्यास से उनका लाइफ इजी हो गया है। बी.के. लीना दीदी ने कहा की प्राचीन काल में कहा जाता था की योग से आयु बढ़ती है। योग का अभ्यास स्मृति बहन द्वारा कराया गया। मंच का सफल संचालन मेघा बहन द्वारा किया गया।

हमारे ऋषि मुनियों ने योग को आगे बढ़ाने का काम किया है -स्वास्थ्य मंत्री

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के किया सामूहिक योगाभ्यास

हरितयोग थीम के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मनेन्द्रगढ़, 21 जून (देशबन्धु)। आज पूरे देश के साथ साथ 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ जिले में भी मनाया गया। जिले के नगर पंचायत झगराखांड के अम्बेडकर भवन में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूल, कालेज, छात्रावास के बच्चों सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुये जिनके साथ जिले के तमाम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तथा उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास करते हुए विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत नई लेदरी विरेंद्र सिंह राणा, जिला सदस्य रामजीत लकडा, पूर्व अध्यक्ष अनिल केसरवानी, सरजू यादव, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीओपी ऋषभ जैन सहित जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया।

योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कि हम इतिहास के बारे में पढ़ेंगे तो हमें पता चलता है कि हमारे ऋषि-मुनियों ने योग को आगे बढ़ने का काम किया है। आज केवल भारत नहीं बल्कि पुरे विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि द्वारा आंतरराष्ट्रीय योग दिवस संकल्प का मसौदा प्रस्तुत किया गया। मसौदे को व्यापक समर्थन मिला जिसके अंतर्गत 177 देश इस मसौदे के प्रस्तावक बने जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में अभी तक हुए किसी भी संकल्प में सर्वाधिक प्रस्तावकों की संख्या है। 11 दिसम्बर 2014 को अमेरिका में स्थित संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में आंतरराष्ट्रीय योग दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ योगा) के नाम से मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा का यह बहुत बड़ा एक फैसला था।

मैं केवल योग की बात नहीं कर रहा हूं कि योग से केवल शरीर और मन प्रसन्न होता है यह योग पूरे भारत को जोड़ने के साथ ही पूरे विश्व को जोड़ने का काम कर रहा है। भारत पूरे विश्व का गुरु रहा है और आज फिर से आ सकता है। आजादी के बाद से भारत अपने हिसाब से चलने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह भारत फिर से विश्व गुरु बनने को चला है।

यह वही भारत जब खसरा के टीका के लिए विदेशों से हाथ फैलाता पड़ता था आज भारत ने कोरोना के दौर में विदेशों को वैक्सीन देने का काम किया है। यह बदलता हुआ भारत है। योग करके न केवल आप अपने और शरीर को अच्छा कर सकते हैं बल्कि पूरे राष्ट्र को एक नया शक्ति का संचार कर सकते हैं। इसलिए लिए आज हम संकल्प लें कि हम अपने शरीर के लिए अपने देश के लिए, पृथ्वी के लिए, सनातन संस्कृति के लिए, भारत को शिखर पर बैठने के लिए, भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए वसुधैव कुटुंबकम की जो हमारी कहावत है इसको चरितार्थ करने के लिए हम सबको योग करना है।

दुनिया में कोई दवा नहीं बना कि जो हमें जीवन भर तरोताजा रख सके। इसके लिए हमें योग करते रहना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आयुर्वेदिक कालेज कैंपस से लगे 10 एकड़ जमीन पर 100 बिस्तरों वाले योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल के साथ-साथ केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी गई जिसका भूमि पूजन हो चुका है और एक से डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को योग करने की शपथ दिलायी।

हरित योग थीम के साथ किया गया पौधरोपण- योगाभ्यास के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने परिसर में हरित योग अंतर्गत वृक्षारोपण किया। आज सुबह सात बजे सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग प्रशिक्षक विश्वजीत पटेल, शिवनारायण सिंह तथा विवेक तिवारी के द्वारा बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, अर्धकटिचक्रासन, उष्ट्रासन, मत्स्यासन, सहित विभिन्न प्रकार योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास कराया गया। खाद्य विभाग द्वारा योग करने वालों के लिए अंकुरित चना और गुड तथा आयुष विभाग द्वारा काढ़ा प्रदाय किया गया। योग कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती विरांगना श्रीवास्तव तथा गौरव त्रिपाठी ने किया।

आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ योग को भी जीवन में उतारें - डॉ पूर्णिमा

मनेन्द्रगढ़, 21 जून (देशबन्धु)। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की निर्धारित राष्ट्रीय थीम पर विजय नर्सरी हायर सेकंडरी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग परिचर्चा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग एमसीबी जिला के डिप्टी डायरेक्टर रमेश कुमार सिन्हा , सुप्रसिद्ध आयुर्वेदिक विशेषक डॉ पूर्णिमा सिंह , , आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ संदीप चंदेल, वरिष्ठ समाजसेविका इंदिरा सेंगर, मंच पर उपस्थित थे। योग दिवस को समग्र स्वास्थ्य का अभूतपूर्व कार्यक्रम बताते हुए आमंत्रित अतिथियों ने उपस्थित जन समुदाय से अधिक से अधिक योग से जुड़ने की अपील की। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत विजय नर्सरी हायर सेकंडरी विद्यालय के सचिव संजय सेंगर, ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय में बतलाया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत देश में आज 8 लाख से अधिक आयोजन किये गये एवं 175 देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक रमेश कुमार सिंहा ने भारत को योग गुरु की उपाधि देते हुए कहा कि आज हजारों रिसर्च पेपर योग से होने वाले लाभ पर प्रकाशित हो चुके हैं यह सार्वभौमिक सत्य है की योग से शारीरिक, मानसिक लाभ के साथ विचारों में भी शुद्धता एवं विनम्रता आती है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ पूर्णिमा सिंह ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पंचकर्म प्राकृतिक चिकित्सा के साथ योग को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की।

सुखद जीवन जीने की कला सिखाता है योग-भईयालाल

एक पृथ्वी एक योग के साथ हरित योग संगम पर हुआ पौध रोपण

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन सम्पन्न

कोरिया, 21 जून (देशबन्धु)। कोरिया जिले में बारिश के बीच ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उल्लास से मनाया गया। मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े उपस्थित रहे। जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े और नगरपालिका बैकुंठपुर की प्रथम नागरिक श्रीमती नमिता शिवहरे विशिष्ट अतिथि बतौर शामिल हुए। मुख्यालय में सुबह से जारी भारी बारिश ने भी प्रतिभागियों के उत्साह को कम नहीं होने दिया।

योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने मां भारती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके पश्चात सुबह सात बजे से योग प्रशिक्षक अनिल शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों, लोकसेवकों, स्कूली बच्चों तथा बैकुंठपुर नगरवासियों को निर्धारित क्रम अनुसार योग अभ्यास कराया। योग दिवस पर उपस्थित जनों को बधाई देते हुए विधायक श्री भइया लाल राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा,प्रधानमंत्री मोदी जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं,जिन्होंने हमारी संस्कृति को विश्व स्तर पर अलग पहचान दिलाई है। योग से सम्पूर्ण विश्व आपस मे जुड़ा है। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और इसके लाभों का सदुपयोग करें। योग हमारे भारत की

प्राचीन परंपरा है, जिसे जीवन का साथी बनाना चाहिए। नियमित योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने भी सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए ताकि हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहें। योग हमारे पुरातन आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। यदि हम अपने खानपान का भी ध्यान रखें तो सदैव स्वस्थ रह सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा और नगरपालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग अभ्यास को अपनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। योगा दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और योग के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से योग किया और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सभी अतिथियों के प्रति जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन में पहुंचे अतिथियों ने मानस भवन परिसर के समीप योग सेंटर में अलग अलग पौधे लगाए और हरित योग संगम को सफल बनाया। पौधे हमारी प्रकृति को संतुलित करने में मदद करते हैं और यह अत्यंत आवश्यक हैं जिससे हमारा जीवन सुखद हो जाता है। विधायक भइया लाल राजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस कप्तान रवि कुर्रे के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना, श्रीमती नमिता शिवहरे, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने भी पौधे लगाए। जिला स्तरीय आयोजन में वनमण्डलाधिकारी, अपर कलेक्टर श्री मंडावी, एस डी एम श्रीमती दीपिका नेताम सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

करें योग-रहे निरोग, भाजपा एवं नपा ने योग दिवस पर भव्य योग सत्र का किया आयोजन

गिरधर गुप्ता कमल गर्ग विजय शर्मा बंटी सोनी और प्रबुद्ध नागरिकों की रही उपस्थिति

खरसिया, 21 जून (देशबन्धु)। खरसिया नगर के श्री विवेकानंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 21 जून विश्व योग दिवस के उपलक्ष में विशेष योग सत्र का आयोजन नगर मंडल भाजपा और नगर पालिका परिषद खरसिया के द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधर गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी नगर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा सभी पार्षदों मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों एवं सदस्यों तथा खरसिया नगर के प्रबुद्ध नागरिकों युवाओं युवतियों महिलाओं की उपस्थिति में किया गया योगाभ्यास एवं प्रशिक्षण राजनांदगांव से इंडिया फैमिली फिटनेस क्लब के योगाचार्य एवं उनकी टीम द्वारा करवाया गया आगंतुक योग प्रशिक्षको ने योग की विभिन्न क्रियायो तथा शरीर को उनसे होने वाले लाभ और बीमारियों से बचाव की जानकारी भी उपस्थित जनों को दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन सामान्य तक पहुँचाना और सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण आदियोगी भगवान शंकर से प्राप्त योग के सिद्धांत को हमारे ऋषि मुनियों ने देश की सभ्यता संस्कृति की रक्षा एवं मानव के तन मन को स्वस्थ और दीर्घायु बनाने के लिए जन-जन तक पहुंचाया बीच के वर्षों में हम भटक गए थे और योग विलुप्त होता जा रहा था 2014 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद संपूर्ण देश में फिर से योग को प्रतिस्थापित करने के लिए मोदी जी द्वारा प्रयास किए गए उन्हीं की पहल पर 2015 में यूनाइटेड नेशन द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया आज पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति और योग को स्वीकार करते हुए अपना रही है यह हम सब भारतवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की एक कला है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ समाज की ओर कदम बढ़ाएं। मेरा सभी उपस्थित जनों से आग्रह है की लोगों को योग के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करें और उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीवन की प्रेरणा दे। कार्यक्रम के अंत में राजनांदगांव के इंडिया फैमिली फिटनेस क्लब के योगाचार्य एवं उनकी टीम को नगर पालिका द्वारा अध्यक्ष कमल गर्ग के कर कमलों से योग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

खरसिया महका मंडल के ग्राम तिऊर उल्दा में हुआ भव्य आयोजन डॉ हितेश गबेल

खरसिया विधानसभा के महक मंडल अध्यक्ष डॉ हितेश गबेल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मां का मंडल के अनेक ग्रामों में योग के विशेष सत्र का आयोजन किया गया दिन में प्रमुख रूप से ग्राम तिऊर में योग शिक्षक सुरेश साहू और नन्द कुमार केवट,मंडल महामंत्री ओमप्रकाश राठौर, मंडल के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों रमेश साहू, नोवल किशोर कनेर, जनपद सदस्य अमृत सिदार, सरपंच श्रीमति रजनी सिदार के नेतृत्व में संपन्न हुआ, वही ग्राम पंचायत उल्दा में योग शिक्षक पीताम्बर दास महंत के दिशा निर्देशन में मंडल महामंत्री श्रीमती लक्ष्मी देवी साहू, मंडल पदाधिकारी जयप्रकाश डनसेना, मोहन केवट, नूतन पटेल जी, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में योग कार्यशाला का आयोजन

मनेन्द्रगढ़, 21 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में, 'रेड रिबन क्लब' प्रभारी डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के संयोजन में तथा 'राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)' की पुरुष एवं महिला इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों श्री रंजीत मणी सतनामी एवं श्रीमती अनुपा तिग्गा' के सहसंयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके उद्देश्य और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक एवं आत्मिक शांति की ओर ले जाने वाला साधन है तथा उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष के योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इसके पश्चात 'पतंजलि योगपीठ' की प्रशिक्षित योग प्रशिक्षिकाएं श्रीमती बलवीर कौर एवं श्रीमती ईला कर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अन्य उपस्थितजनों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने तन-मन की शुद्धि, संतुलन और मानसिक एकाग्रता के अनुभव को आत्मसात किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। प्रतिभागियों ने यह अनुभव किया कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉ. प्रभाराज के संयोजन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न योग मुद्राओं के कलात्मक चित्र उकेरे गये। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग के प्रति जागरूक करना एवं उसे जीवनशैली का अंग बनाना था। अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे और स्वस्थ, संयमित एवं सशक्त समाज की स्थापना में योगदान देंगे। इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं रेड रिबन क्लब तथा एनएसएस इकाइयों के सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी श्री रंजीत मनी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और योग को निरंतर जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

40 करोड़ 56 लाख 64 हजार का चौड़ीकरण, उन्नयन भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

स्वास्थ्य मंत्री के हाथों चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ चौड़ीकरण मार्ग का हुआ भूमिपूजन

सुगम हुआ आवागमन, राह हुई आसान

आवागमन के क्षेत्र में बढ़ रहा है मनेंद्रगढ़ विधानसभा

एमसीबी/चिरमिरी , 21 जून (देशबन्धु)। आज का ऐतिहासिक दिन चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ दोनों शहरों के लिए खास रहा। चिरमिरी के नगर निगम कार्यालय के समीप मंगल भवन में 40 करोड़ 56 लाख 64 हजार रुपए से चिरमिरी - मनेंद्रगढ़, चैनपुर - साजा पहाड़ मार्ग चौड़ीकरण उन्नयन, जिसकी दूरी 17. 40 किमी0 का भूमिपूजन स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भूमिपूजन पटल का फीता खोलकर शुरुआत की गई। आज का यह ऐतिहासिक क्षण इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज हो गया, जब भी चिरमिरी - मनेंद्रगढ़ पहुंच मार्ग के संदर्भ में याद किया जाएगा तब तब आज का खास दिन जरूर याद आएगा। विदित हो कि यह बहुप्रतीक्षित मांग दशकों से होती रही है किंतु वह क्षण 21 जून के रूप में सामने आया। इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण होते ही चिरमिरी - मनेंद्रगढ़ की दूरी लगभग आधी रह जाएगी वहीं मार्ग सुगम और सुलभ हो जाएगा, दोनों शहरों के अंतर्गत बनने वाले जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज आवागमन मार्ग कम दूरी की वजह से आसान हो जाएगा। मंच से हजारों लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गहरी सांस लेने का आग्रह किया और तीन बार के उच्चारण से योग करे रहे निरोग के यथार्थ को दृष्टांत कराया। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह बात अविश्वसनीय रहा कि कभी साजा पहाड़ रोड बन पाएगा लेकिन उस समय डॉ रमन सिंह मुख्यमंत्री थे और मैं विधायक था और एक बड़ी सोच के साथ चिरमिरी - मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ मार्ग सिंगल रोड स्वीकृत कराया जो सिंगल रोड बाद में बना, कार्यकाल के आखिरी दो साल में 05 किमी0 चौड़ीकरण भी कराया जो चैनपुर से औद्योगिक पार्क तक बना और अब 41 करोड़ के आस - पास चिरमिरी - मनेंद्रगढ़, चैनपुर साजा पहाड़ मार्ग चौड़ीकरण, उन्नयन का आज भूमिपूजन हों रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आप सब जानते है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता और भारतीय जनता पार्टी की सरकार वही बोलती है जो कर सकती है। आपने देखा होगा कि चुनाव में हमने कहां था कि माताओं - बहनों को एक हजार महीना देंगे और वो मिल रहा है, हम किसानों को 3100 रुपए धान का कीमत देने को बोले थे 3100 का हम दाम दे रहे है, तेंदू पत्ता का 5500 रुपए बोले थे वे दे रहे है, प्रधानमंत्री आवास 18 लाख बोले थे उसे स्वीकृत कर दिया गया है और 26 लाख के लक्ष्य को आने वाले समय में पूर्ण करने वाले है। चिरमिरी के परिदृश्य में बोलते हुए कहे कि आजादी के बाद से जितने भी काल खंड रहे होंगे उसमें मेरे 05 साल को भी जोड़ दिया जाए तो उन 65 सालों का कार्यकाल और साय सरकार का 05 साल उन सभी पर 20 ही साबित होगा। श्री जायसवाल ने पर्दे के पीछे रहने वाले विरोधियों को साधते हुए कहा कि देखिए मेरे लिए कई लोग कई प्रकार की बात करते है लेकिन उससे मुझे कोई फरक नहीं पड़ेगा, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मेरे लिए चिरमिरी हो या खड़गवां, या मनेंद्रगढ़ हो या झगराखांड सबसे बराबर प्रेम करता हु और ये सिर्फ कहावत नहीं है। हम खड़गवां में एग्रीकल्चर कॉलेज खोल रहे है तो चिरमिरी हार्टिकल्चर और पॉलिटेक्निक कॉलेज खोल रहे है। मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोल रहे है तो चिरमिरी में जिला अस्पताल और मनेंद्रगढ़ में उसी के बराबर 220 बिस्तर का अस्पताल दे रहे है। रेल्वे की परियोजना को लेकर 05 साल हमे झूठा बना दिया गया, विपक्ष बोलता रहा कि ये लोग झूठा ही नारियल फोड़ दिए है, अरे ऐसे ही नारियल नहीं फोड़ा गया था बकायदा स्वीकृत कराया गया था, पूरी प्रक्रिया कराकर पैसा जारी करा दिए थे लेकिन कांग्रेस ने ये कहकर बनने नहीं दिया कि इसकी जरूरत नहीं है। हम जब चुनाव जीते तो पहला आवेदन मुख्यमंत्री जो को मैने रेल्वे का दिया और 241 करोड़ रुपए स्वीकृत कराया और एक हफ्ते बाद मुआवजा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कई ऐसे काम जो स्वास्थ्य के बारे में हो, शिक्षा के बारे में हो, सड़कों के बारे में हो बड़े काम हो रहे है। श्री जायसवाल ने फॉसिल्स पार्क के बारे में भी बोलते हुए कहा कि कितना गर्व की बात है कि विश्व का चौथा ऐसा पार्क है और अब नक्शे में आने के बाद अध्ययन के लिए एक साल में लगभग 3000 लोग आ चुके है, एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्ति एक हफ्ते में हो जाएगी, चिरमिरी में डाक्टरों के रहने के लिए करोड़ों का निवास बन रहा है, कहने का मतलब है कि आप लोग चिंता मत करे विकास की जिस परिकल्पना को लेकर हम चल रहे है कार्यकाल समाप्त होते हो सभी पूर्ण होगे और कांग्रेस कार्यकाल के अटके, रुके कार्य भी जैसे चौपाटी, मंगल भवन और प्रस्तावित एडवेंचर पार्क भी पूर्ण होगा। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम सभापति संतोष सिंह, लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, एमआईसी बबलू डे, जिला पंचायत निर्माण विभाग सभापति रामजीत भगत, जिला महामंत्री राम लखन सिंह, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, वरिष्ठ नेत्री इंदु पनेरिया, समुद्दीन सिद्दीकी, अशोक कलशा, एमआईसी नरेंद्र साहू, महिला मोर्चा महामंत्री सुनीता सिंह तथा बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

पीएम श्री आत्मानंद एवं सेंट जॉन्स स्कूल में विशेष योग सत्र का किया गया आयोजन

सेंट जॉन्स स्कूल में योग के साथ एक पेड़ मां के नाम पर किया गया वृक्षारोपण

खरसिया, 21 जून (देशबन्धु)। पीएम श्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेजस एवं सेंट जॉन्स स्कूल में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें योग शिक्षकों द्वारा योग से मन मस्तिष्क एवं शरीर को होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए योगाभ्यास करवाया गया कौन से योगासन से शरीर के किस अंग को लाभ मिलता है एवं कौन सी बीमारी से बचाव होता है विद्यार्थी जीवन के लिए कौन से योग लाभप्रद हैं इन सभी के विषय में पीएम श्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य रामनिवास नागवंशी एवं जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल फादर सुरेश टोप्पो द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। सेंट जॉन्स स्कूल में योग के साथ साथ एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। बताते चलें की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण के दौरान इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव दिया था। योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ मन और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है। योग अपने अदभुत स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2015 में आरंभ होने के बाद, हर साल 21 जून को मनाया जाता है। योग, मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। योग, व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगो बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है। पंतजलि के अनुसार योग के 8 सूत्र बताए गए हैं जिसमें यम, नियम, आसन प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि इसमें ध्यान की वस्तु को चैतन्य के साथ विलय करना शामिल है। इसके दो प्रकार है-सविकल्प और अविकल्प। अविकल्प में संसार में वापस आने का कोई मार्ग नहीं होता। अतः यह योग पद्धति की चरम अवस्था है। भगवद्गीता में योग के तीन प्रमुख प्रकार बताए हैं जिसमें कर्मयोग-इसमें व्यक्ति अपने स्थिति के उचित और कर्तव्यों के अनुसार कर्मो का श्रद्धापूर्वक निर्वाह करता है।

'आमि डाकिनी' में 'हुस्न भी, मौत भी', रहस्यों से भरी हैं शो की कहानी : हितेश भारद्वाज

मुंबई। एक्टर हितेश भारद्वाज सोनी टीवी के नए हॉरर शो 'आमि डाकिनी' को लेकर काफी चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि शो की कहानी कोई सामान्य नहीं, बल्कि रहस्य से भरी हुई है। इसकी शूटिंग कोलकाता में की गई है। 'आमि डाकिनी' की टैगलाइन है, जिसमें कहा गया है, 'हुस्न भी, मौत भी।' कहानी डाकिनी नाम की एक रहस्यमयी औरत की है। वह दिखने में बेहद खूबसूरत है, लेकिन स्वभाव से काफी जिद्दी है। वह बहुत कम बोलती है, लेकिन उसकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। उसकी नजरें लोगों को अस्थिर कर देती है और उसकी मौजूदगी बहुत गहरा असर छोड़ती है। उसे सिर्फ एक ही चीज चाहिए, और वो है अपना खोया हुआ प्यार, उसका पति।

सर्वांगासन से बढ़ाएं याददाश्त

■ कम करें तनाव और रखें दिल का ख्याल ■ सर्वांगासन करने से बाहों व कंधों की बढ़ती है ताकत

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। अगर आप भी अपनी सेहत को प्राकृतिक तरीके से बेहतर बनाना चाहते हैं, तो योग आपके लिए सबसे असरदार उपाय हो सकता है। यह सिर्फ दिमाग को शांत करने के लिए नहीं, बल्कि पूरे शरीर को दुरुस्त रखने के लिए जाना जाता है। कई बीमारियों से बचाव, शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ाना और मन को स्थिर रखने में योग की खास भूमिका होती है। ऐसे ही फायदेमंद योगासनों में एक है 'सर्वांगासन', इसे आम भाषा में शोल्डर स्टैंड भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें शरीर को कंधों पर संतुलित किया जाता है।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, सर्वांगासन हमारे शरीर की थायरॉयड और पैराथायरायड ग्रंथियों को सक्रिय करता है। जब हम इस आसन को करते हैं, तो सिर नीचे और पैर ऊपर होते हैं, जिससे गर्दन के पास खून का बहाव बढ़ता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को ज्यादा ऑक्सीजन और पोषण मिलता है, जिससे उसका काम बेहतर होता है। यह हार्मोन संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और मेटाबोलिज्म को ठीक करता है। साथ ही, यह पैराथायरायड ग्रंथि को भी उत्तेजित करता है, जिससे हड्डियों में कैल्शियम का स्तर संतुलित रहता है। सर्वांगासन करने से बाहों और कंधों की ताकत बढ़ती है, क्योंकि इस आसन में शरीर का पूरा भार इन्हीं पर टिका होता है। इससे मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और शरीर में स्थिरता आती है। साथ ही, यह आसन रीढ़ की हड्डी को भी लचीलापन देता है। जब हम इस मुद्रा में रहते हैं, तो रीढ़ सीधी और संतुलित रहती है और पीठ दर्द में राहत मिलती है। यह आसन शरीर को संतुलित और मजबूत बनाने में मदद करता है। यह मस्तिष्क तक ज्यादा मात्रा में रक्त पहुंचाने में मदद करता है। जब हम उल्टी दिशा में खड़े होते हैं, यानी सिर नीचे और पैर ऊपर होते हैं, तो गुरुत्वाकर्षण के कारण खून आसानी से दिमाग की तरफ बहता है। इससे मस्तिष्क को ऑक्सीजन और पोषक तत्व अच्छी मात्रा में मिलते हैं, जो उसकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं।

शिल्पा से लेकर मलाइका तक बॉलीवुड हसीनाओं ने बताया योग का महत्व

मुंबई, 21 जून (एजेंसियां)। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बॉलीवुड अभिनेत्रियों में जबरदस्त जोश दिखा। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, मलाइका अरोड़ा, ईशा कोप्पिकर, नेहा धूपिया, दीया मिर्जा और नीतू कपूर ने योग करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किए। इन वीडियोज में वह अधोमुखश्वानासन से लेकर धनुरासन, चक्रासन, भेकासन, गोमुखासन, हलासन, सर्वांगासन और शीर्षासन तक हर योगासन का अभ्यास करती दिखीं। सभी ने अपने फैंस को योग के लिए प्रेरित किया और बताया कि ये सिर्फ शरीर के लिए नहीं, बल्कि मन और आत्मा के लिए भी कितना जरूरी है।

मलाइका अरोड़ा ने योग दिवस पर एक शानदार वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि योग सिर्फ एक दिन करने की चीज नहीं है, यह तो पूरी जिंदगी के लिए है। अगर दिन की शुरुआत योग से होती है, तो अंत शांति और शुक्रिया के एहसास के साथ होता है। यही असली सुकून है। शिल्पा शेट्टी ने वीडियो शेयर करते हुए योग दिवस पर अपनी बात बड़े ही गहरे अंदाज में रखी। उन्होंने लिखा कि जब हमारे पास कोई चीज एक ही होती है, तो उसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है। इस बार की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है। हमारे जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है, चाहे वो शरीर का हो, मन का हो या आत्मा का। अच्छी सेहत को कमाना पड़ता है, संभालकर रखना पड़ता है। योग सिर्फ पोज नहीं, बल्कि सोच है। यह सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी धरती और समाज के लिए है। वीडियो में नीतू कपूर अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ योग करती दिखीं। उन्होंने लिखा कि सबसे अच्छी विरासत कोई चीज या पैसा नहीं, बल्कि एक-दूसरे के लिए प्यार और योग जैसी अच्छी आदतें हैं। दीया मिर्जा ने योग दिवस की इस साल की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कैप्शन में लिखा कि योग सिर्फ शरीर को नहीं, पूरे समाज को जोड़ने की ताकत रखता है। जैसे हम योग में सांसों पर ध्यान देते हैं, वैसे ही हमें साफ हवा की अहमियत भी समझनी चाहिए। साफ हवा चाहिए तो धरती को भी सेहतमंद रखना होगा।

योग से मुझे आज के पल में जीने की ताकत मिली : संदीपा धर

मुंबई, 21 जून (एजेंसियां)। कई फिल्मों और टीवी शोज का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस संदीपा धर ने अपनी योग यात्रा को अनोखा बताया। खुलासा किया कि कैसे समय के साथ उनका योग के साथ रिश्ता बदलता गया और मजबूत होता गया। संदीपा ने कहा कि पहले उनके लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज था, लेकिन अब यह उनके जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। योग ने उन्हें न केवल शारीरिक रूप से फिट बनाया, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी दिया है। योग से वह खुद से जुड़ पाती हैं। इस बारे में बात करते हुए संदीपा ने कहा कि करीब दस साल पहले मैंने योग मैट पर कदम रखा था, लेकिन उस समय मेरा मकसद वजन कम करना और फिट रहना था। मैंने पावर योग को चुना क्योंकि यह तेज, असरदार और जल्दी नतीजे देता है। लेकिन उन शुरुआती योगासन से अब के बीच के समय में, योग ने मुझे बहुत कुछ चीजें सिखाई हैं, जो मुझे पता ही नहीं थीं। मैं गलत तरीके से सांस ले रही थी।

संदीपा के लिए योग अब सिर्फ शरीर को फिट बनाने का तरीका नहीं रहा। यह उनके लिए एक ऐसा जरिया बन गया है जिससे उन्होंने सांस लेने जैसी सबसे जरूरी और बेसिक चीज को गहनता से सीखा है। योग के जरिए उन्हें खुद को पूरी तरह से वर्तमान पल में जीना सीखने में मदद मिली है।

संदीपा ने आगे कहा कि यह सुनने में तो बहुत आसान लगता है, है ना? लेकिन आज की भागदौड़ भरी दुनिया में हम सही तरीके से सांस लेना ही भूल गए हैं। योग ने न सिर्फ मेरे शरीर को संतुलन किया है, ब्लकि मुझे मेरी सांस भी वापस दी है।

7 साल की वान्या शर्मा चुटकियों में कर जाती हैं कठिन आसन

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजधानी दिल्ली की रहने वाली 7 साल की वान्या शर्मा योग के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरी हैं। मात्र 2 साल की उम्र से योग का अभ्यास करने वाली वान्या आज न सिर्फ खुद योग करती हैं, बल्कि दूसरों को भी योग सिखाती हैं। वान्या शर्मा योग के कई कठिन आसनों में दक्ष हैं और अब तक भारत सरकार के कई प्रोजेक्ट्स में भागीदारी कर चुकी हैं। उनकी योग प्रतिभा को कई मंचों पर सराहा गया है। वान्या अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित रिकॉर्ड्स में दर्ज करा चुकी हैं। इतना ही नहीं, वान्या शर्मा को योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, किरण बेदी, अभिनेता सोनू सूद और अभिनेत्री अमीषा पटेल जैसी कई नामी हस्तियों ने सम्मानित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वान्या की योग प्रतिभा की सराहना कर चुकी हैं। रेखा गुप्ता ने वान्या को विशेष रूप से सम्मानित भी किया था।

वान्या शर्मा योग के बड़े-बड़े आसन को झट से कर लेती है। वान्या ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया कि वो 2 साल की उम्र से योग कर रही है। शलभासन, पूर्ण धनुरासन, चक्रासन समेत कई तरह के आसन करती है। उन्हें इसकी प्रेरणा पिता से मिली। उन्होंने बताया कि उनके पापा ने योग करना सिखाया, जब वो 2 साल की थी। नन्ही योग गुरु के अनुसार योग अनमोल है। योगाभ्यास की अपील करते हुए कहती हैं, सभी को योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए ताकि हम शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर वान्या ने कई प्रकार के आसन करके भी दिखाए। इससे वो सुर्खियों में आ गई हैं। इस छोटी उम्र में योग के प्रति उनकी लगन और उपलब्धियां उन्हें एक प्रेरणास्रोत बना रही हैं।

मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने किया योग

बरेली, 21 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने ग्रांड मुफ्ती हाउस दरगाह आला हजरत पर मदरसे के छात्रों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मानसिक शांति में भी सहायक है। दरगाह आला हजरत पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में दर्जनों मदरसा छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। योग सत्र की शुरुआत प्राणायाम और सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके बाद विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया।

मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन ने स्वयं योग आसनों का प्रदर्शन कर छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। इसे हर रोज करना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल शरीर सेहतमंद रहता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। मौलाना ने योग को धार्मिक सीमाओं से परे बताते हुए कहा कि यह सभी समुदायों के लिए समान रूप से लाभकारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग का अभ्यास किसी भी धर्म या मजहब के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी विधा है, जो मानवता को जोड़ती है।

उन्होंने सरकार और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में भी योग के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रयास करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इसके लाभ उठा सकें।

वहीं, बरेली में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

वर्ल्ड म्यूजिक डे पर लिडियन नादस्वरम ने किया नए प्रोजेक्ट का ऐलान

चेन्नई, 21 जून (एजेंसियां)। लिडियन नादस्वरम, जो 2019 में सीबीएस के टैलेंट शो 'द वर्ल्ड्स बेस्ट' जीतकर पूरे भारत का नाम रोशन कर चुके हैं, ने वर्ल्ड म्यूजिक डे पर अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनका नया खास प्रोजेक्ट 'द तिरुवल्लुवर 1330- म्यूजिकल एथोस' 6 सितंबर को रिलीज होगा। फैंस इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा कि वर्ल्ड म्यूजिक डे की शुभकामनाएं! मैं अपने जीवन के एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट 'द तिरुवल्लुवर 1330- म्यूजिकल एथोस' के बारे में थोड़ा बताना चाहता हूं। इसका पहला हिस्सा 'चैप्टर 1- इंडिया' है। यह प्रोजेक्ट 6 सितम्बर 2025 को रिलीज होगा। जगह, रिलीज का तरीका और पूरी जानकारी जल्दी ही बताई जाएंगी। और भी अपडेट्स आने वाले हैं! उन्होंने आगे लिखा कि इस प्रोजेक्ट में 1000 से ज्यादा आवाजें शामिल हैं, जो दुनिया भर के अलग-अलग संगीत शैलियों से आई हैं। इसके अलावा, कुछ नए संगीत अंदाज भी हैं। इन सबको मिलाकर 'तिरुवल्लुवर' के शब्दों को संगीत के रूप में पेश किया गया है, साथ ही उनके मतलब भी समझाए गए हैं।

'तिरुवल्लुवर' एक बहुत पुराना और प्रसिद्ध तमिल भाषा का ग्रंथ है, जिसमें कुल 1,330 छोटे-छोटे दोहे होते हैं, जिन्हें कुराल कहते हैं। हर कुराल में सिर्फ सात शब्द होते हैं। यह किताब जीवन के तीन मुख्य विषयों पर बात करती है—सद्गुण, धन और प्रेम। इसे इसलिए बहुत खास माना जाता है क्योंकि इसके संदेश सभी लोगों के लिए होते हैं, चाहे उनकी जाति, धर्म या संस्कृति कुछ भी हो।

लिडियन ने इन दोहों को संगीत के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में करें बेल के पत्ते प्रयोग

पेट में जलन, कच्ची डकार जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। बेल एक पवित्र और औषधीय वृक्ष है, जिसका उल्लेख आयुर्वेद में कई रोगों के उपचार में किया गया है। इसके फल, पत्ते, जड़ और तना सभी औषधीय गुणों से भरपूर हैं। इसका उपयोग योग, पाचन में सुधार करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। जर्नल ऑफ हर्बल मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि बेलपत्र कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और दिल के लिए फायदेमंद हो सकता है। बक्सर के डॉ. अरुण कुमार के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने चूहों में स्तन कैंसर मॉडल पर बेल के फल का परीक्षण किया और पाया कि यह ट्यूमर के आकार को 79 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

यूपी के वैज्ञानिकों ने बेलपत्र का अध्ययन किया और पाया कि ये अस्थमा, डायरिया, इंसुलिन स्तर, बालों की मजबूती और मां के दूध की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करते हैं। बेलपत्र में विटामिन-ए, सी, बी6 के साथ कैल्शियम, फाइबर, पोटैशियम आदि पाए जाते हैं। इसके अलावा, इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं। खाली पेट बेलपत्र खाने से मधुमेह के साथ रक्तचाप भी नियंत्रित होता है और संक्रमण न होने का भय रहता है।

जो अपच, पेट में जलन, कच्ची डकार जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, उनके लिए बेलपत्र फायदेमंद हो सकता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, जो पेट के लिए लाभदायक होता है। सुबह खाली पेट ये पत्ते चबाने से पेट की समस्याओं से मुक्ति मिलती है। मधुमेह भले ही लाइलाज है, मगर इसे नियंत्रित कर इससे होने वाली समस्याओं से निजात मिल सकती है।

बेलपत्र खून में शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। ऐसे में मरीजों के लिए बेलपत्र का नियमित सेवन लाभकारी हो सकता है। इसका सेवन आप मौसम के हिसाब से करें, वहीं सर्दियों में एक से ज्यादा बेलपत्र न खाएं।

मिलेट में मौजूद फाइबर रखता है पाचन तंत्र को दुरुस्त

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। यदि आपका पाचनतंत्र सही तरीके से काम नहीं कर रहा और तमाम कोशिशों के बावजूद भी आपको आराम नहीं मिल रहा है तो आपको मिलेट खाना शुरू कर देना चाहिए। इससे आपका पाचनतंत्र मजबूत बनेगा और कब्ज की समस्या भी दूर होगी। क्योंकि, मिलेट में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और कब्ज की समस्या को कम करता है। मिलेट, जिसे हिंदी में बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा आदि के नाम से जाना जाता है, छोटे-छोटे दाने वाला अनाज है जो पोषण से भरपूर होता है। इसे सुपरफूड भी कहा जाता है। चलिए मिलेट के फायदे के बारे में विस्तार से जानते हैं। मिलेट खाने से जहां आपका पाचनतंत्र मजबूत होता है, वहीं इसका नियमित सेवन करने से यह आपके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है और दिल की बीमारियों का खतरा कम करता है। इसमें भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम पाया जाता है।

मिलेट में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम

मिलेट मधुमेह रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर धीरे-धीरे बढ़ता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक तरह से वरदान ही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इन्हें खाने से वजन भी नियंत्रित रहता है।

रोटी, खिचड़ी, दलिया, उपमा, डोसा, इडली के रूप में ले सकते हैं मिलेट को

कई शोध हुए हैं, जिसमें बताया गया कि इसमें फाइबर और प्रोटीन की मात्रा काफी अधिक होती है, जिससे लंबे समय तक आपको भूख नहीं लगती है। इससे वजन नियंत्रित रखने में लाभ होता है। इसके अलावा, यह शरीर की हड्डियों को मजबूत करने में भी कारगर साबित होता है। मिलेट खाने से दांत भी मजबूत होते हैं। मिलेट खाने से पहले इन बातों पर भी गौर करना चाहिए। जैसे कि मिलेट का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। कुछ मिलेट (जैसे बाजरा) में गोइट्रोजेनिक तत्व हो सकते हैं, जो ज्यादा मात्रा में खाने से समस्या पैदा कर सकते हैं। कुछ लोगों को पाचन में भारीपन महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को मिलेट से एलर्जी हो सकती है। हालांकि, यह बहुत कम देखने को मिलता है। अगर आप मिलेट खाना शुरू करना चाहते हैं, तो आप इसे रोटी, खिचड़ी, दलिया, उपमा, डोसा, इडली, या सलाद के रूप में ले सकते हैं। मिलेट खाने से पहले एक बार अपने डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

मीठा नीम स्वाद और सेहत का अनमोल खजाना

■ करी पत्ते का रस दिल की बीमारियों के खतरे को करता है कम

■ आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस, प्रोटीन, विटामिन-बी2, बी6 और बी12 जैसे पोषक तत्व

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। हमारे आसपास कई ऐसे पेड़-पौधे होते हैं, जिनका इस्तेमाल खाने के साथ औषधि के रूप में भी किया जाता है। इन्हीं में से एक है करी पत्ता जिसका उपयोग खाने के साथ औषधि के तौर पर भी किया जाता है।

करी पत्ता जिसे मीठा नीम भी कहा जाता है। इसके पत्ते की संरचना नीम के पत्ते से काफी मिलती-जुलती है लेकिन, इसके पत्ते का स्वाद नीम के पत्ते की तरह कड़वा नहीं होता है। आयुर्वेद के अनुसार करी पत्ता स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है, साथ ही यह पाचन में सुधार भी करता है, इसके साथ यह वजन घटाने में मदद होने के साथ डायबिटीज को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

करी पत्ता का वैज्ञानिक नाम मुराया कोएनिजी है, इसका इस्तेमाल सदियों से भारतीय और श्रीलंकाई व्यंजनों, खासकर सब्जी और अन्य व्यंजनों में छौंक लगाने के लिए किया जाता रहा है। यही वजह है कि इसे करी पत्ता या कढ़ी लीफ के नाम से भी जाना जाता है। यह पौधा मुख्य रूप से भारत और श्रीलंका में पाया जाता है। भारत में, यह दक्षिणी राज्यों में बहुतायत में उगता है, इसी कारण यह दक्षिण भारतीय व्यंजनों का एक अभिन्न अंग बन गया है, जो वहां की लगभग हर डिश में अपनी सुगंध और स्वाद को जोड़ता है।

इस पौधे की ऊंचाई 2 से 4 मीटर की होती है। इसे बीज या छोटे-छोटे पौधों की मदद से घर के बगीचे में या गमले में लगा सकते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार करी पत्ते का रस शरीर में कॉलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर घटाकर दिल की बीमारियों का खतरा कम करता है। यह ब्रेस्ट और फेफड़े के कैंसर से भी बचाता है।

एनआईएच की रिपोर्ट के अनुसार, करी की पत्तियों में एल्कलॉइड, फ्लेवोनोइड और फेनोलिक यौगिक गुण पाए जाते हैं, जो ट्यूमर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। इसके पत्ते कई जरूरी पोषक तत्वों की कमी पूरी करने में मदद करते हैं। करी के पत्ते में आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस, प्रोटीन, विटामिन-बी2, बी6 और बी12 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में जो हृदय रोगियों के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल खाने में करना उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. कुणाल के अनुसार करी पत्ता मधुमेह, रक्तचाप और अनियंत्रित दिनचर्या की वजह से पाचन की परेशानी, अनिद्रा जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। प्रतिदिन करी पत्ते का सेवन करने से आंखों की समस्या में आराम मिल सकता है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर पाचन प्रक्रिया को धीमा करके ब्लड शुगर को अचानक बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, करी पत्ते में पाए जाने वाले एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक गुण ब्लड शुगर को कम करने में भी मदद करता है।

देश विदेश

तुर्की के राष्ट्रपति व अर्मेनिया के प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

इस्तांबुल, 21 जून (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने यहां द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की है। तुर्की राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार शुक्रवार को दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के संबंध में विचार साझा किए। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने दक्षिण काकेशस में हाल के घटनाक्रमों, विशेष रूप से आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही शांति वार्ता पर भी चर्चा की। उनकी इस मुलाकात को असाधारण माना जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच न कभी औपचारिक संबंध बने हैं और न ही 1993 से बंद सीमा खुली है।

प्रशांत क्षेत्र के कई देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लिया भाग

■ इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' के महत्व पर जोर

वेलिंगटन, 21 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी और टोंगा सहित कई प्रशांत देशों ने शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया और इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग प्रतिभागियों ने भाग लिया।

न्यूजीलैंड में, कीवी, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय समुदायों से 150 से अधिक योग प्रेमियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एक साथ योग किया। यह कार्यक्रम न्यूजीलैंड स्थित भारतीय उच्चायोग में हार्टफुलनेस, हिंदू स्वयंसेवक संघ और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से योग सत्र आयोजित किए। न्यूजीलैंड के पूर्व गवर्नर आनंद सत्यानंद इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। न्यूजीलैंड स्थित भारतीय उच्चायोग ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रतिष्ठित बीहाइव (न्यूजीलैंड की संसद) में बड़े उत्साह के साथ योग दिवस मनाए जाने की झलकियां भी साझा कीं। इसके अतिरिक्त, पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग ने एक्टिव सिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसीडीपी) के साथ साझेदारी में राजधानी पोर्ट मोरेस्बी के एला बीच पर योग दिवस मनाया।

समारोह को संबोधित करते हुए पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग के प्रभारी मुकेश कुमार अंबस्ता ने इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' के महत्व पर बल दिया, जो व्यक्तिगत कल्याण और ग्रह के स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध बताता है। टोंगा में, लगभग 60 योग प्रेमियों ने नुकुअलोफ़ा के टानोआ इंटरनेशनल डेटलाइन होटल में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उच्चायोग और फिजी के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र ने टोंगा के विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया था। टोंगा की स्वास्थ्य मंत्री एना अकोला भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इसके अलावा, फिजी में भारतीय उच्चायोग और स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र ने राजधानी सुवा के प्रतिष्ठित ग्रैंड पैसिफिक होटल में योग दिवस समारोह का आयोजन किया।

जापान में सैकड़ों लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

टोक्यो। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को जापान में दो हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। टोक्यो के बौद्ध मंदिर त्सुकिजी होंगवानजी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा की पत्नी योशिको इशिबा ने किया। योग दिवस पर इस साल की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थी। जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने यहां मौजूद लोगों को संबोधित किया, जो बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे।

जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी की पत्नी सतोको इवाया इस मौके पर मौजूद रहीं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर त्सुकिजी होंगवानजी के रेवरेंड म्योकेन हयामा और रेवरेंड तोमोहिरो किमुरा के अलावा भारतीय राजदूत की पत्नी जोइस सिबी मौजूद रहीं। इनके अलावा वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, रेजिडेंट राजदूत और राजनयिक भी यहां मौजूद थे।

इससे पहले, शुक्रवार को जापान में ओसाका एक्सपो 2025 में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। टोक्यो में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और ओसाका प्रांत के उप-राज्यपाल शिगेकी वतनबे ने समारोह का उद्घाटन किया। हजारों लोग इस सामूहिक योग सेशन में शामिल हुए।

यूके में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित

लंदन। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर, यूके में भारतीय प्रवासी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाने पर जोर दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने बताया कि इस बार योग को अधिक से अधिक जगहों पर पहुंचाने पर जोर दिया गया है। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थी। यह थीम पर्सनल वेल-बीइंग और प्लैनेटरी हेल्थ के बीच समग्र संबंध को रेखांकित करती है। लंदन के प्रतिष्ठित स्थलों से लेकर ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज के कैंपस तक, विभिन्न स्थानों पर योगा मैट बिछाए गए। यहां तमाम उम्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यूके में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने समारोहों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की खास थीम के तहत, योग को ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर ले जाने पर फोकस किया गया। हमारे कल्चरल सेंटर ने कई भागीदारों के सहयोग से यूके में कई स्थानों पर, विशेष रूप से ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और साउथैम्प्टन जैसे प्रमुख शहरों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए।

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 22 जून , 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11

राशिफल

मेष - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आपके घर में मित्र और सगे सम्बंधियों के आने से माहौल खुशनुमा होगा। किसी उपहार के मिलने से आपको खुशी होगी। आप आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

वृषभ - आज कोई भी निर्णय लेने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी के साथ भी गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक अस्वस्थता आपके मन को उदास कर देगी। परिवार में मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

मिथुन - आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके उल्लास में दोगुनी वृद्धि होगी। पत्नी एवं बेटे की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

कर्क - नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी।

सिंह - सुस्ती के कारण आपके काम करने की गति मंद पड़ जाएगी। पेट की तकलीफ आपको परेशान करेगी। काम में विरोधी बाधा डाल सकते हैं। आज ऑफिस में अधिकारियों से थोड़ी दूरी रखना बेहतर होगा।

कन्या - आज वाणी पर संयम रखें और किसी नए काम का प्रारंभ न करें। क्रोध एवं आवेश के कारण बातचीत में नुकसान हो सकता है। परिवार एवं मित्रों के साथ भी वाद-विवाद हो सकता है।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती और मनोरंजन के साथ व्यतीत होगा। किसी नए व्यक्ति के साथ आकर्षण महसूस होगा और उनके साथ आपको प्रसन्नता मिलेगी। प्रवास में मित्रों और प्रियजनों का साथ आपके आनंद को दोगुना कर देगा।

वृश्चिक - परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे।

धनु - आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की जरूरत है। पेट संबंधित बीमारियों से परेशानी होगी। किसी भी काम में सफलता न मिलने से निराशा हो सकती है। साहित्य या अन्य किसी सृजनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी।

मकर - आज आपकी मन:स्थिति और स्वास्थ्य कुछ अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न रहेगा। शरीर में ताजगी एवं प्रफुल्लता का अभाव रहेगा। अपनों से मनमुटाव का प्रसंग हो सकता है।

कुंभ - मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

मीन - अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी के साथ संघर्ष हो सकता है। वित्तीय मामले और लेन-देन में सावधानी रखनी पड़ेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। मन पर नकारात्मकता हावी होगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

ऑपरेशन सिंधु के तहत 290 भारतीयों को लेकर वापस लौटी तीसरी स्पेशल फ्लाइट

नई दिल्ली, 21 जून (एजेंसियां)। ईरान से शनिवार को ऑपरेशन सिंधु के तहत तीसरी फ्लाइट नई दिल्ली पहुंची, जिसमें 290 भारतीय थे। इनमें 190 जम्मू कश्मीर के लोग थे। सभी अपने देश वापस लौटकर बहुत खुश हैं। इन लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के साथ भारत सरकार का आभार जताया है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने कहा कि विदेश में भारतीय नागरिकों की सेफ्टी, सिक्योरिटी और वेलफेयर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में दो दिन पहले ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत की गई थी। इस फ्लाइट में तेहरान से 290 यात्री लौटे हैं। हम ईरान की सरकार के साथ-साथ आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमारे नागरिकों को विशेष फ्लाइट्स के जरिए ईरान से आने-जाने में सुविधा प्रदान की। उन्होंने आगे कहा कि अभी जो फ्लाइट लैंड की है, इसमें 290 यात्री थे। इनमें 190 जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश से थे। इसके अलावा हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक राज्यों से भी लोग थे।

इजरायल के ईरानी परमाणु संयंत्रों पर हमले से हो सकती है बड़ी तबाही : ग्रॉसी

संयुक्त राष्ट्र, 21 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने ईरानी परमाणु सुविधाओं पर इजरायली हमलों से परमाणु संदूषण (रेडियोधर्मी और रासायनिक प्रदूषण) के खतरे की चेतावनी दी है। ग्रॉसी ने कहा कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमलों ने देश में परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट ला दी है। हालांकि, अभी तक इनसे जनता को प्रभावित करने वाला कोई रेडियोधर्मी उत्सर्जन नहीं हुआ है, लेकिन ऐसा होने का खतरा है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में अपनी ब्रीफिंग में ग्रॉसी ने कहा कि हालांकि इजरायली हमले के बाद नतांज साइट के बाहर रेडियोधर्मिता का स्तर अपरिवर्तित और सामान्य स्तर पर बना हुआ है, लेकिन सुविधा के अंदर रेडियोलॉजिकल और रासायनिक दोनों तरह का संदूषण है।

उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से अल्फा कणों से युक्त विकिरण, अगर सांस के साथ अंदर जाए या निगला जाए तो एक बड़ा खतरा पैदा करता है। श्वसन उपकरणों का उपयोग करने जैसे उचित सुरक्षात्मक उपायों के साथ इस जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। सुविधा के अंदर मुख्य चिंता रासायनिक विषाक्तता है।

ईरान में परमाणु स्थलों पर हमलों ने देश में परमाणु सुरक्षा व संरक्षा में भारी गिरावट ला दी है : राफेल ग्रॉसी

60 प्रतिशत यूरेनियम को समृद्ध करने के लिए फोर्डो ईरान का मुख्य संवर्धन स्थान है। उन्होंने कहा कि आईएईए को इस समय फोर्डो में किसी भी नुकसान की जानकारी नहीं है। 13 जून के हमले में एस्फाहान परमाणु स्थल पर चार इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

चीन व न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक : ली छ्यांग

बीजिंग, 21 जून (एजेंसियां)। चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने पेइचिंग के जन वृहद भवन में चीन की यात्रा कर रहे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से वार्ता की।

ली छ्यांग ने कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल की स्थिति के मद्देनजर दोनों पक्षों के लिए रणनीतिक संचार को मजबूत करना और चीन-न्यूजीलैंड के बीच आपसी लाभ वाले सहयोग को गहरा करना बहुत महत्वपूर्ण है। चीन न्यूजीलैंड के साथ पारंपरिक मित्रता को आगे बढ़ाने, राजनीतिक आपसी विश्वास को मजबूत करने, व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने, दोनों देशों के आम विकास को बेहतर ढंग से बढ़ावा देने और दोनों देशों के लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने को तैयार है।

ली छ्यांग ने बताया कि चीन और न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्थाएं अत्यधिक एक-दूसरे की पूरक हैं। दोनों पक्षों को व्यापार के पैमाने का और विस्तार करना चाहिए, संयुक्त रूप से मुक्त व्यापार समझौते की टैरिफ कटौती प्रतिबद्धताओं को पूरा करना चाहिए, सेवा व्यापार की नकारात्मक सूची की वार्ता में तेजी लानी चाहिए और व्यापार व निवेश के उदारीकरण और सुविधा को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए। साथ ही हमें नए ऊर्जा वाहन, हरित और निम्न-कार्बन उद्योग, डिजिटल प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, डिजिटल उत्पाद और सेवाओं जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना चाहिए और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को बेहतर ढंग से बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते को पूरी तरह से और उच्च गुणवत्ता से लागू करना चाहिए।

■ चीनी प्रधानमंत्री ने की न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से वार्ता

चाड में झड़पों में 17 लोगों की मौत

याउंडे, 21 जून (एजेंसियां)। चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

■ मारे गए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे

स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से ज़्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने शुक्रवार को गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की।

मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं।

आज का इतिहास

1740- पर्शिया के राजा फ्रेडरिक द्वितीय ने अत्याचार समाप्त और प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी ली।

1799- ब्रिटेन और रूस ने बातापेसे गणराज्य पर आक्रमण करने का फैसला किया।

1807- ब्रिटिश युद्धपोत एचएमएस तेंदुए ने पीछा किया और अमेरिकी फ्रिगेट यूएसएस चेसापेक पर इस विश्वास के साथ हमला किया कि बाद में रॉयल नेवी के रेगिस्तान थे।

1813- 1812 का युद्ध-आगामी आश्चर्यजनक हमले के लिए अमेरिकी योजनाओं के बारे में जानने के बाद, लौरा सेकॉर्ड ने लेफ्टिनेंट जेम्सफिटगाइबोन को चेतावनी देने के लिए पैदल चलकर क्वीनटन, ओंटारियो, ऊपरी कनाडा से 30 किमी (19 मील) की यात्रा की।

1814- एचएमएस लेन्डर ने यूएसएस रैटलस्नेक को सैबल आइलैंड, नोवा स्कोटिया में हराया।

1826- पनामा के पैन-अमेरिकन कांग्रेस ने अमेरिका के गणराज्यों को एकजुट करने की (असफल) कोशिश की।

1857- लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय आधिकारिक तौर पर रानी विक्टोरिया द्वारा खोला गया।

1865- डॉ डब्ल्यू जी ग्रेस ने प्रथम श्रेणी की क्रिकेट की शुरुआत की।

1897-चाफेकर बंधुओं, दामोदर और बालकृष्ण ने पुणे में ब्रिटिश अधिकारी रैंड को गोली मार दी।

1906- स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।

1911- किंग जॉर्ज पंचम को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।

1911- जेक वी और मैरी ऑफ टेक को लंदन में वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग एंड द अनइनटेड किंगडम की रानी का ताज पहनाया गया।

मामला अवामी लीग ने की आईसीटी द्वारा मुकदमे की कार्यवाही शुरू करने की निंदा, कहा

अनिर्वाचित व अलोकतांत्रिक शासन में चिंताजनक स्थिति में बांग्लादेश

ढाका, 21 जून (एजेंसियां)। अवामी लीग ने शनिवार को अपनी पार्टी की नेता और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा मुकदमे की कार्यवाही शुरू करने की कड़ी निंदा की। पार्टी ने इसे मुहम्मद यूनुस के अनिर्वाचित और अलोकतांत्रिक शासन के तहत संचालित शो ट्रायल करार दिया। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज की कार्यवाही की शुरुआत एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि बांग्लादेश अपने अनिर्वाचित, अलोकतांत्रिक नेता मुहम्मद यूनुस के शासन में किस चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है।

■ संयुक्त राष्ट्र पहले ही आईसीटी प्रणाली में निष्पक्ष सुनवाई व कानूनी प्रक्रिया की कमी को लेकर जता चुका है चिंता

अवामी लीग ने यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र पहले ही आईसीटी प्रणाली में निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी प्रक्रिया की कमी को लेकर चिंता जता चुका है। पार्टी का आरोप है कि जब से यूनुस ने सत्ता संभाली है, तब से न्यायाधिकरण ने केवल अवामी लीग के नेताओं पर ही कार्यवाही की है। आम लोगों, पत्रकारों, धार्मिक अल्पसंख्यकों और महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों को नजरअंदाज किया गया है। पार्टी ने शेख हसीना पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल के प्रदर्शनों के दौरान भीड़ पर बल

प्रयोग करने का कोई निर्देश प्रधानमंत्री या वरिष्ठ नेताओं ने नहीं दिया था।

आगे कहा गया है कि हम इस बात से इनकार नहीं करते कि तेजी से बदलते और विकट हालात में हिंसा की घटनाओं के जवाब में जमीन पर सुरक्षा बलों के कुछ सदस्यों के बीच अनुशासन के टूटने से दुखद रूप से जान का नुकसान हुआ। लेकिन, इसे देश के निर्वाचित नेतृत्व द्वारा अपने ही लोगों के खिलाफ नियोजित हमले के रूप में बताना गलत है। राजनीतिक नेतृत्व ने सड़क स्तर पर सुरक्षा बलों की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली भीड़ नियंत्रण रणनीति को तैयार करने या निर्देशित करने में कोई भूमिका नहीं निभाई। पार्टी ने यह भी बताया कि उसने जवाबदेही तय करने के लिए अगस्त की शुरुआत में एक जांच आयोग बनाया और संयुक्त राष्ट्र को स्थिति देखने के लिए आमंत्रित भी किया। अवामी लीग ने यह सवाल भी उठाया कि क्या यह मुकदमा निष्पक्ष होगा, क्योंकि सरकार के कई अधिकारी पहले ही सार्वजनिक रूप से शेख हसीना को दोषी ठहरा चुके हैं। पार्टी ने कहा कि ऐसे हालात में निष्पक्ष न्याय संभव नहीं है।

हसीना के साथ, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी मामले में सह-आरोपी बनाया गया है।

सुडोकू 6951

4						9		7
		9			8		6	
		2		5				
			6	9			2	5
		6	5		4	7		
5	8			3	2			
				7		2		
	2		1			3		
7		5						8

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6951



बायें से दायें:-
१.वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी या अन्य किसी बौधे या प्राणी पर या उस के अंदर पौथों से उसके अंदर रहता है वह अपना भोजन ग्रहण करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिंदी, संसकृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती है
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है तथा चटनी भी बनाया जाता है
९. निर्माण, रचना
१०. हद्दुआ, श्राप
१२. सुबह,,रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

ऊपर से नीचे:-
१. आराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, जिद्दी
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कणई
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१६. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि,
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

वर्ग पहेली-6950

युसुफ कुरैशी, मो. 8109948405

सुडोकू 6951 का हल

4	5	3	2	1	6	9	8	7
1	7	9	3	4	8	5	6	2
8	6	2	9	5	7	1	4	3
3	4	7	6	9	1	8	2	5
2	9	6	5	8	4	7	3	1
5	8	1	7	3	2	4	9	6
6	1	4	8	7	3	2	5	9
9	2	8	1	6	5	3	7	4
7	3	5	4	2	9	6	1	8

दुनिया को जानें

जलवायु परिवर्तन व रहने के स्थानों में कमी से विश्व में सरीसृप प्रजातियां खतरे में

कैनबरा, 21 जून (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन और रहने के स्थानों में कमी के कारण समूचे विश्व में सरीसृप प्रजातियां खतरे में हैं जिसमें दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की लुप्तप्राय पिग्मी ब्लूटंग छिपकली भी शामिल है। अब इन्हें बचाने के लिए इनका नई जगहों पर स्थानातरंण किया जा रहा है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार वैज्ञानिक अब यह पता लगा रहे हैं कि बिलों में रहने वाली 'स्किंक' छिपकली को ठंडे, हरे-भरे वातावरण में स्थानांतरित करने से उनका भविष्य सुरक्षित हो सकता है या नहीं क्योंकि उनके पारंपरिक उत्तरी आवास गर्म और शुष्क होते जा रहे हैं। अध्ययन में तुलना की गई है कि कैसे तीन अलग-अलग प्रकार की 'पिग्मी ब्लूटंग' आबादी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग की सूक्ष्म जलवायु के अनुकूल होती है।

मूल रूप से जेम्सटाउन के पास उत्तरी फ्लिंडर्स रेंज में पायी जाने वाली इन छिपकलियों को लगभग 150 किमी दक्षिण में बुरा के पास मध्य उत्तर क्षेत्र में और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में टार्ली एवं कपुंडा के आसपास अधिक दक्षिणी स्थलों पर स्थानांतरित किया गया है।

खेल जगत

भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: साउथी

लीड्स। इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है।

टीम इंडिया ने पहली पारी में बनाए 417 रन

शुभमन गिल ने बनाए सर्वश्रेष्ठ 147, ऋषभ पंत ने भी ठोका शतक

लीड्स, 21 जून (एजेंसियां)। ओपनर यशस्वी जायसवाल (101) और कप्तान शुभमन गिल (147) के शतकों के बाद विकेटकीपर ऋषभ पंत (134) ने भी शतक ठोका जिसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए। भारत ने लंच तक सात विकेट खोकर 454 रन बनाये थे लेकिन लंच के बाद 17 रन जोड़कर उसके शेष तीन विकेट निकल गए। पहला सत्र कह सकते हैं कि इंग्लैंड के नाम रहा क्योंकि उन्होंने चार विकेट निकाले। हालांकि तीन शतकों की बदौलत भारत 450 रन से अधिक का स्कोर पार कर चुका है।भारत ने अपने कल के स्कोर में 112 रन जोड़े और सात विकेट गंवाए। दूसरे दिन का खेल जब शुरू हुआ तो यही लगा कि भारत आराम से 500 के आंकड़े को पार करेगा। गिल और पंत की जोड़ी मिलकर भारत को 430 के स्कोर तक ले भी गई लेकिन अचानक भारतीय पारी लड़खड़ा गई और मात्र 41 रनों के भीतर भारत ने सात विकेट गंवा दिए। पहले सत्र में गिल, पंत, नायर और शार्दुल का विकेट गंवाने के बाद भारत दूसरे सत्र में पांच ओवर भी नहीं खेल पाया। हालांकि इंग्लैंड की वापसी में योगदान ओवरकास्ट परिस्थितियां का भी रहा। भारत ने सुबह तीन विकेट पर 359 रन से आगे खेलना शुरू किया । गिल ने 127 और पंत ने 65 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दोनों भारत के स्कोर को 400 के पार ले गए। गिल टीम के 430 के स्कोर पर स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर आउट हुए। गिल ने 227 गेंदों का सामना किया और अपनी बेहतरीन पारी में 19 चौके और एक छक्का लगाया। करुण नायर चार गेंदों में खाता खोले बिना बेन स्टोक्स की गेंद पर आउट हो गए। पंत ने बशीर की गेंद पर एक हाथ से छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने फिर कलाबाजी लगाते हुए शतक का जश्न मनाया। पंत को जोश टंग ने पगबाधा किया। पंत ने कोई शॉट ऑफर नहीं किया और आउट हो गए।

लालचंद ने जायसवाल और गिल की जमकर तारीफ की

मुंबई। इंग्लैंड दौरे पर पहले दिन टीम इंडिया ने जिस तरह बल्लेबाजी की, उससे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अनुभवी कोच लालचंद राजपूत बेहद खुश हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। लालचंद राजपूत ने भारत के पहले दिन के खेल की तारीफ करते हुए आईएएनएस से कहा कि मैं बहुत खुश हूं। टॉस हारने के बावजूद नए खिलाड़ियों के साथ जिस तरह से हमने पहले दिन का समापन किया, वह बहुत ही बढ़िया था। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा कि केएल राहुल दुर्भाग्यवश 42 पर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने अच्छा किया। ओपनिंग साझेदारी बेहद अहम होती है। किसी भी टीम को जब ओपनिंग साझेदारी अच्छी मिलती है, तो बड़ा स्कोर होता है। दोनों ओपनर ने अच्छी शुरुआत दी और बाद में गिल और पंत के बीच साझेदारी हुई।

पंत शतकों की हैट्रिक लगाने वाले विशिष्ट क्लब में हुए शामिल

लीड्स। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में धमाकेदार शतक जड़कर एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एशिया के बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा शतक लगाने का यह चौथा मौका है। पंत ने शोएब बशीर की गेंद पर एक हाथ से छक्का लगाकर अपने ट्रेडमार्क अंदाज में नाबाद शतक बनाया, इससे पहले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़े थे। तीनों के शतकों ने विदेश में भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए एक दुर्लभ और विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की। एशिया के बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा शतक लगाने का यह चौथा मौका है। इससे पहले 1986 में सुनील गावस्कर, श्रीकांत और मोहिंदर अमरनाथ ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। 2002 में राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था और 2006 में वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़ और मोहम्मद कैफ ने ग्रॉस आइलेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि दोहराई थी।

शतक के साथ दौरे की शुरूआत करना यादगार क्षण: जायसवाल

लीड्स। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया।हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहाँ आने का आत्मविश्वास मिला।

महिला हॉकी प्रो लीग : बेल्जियम से हारा भारत

एंटवर्प, 21 जून (एजेंसियां)। भारत की महिला हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) में बेल्जियम से 1-5 से हार गई। बेल्जियम के लिए 17 पेनल्टी कॉर्नर वाले रोमांचक मुकाबले में दीपिका (6%) ने भारत को बढ़त दिलाई, इससे पहले हेलेन ब्रासेर (37%, 55%), लूसी ब्रेने (41%), एम्ब्रे बॉलेनघिएन (54%) और चार्लोट एंगलबर्ट (58%) ने गोल करके मेजबान टीम की जीत पक्की कर दी। खास तौर पर बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए। भारत की शुरुआत खराब रही, क्योंकि बेल्जियम ने पहले मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। शुरुआती डर टल गया, और सविता ने जल्द ही स्कोरबोर्ड को अछूता रखने के लिए एक तेज बचाव किया। भारत के हाफ में एक अनफोर्स्ड एरर ने बेल्जियम को फिर से कब्जा दे दिया, लेकिन वैष्णवी ने एक महत्वपूर्ण इंटरसेप्शन के साथ दरवाजा बंद कर दिया। भारत ने दबाव की लहरों को झेलते हुए धैर्यपूर्वक ब्रेक पर अपने मौके का इंतजार किया। जब मौका आया, तो उन्होंने इसका फायदा उठाया। उनके पहले सर्कल में प्रवेश के परिणामस्वरूप एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, और दीपिका के शॉट ने बेल्जियम के डिफेंडर से डिफ्लेक्शन लिया और फिर नेट में जाकर भारत को आगे कर दिया। जैसे-जैसे दूसरा क्वार्टर आगे बढ़ा, भारत ने बेल्जियम के दबाव के बावजूद मिडफील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया और जगह बनाई। हालांकि, बेल्जियम ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन भारत ने चुनौती का सामना किया। नवनीत के एक कुशल रन ने सलीमा टेटे को दाएं फ्लैंक पर सेट किया, जिससे लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। रिबाउंड पर, नवनीत ने सर्कल के अंदर एक जोरदार शॉट लगाया, लेकिन गोलकीपर एलेना सोटगियू ने अच्छा बचाव किया। हाफ-टाइम से कुछ मिनट पहले, लिसा मूर्स ने सर्कल के अंदर से एक शक्तिशाली स्ट्राइक के साथ स्कोर को बराबर करने की धमकी दी, लेकिन भारत की गोलकीपर बिचू देवी ने इसे रोक दिया।

बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में भारत के चार के मुकाबले 10 सर्कल एंट्री करके डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। हेलेन ब्रासेर द्वारा बेल्जियम को बराबरी दिलाने से पहले पांच पेनल्टी कॉर्नर लिए गए। दो और पेनल्टी कॉर्नर आए, और सविता द्वारा कई बेहतरीन बचाव के बावजूद, लूसी ब्रेने ने एक और सेट-पीस के दौरान करीब से गोल करके बेल्जियम को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने अंतिम क्वार्टर में ओपनिंग की तलाश में फ्लैंक्स के माध्यम से वापसी करने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम तीसरे में बेल्जियम की रक्षा काफी हद तक परेशान नहीं हुई।

■ बेल्जियम के सभी पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुए

श्रीलंका, बांग्लादेश ने मैथ्यूज के अंतिम टेस्ट मैच में ड्रॉ खेला

गाले, 21 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गाले में 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का पहला टेस्ट तनावपूर्ण ड्रा में समाप्त हुआ, जिसमें श्रीलंका ने अंतिम सत्र में 32 ओवर बल्लेबाजी की और मैच 72/4 पर समाप्त हुआ। हालांकि परिणाम कागज पर सीधा लग सकता है, लेकिन यह घटनापूर्ण नहीं था, क्योंकि बांग्लादेश ने गेंद के साथ कड़ी मेहनत की, और श्रीलंका ने समय रहते तूफान का सामना किया। 37 ओवरों में 296 रनों के सैद्धांतिक लक्ष्य का पीछा करते हुए, श्रीलंका ने कभी भी गंभीरता से रन बनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन उनकी सुरक्षा का रास्ता भी आसान नहीं था। उन्होंने अंतिम सत्र में चार विकेट गंवाए, जिसमें तैजुल इस्लाम और नईम हसन ने तेजी से मुड़ने वाली सतह का कुशलतापूर्वक फायदा उठाया। तैजुल बांग्लादेश के बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने 23 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांडीमल के विकेट शामिल थे।

हालांकि, मैच बांग्लादेश के लिए एक 'क्या होता अगर' की आशंका छोड़ गया। लंच के बाद बारिश के कारण ढाई घंटे की देरी के बाद, मेहमान टीम ने तुरंत पारी घोषित करने के बजाय बल्लेबाजी फिर से शुरू की। उनका स्पष्ट उद्देश्य कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को मैच का दूसरा शतक पूरा करने देना था - यह उपलब्धि उन्होंने मैच के फिर से शुरू होने के 50 गेंदों में हासिल की।

सार संक्षेप

वेस्टइंडीज टेस्ट के लिए सैम कोंस्टास तैयार

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास बैगी ग्रीन में वापस आ गए हैं - इस बार अधिक परिपक्वता, अधिक आत्म-जागरूकता और शायद थोड़ी कम हिम्मत के साथ, जो छह महीने पहले भारत के खिलाफ उनके आकर्षक पदार्पण की विशेषता थी। महज 19 साल की उम्र में कोंस्टास की क्रिकेट यात्रा पहले ही उन्हें बॉक्सिंग डे टेस्ट की कड़ी मेहनत से लेकर शांत कैरेबियाई हवा तक ले जा चुकी है, जहां वे बुधवार से ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। कोंस्टास ने ब्रिजटाउन में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि 19 साल की उम्र में अपने देश के लिए खेलना, दुनिया भर की यात्रा करना, विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करना और साथ ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना... मैं भाग्यशाली हूं कि मैं जहां हूं, वहीं हूं।

बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

बर्लिन। कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 223 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 224 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 48वें नंबर की खिलाड़ी वांग ने रोलांड गैरोस में जीत के 12 दिन बाद गॉफ को हराकर उनके सात मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया।

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की

नई दिल्ली। मेजर लीग क्रिकेट-225 (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस की मेहनत पर पानी फेरते हुए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की। एमएलसी 225 के 1वें मैच में हार के साथ सुपर किंग्स को सीजन का पहला झटका लगा है। टीम ने इससे पहले सभी तीन मैच अपने नाम किए थे। टेक्सास सुपर किंग्स भी चार में से तीन मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर है, जबकि लगातार चौथी जीत के साथ यूनिकॉर्न्स ने पहले स्थान पर कब्जा जमा रखा है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर किंग्स ने 2 ओवरों में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए।

वियतनाम में अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय महिलाओं ने ट्रॉफी जीती

वुंग ताऊ (वियतनाम), 21 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला अंडर-23 पहलवानों ने वर्तमान में वुंग ताऊ (वियतनाम) में चल रही अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया, उन्होंने कुल 10 पदक जीते। कौशल और दृढ़ संकल्प के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने सभी 10 भार वर्गों में पदक हासिल करते हुए चैंपियन ट्रॉफी जीती - चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य। 50 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशी प्रजापत, 55 किग्रा वर्ग में रीना, 68 किग्रा में सृष्टि और 76 किग्रा भार वर्ग में प्रिया ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते। नेहा शर्मा ने 57 किग्रा में रजत पदक, प्रगति ने 62 किग्रा में रजत पदक, शिक्षा ने 65 किग्रा में रजत पदक, तन्वी ने 59 किग्रा में रजत पदक और ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा में रजत पदक जीता। हिनाबेन खलीफा ने 53 किग्रा में कांस्य पदक जीता। ग्रीको-रोमन कुश्ती में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। इसके अलावा, नितेश ने 97 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि अंकित गुलिया ने 72 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

अमनदीप द्राल ने चेक लेडीज में कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला

मैं ग्रीन को लेकर बहुत उलझन में थी। लेकिन इस हफ्ते में आते ही मैंने अपने पटिंग पर बहुत ध्यान दिया :अमनदीप द्राल

बेरौन (चेक गणराज्य), 21 जून (एजेंसियां)। अमनदीप द्राल, जो 2022 में अपने घरेलू इवेंट में अपना पहला लेडीज यूरोपियन लीग (एलईटी) खिताब जीतने के करीब पहुंच गई थीं, ने शानदार 8-अंडर 64 का स्कोर बनाया और टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन के पहले राउंड के बाद बढ़त हासिल कर ली। एक बोगी के मुकाबले नौ बर्डी के साथ, अमनदीप ने लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ राउंड खेला। सीजन के अपने दूसरे एलईटी इवेंट में खेल रही और रॉयल बेरौन गोल्फ क्लब में कम स्कोरिंग की स्क्रिप्ट पढ़ रही अमनदीप ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। खास तौर पर पिछले हफ्ते (बेल्जियम में कट मिस करने के बाद) लाइन रीडिंग ने निश्चित रूप से अंतर पैदा किया। मैंने पिछले हफ्ते बॉल को अच्छी तरह मारा, लेकिन मैं लाइन को बिल्कुल नहीं पढ़ पाई। मैं ग्रीन को लेकर बहुत उलझन में थी। लेकिन इस हफ्ते में आते ही मैंने अपने पटिंग पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपने स्ट्रोक और अपनी लाइन पर ध्यान केंद्रित किया अन्य भारतीयों की बात करें तो, रूकी हिताशी बक्शी ने 4-अंडर 68 के साथ शानदार शुरुआत की और 12वें स्थान पर रहीं।

क्लब विश्व कप: बायर्न ने नॉकआउट में प्रवेश किया

मियामी, 21 जून (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी 'बॉम्बोनेरा' में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ। हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा।

सबालेंका को हरा कर वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

बर्लिन, 21 जून (एजेंसियां)। छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2,6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 223 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह विंबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 219 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 22 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

कभी 'बिस्किट के पैकेट' के लिए खेला करते थे जावेद, आज रग्बी प्रीमियर लीग में हैं 'नंबर-1' भारतीय

चार मुकाबलों में 20 प्वाइंट्स के साथ जावेद प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर हैं

मुंबई, 21 जून (एजेंसियां)। रग्बी प्रीमियर लीग-2025 (आरपीएल) के एक हफ्ते में 'हैदराबाद हीरोज' अपने सभी चार मैच जीत चुकी है। टीम 15 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। 'हैदराबाद हीरोज' की सफलता का श्रेय काफी हद तक जावेद हुसैन को जाता है, जिनका सफर असाधारण रहा है। चार मुकाबलों में 20 प्वाइंट्स के साथ जावेद प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर हैं। वह इस सीजन लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय हैं।

नई दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले जावेद एक बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। झुग्गी में पले-बढ़े जावेद के घर के पीछे एक जंगल था, जहां उन्हें मजबूरन शौच के लिए जाना पड़ता था, क्योंकि उनके घर शौचालय नहीं था। धीरे-धीरे एक एनजीओ (अर्थ फाउंडेशन) आया, जिसने जंगल को साफ करते हुए यहां एक मैदान बनाया। 'दिल्ली हरिकेंस रग्बी क्लब' के कोच एनजीओ के सहयोग से यहां आए और बच्चों को ट्रेनिंग देनी शुरू की। जावेद वहां अपने दोस्तों को खेलते हुए देखा करते थे, लेकिन यह खेल उनकी समझ में नहीं आ रहा था। इसके साथ ही वह खुद से बड़े बच्चों से डरते थे। एक दिन कोच ने जावेद को देखा और कहा कि वह ट्रेनिंग के बाद उन्हें 'टाइगर' बिस्किट का पैकेट देंगे। ...फिर क्या था, 'बिस्किट' के लालच में जावेद ने रग्बी खेलना शुरू कर दिया। शुरुआत में जब जावेद खेलते थे, तो परिवार के पास ज्यादा पैसे नहीं होते। इसके बावजूद उनके पिता ने बेटे के लिए हर संभव कोशिश की।

अपनी साधारण शुरुआत के बावजूद, जावेद ने यह स्पष्ट किया कि वह पैसे या प्रसिद्धि के लिए नहीं, बल्कि अनुभव और प्रदर्शन के लिए आरपीएल' खेल रहे हैं। जावेद बताते हैं कि जब वह लीग में शामिल हुए, तो पैसे या किसी और चीज की परवाह नहीं थी। वह सिर्फ उन लोगों के साथ खेलना चाहते थे, जिन्हें टीवी पर देखते थे। वह उनसे सीखना चाहते थे। 'हैदराबाद हीरोज' कैंप में जावेद विश्व स्तरीय खिलाड़ियों से घिरे हुए हैं। फिजी के जोजी नासोवा और टेरियो तमानी जैसे ओलंपिक पदक विजेता और उनके स्पेनिश कप्तान मनु मोरेनो जैसे सितारे उनके साथ लॉकर रूम साझा करते हैं, जो एक उभरते रग्बी खिलाड़ी के लिए अमूल्य अनुभव है।

साहित्य

कहानी

ताबूत

■ देव वंश दुबे

रात का यही कोई ग्यारह-बारह का वक़्त रहा होगा । जग्गू के घर में कोहराम मचा हुआ था । बच्चे चीख-चिल्ला रहे थे। उनके मुख से कभी 'माँ' की आवाज़ निकल रही थी , तो कभी 'पापा' की ।

ऐसी दर्द भरी चीत्कार सुनने के बावजूद पड़ोसियों ने उधर कान नहीं दिये । इसके कई कारण हो सकते हैं । जैसे-यह कि 'उसके घर का आंतरिक मामला है , किसी की दख़लअंदाज़ी ठीक नहीं '..... 'पति-पत्नी का झगड़ा है,कौन छुड़ाए ! आज लड़ेंगे,कल एक ही होंगे'..... या?.........या एक कारण यह भी हो सकता है कि उस घर के लिए यह कोई नई बात नहीं थी । मैंने भी कुछ अधिक सोच-विचार नहीं किया । खाना खाने के बाद अपने बिस्तर में जा घुसा ।

अगले दिन पता नहीं क्यों मेरी नींद तभी खुली जब शहर की तमाम सड़कें जाग चुकी थीं । मैं हर दिन की तरह बाहर के कमरे में चाय की चुस्कियाँ लेने लगा और सामने की सड़क से लोगों का आना-जाना देखने लगा ।

इतने में जग्गू सामने आकर खड़ा हो गया और अपने आँसू पोंछते हुए कहने लगा- 'साहब , बहुत मारी है , बुधनी ! देखिए , ये खून के धब्बे ! सिर भी फट गया है ।......और देखिएगा ?.. ये देखिए ! ' वह अपनी कोहनी की फटी चमड़ी दिखाने लगा , जिस पर चूने का लेप चढ़ा हुआ था ।

खून के धब्बे देखकर मेरे रोएँ खड़े हो गये ; सिर चकराने लगा । मैंने समझाने की मुद्रा में उससे कहा , 'तुम पीते ही क्यों हो ? अपनी सारी कमाई पीने में उड़ा देते हो और ऊपर से उसपर शेख़ी बघारते हो । मैं सब जानता हूँ । वह कई घरों में जा-जाकर चौका-चूल्हा करती है , घर में चरखा चलाती है ,सूत कातती है और उनसे मिले पैसों से घर चलाती है , तीन बच्चों को पालती है ।...बच्चे क्या उसी के हैं या तुम्हारे भी हैं ? .....सब कसूर तुम्हारा ही है ।' मेरी आवाज़ में रुखाई तो नहीं थी,पर मेरे बोलने के लहजे से कोई भी जान सकता था कि मैं क्या कह रहा हूँ , क्या सोच रहा हूँ ।

उसने सुबकते हुए कहा , 'नहीं साहब , कल रात मैंने उसे कुछ नहीं कहा था । केवल खाना माँग रहा था । कभी-भी वह खाना नहीं देती ,साहब ! '

मैंने धिक्कारते हुए कहा , 'छिः ! छिः ! तुम औरत पर निर्भर हो । खाना माँगते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती । काम तो करते ही हो । फिर अपनी कमाई से घर के खर्चे क्यों नहीं चलाते !...मुझे नहीं लगता , कोई पति अपनी घर-गृहस्थी संभालेगा,तो उसकी पत्नी उस पर हमला करेगी ।'

'नहीं साहब ! आजकल काम-धंधा बिल्कुल ठप्प है । सौ-पचास से अधिक नहीं मिलते हैं । और वो भी तब , जब किसी के यहाँ बिजली खराब होती है,पंखे नहीं चलते हैं ।.........कोई दूसरा काम तो कर भी नहीं सकता , साहब !'उसके चेहरे पर दीनता उभर आई।

मैंने कहा ,' कुछ तो काम करना ही पड़ेगा तुम्हें । बेचारी कब तक तुम्हें पालती रहेगी । देखो , शाँति से रहो । मुहल्ले के बच्चों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है ।'

मैंने उसे काफ़ी कुछ समझाया और सौ रुपये का एक नोट देकर कहा , 'जाओ-जाओ , खून के धब्बे साफ़ कर स्नान कर लो !......और सुनो ! कुछ दवा-दारू भी करा लेना , हाँ !'

वह चला जा रहा था । अभी जब पास था तो आदमी जैसा तो लग भी रहा था , पर दूर जाते हुए अजीब दिख रहा था । यदि वह खड़ा हो जाए , तो दूर के लोग यही समझेंगे कि किसी नर-कंकाल ने कपड़े पहन रक्खे हैं । हवा का एक हल्का झोंका भी उसे उड़ा ले जाएगा ।

उसके जाने के बाद मैंने अपनी शेष चाय पर दृष्टि डाली , तो देखा, असंख्य चीटियाँ मौके का नाजायज़ फ़ायदा उठा रही हैं । मैंने अपनी दृष्टि उधर से हटा ली और अंदर के कमरे में जाकर चारपाई पर लेट गया। मुझे कई वर्ष पूर्व की उसकी कहानी याद आ रही थी, जिसे मैंने कई लोगों से सुना था ।

उसकी कहानी भी अजीब है ।... पहले वह किसी दफ़्तर में नौकरी करता था । तब बुधिया विधवा थी । गाँव से दूध लेकर आती और बड़े साहब को दे जाती। उन दोनों में प्रेम हुआ और वे दोनों विवाह के धागे में बंध गये । कई मुसीबतें आयीं , लेकिन उन्हें तोड़ नहीं सकीं । उनकी ज़िंदगी हँसी-खुशी से, बड़े मज़े से आगे सरकती रही।

ज़िंदगी का उनका यह सुहाना सफ़र वर्षों तक नहीं चल सका । जग्गू एकदिन दफ्तर से निकाल दिया गया । उसकी शराब की लत ने उसे पटरी से नीचे उतार दिया।

ये शराब की लत भी अजीब होती है । पहले जमा रकम को फूँकती है । फिर अपने घर को !...

अचानक मेरी तंद्रा भंग हो गई ।

बाहर की कुंडी कोई खटखटा रहा था । दरवाज़ा खोला , तो सामने बुधिया को खड़ी देखकर मेरा मन एक बारगी आग बबूला हो उठा । मगर उसके माथे पर चढ़ी पट्टी को देखकर शीघ्र ही संभल गया । मुझे लगा मामला कुछ गंभीर है ।

मैंने जानते हुए भी उससे अनजान-सा पूछा , 'क्यों ? क्या हुआ ?'

वह रोने लगी । अपने आँचल से आँखें पोंछते हुए कहा , 'चलिए बाबू , पहले मेरे घर चलिए । चलकर स्वयं ही उसकी करनी देख लीजिए ,कि कल रात हम लोगों पर क्या बीती है । पास-पड़ोस में रहकर भी आप लोग मेरी मदद नहीं करेंगे , तो मैं कैसे जिऊँगी ? कैसे बाल-बच्चों को पालूँगी !'

मैंने कहा , 'भई , तुम लोगों का यह आपसी झगड़ा है । पति-पत्नी का घरेलू झगड़ा । कौन किसे समझाएगा ! आज लड़ोगे,कल मेल कर लोगे । बीच में कौन पड़ना चाहेगा, बताओ न ! कल रात तो तुमने उसे मारा- पीटा भी है । कितना खून बहा है उसका । देखो , भविष्य में ऐसी ग़लती कभी मत करना , समझी ! यदि वह थाने चला जाए , तो बुरी तरह फँस जाओगी । वह रोता-बिलखता चारों तुम्हारी निंदा करता चल रहा है । क्या तुम्हें यह सब अच्छा लग रहा है !

'नहीं बाबू , मैं उसके हाथ-पाँव तोड़ दूँगी । जब मुझे ही अपनी कमाई से सबको खिलाना है , तो ऐसे तो उसे नहीं छोड़ूँगी । मेरी कमाई से वह घर में खाए और अपनी से दारू पिए ; यह तो नहीं हो सकता !'उसने सिर पर हाथ रखकर संकेत किया,' यहाँ देखिए,बाबू ! यहाँ देखिए ! मेरे सिर में चार टाँके लगे हैं । कल रात उसने चारपाई की पाटी से मेरा खून बहाया है और मैं उसे खाना दूँगी ! जब सधवा में ही विधवा का एहसास हो रहा है,तो मैं इसकी लात-बात क्यों सहूँ ...!'

■ किसान राइस मिल के पीछे,
कृष्ण नगर,
नमना कला, अंबिकापुर –
497001,सरगुजा, छत्तीसगढ़
■ मो.7879076271

बातचीत का सिलसिला थमा नहीं था । दो-चार बुज़ुर्ग और इकट्ठे हो गये । बुधिया बार-बार अपने घर चलने के लिए ज़िद करती रही । हमलोग भी ज़्यादा मना नहीं कर सके ; उसके साथ उसके घर चले गये ।

उसका कमरा अपनी कथा-व्यथा खुद कह रहा था । किरासन तेल की बदबू हर तरफ़ थी । चारों तरफ सामान बिखरे पड़े थे । मैंने सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए पूछा , 'तो ये सब रात की ही लीला है ? '

तड़ से जवाब दिया बुधिया ने ,'हाँ, बाबू ! रात की ही है । वह पीकर आया और खाना माँगने लगा।'

'ऐसे समय में तो तुम्हें खाना ही दे देना चाहिए ।' एक बुज़ुर्ग ने सलाह के लहजे में ज़ुबान खोली , 'जब जान रही थी कि वह पीकर आया है,तो उससे उलझना ही नहीं चाहिए था ! ऐसे में तो जो कहे, वही तुम्हें करना चाहिए । '

वह बुज़ुर्ग की ओर मुख़ातिब हुई और तीन चार घड़े सामने लाकर रख दिए । 'कुछ रहे , तब न दूँ , बाबा ! देखिए न ! किसी भी घड़े में न तो चावल है, न ही आटा ! कल रात तो हम लोग भूखे- प्यासे ही सो रहे थे कि वह आया और बस अपना नाटक शुरू कर दिया । गाली-गलौज, मारपीट ! ....वह तो बाहर का दरवाजा निकालकर बेचने ले जा रहा था । कह रहा था- मेरा घर है , जो चाहूँगा करूँगा ।,.......तुम बोलने वाली कौन होती हो ? ....उसने अती कर दी थी , बाबा ।......जब मैंने उसका विरोध किया , तो उसने सामान को इधर-उधर फेंकना शुरू कर दिया ।.....काफी देर तक वह मिट्टी तेल लेकर मेरे पीछे-पीछे दौड़ता रहा और मैं इधर-उधर भागती रही । तभी उसने एक चारपाई की पाटी मेरे सिर पर दे मारी । फिर क्या ! खून से मेरे पूरे कपड़े रंग गए ।.....बच्चों की बात क्या बताऊँ ? मेरी हालत देख वे भी रोने-चिल्लाने लगे थे । .....मैं क्या करती ! जब बर्दास्त के बाहर हो गया, तभी मैंने उसे मारा है , बाबा!.......हार कर ही मैंने उसका प्रतिकार किया है।......वरना कौन ऐसी औरत होगी , जो अपने मर्द पर हाथ उठाएगी । आप ही बताइए न ! कहाँ से इतना कमाऊँ और सभी के पेट पालूँ। वह हम ही से पीने के लिए भी पैसे माँगता है । कहाँ से लाऊँ पैसे ? तीन घरों में तो बर्तन माँजना भी बंद कर दी हूँ और वो भी इसी के कारण । रोज-रोज मुझे मारता है और मेरे चरित्र का शंका करता है । अब तो दो ही जगह जाती हूँ , वहीं से थोड़ा-बहुत खाना लाकर बच्चों को खिला-पिला देती हूँ । अधिकतर मैं भी उन्हीं के यहाँ से कुछ खा-पी कर लौटती हूँ । घर में तो बस थोड़ा बहुत सूत कातती हूँ , जिससे घर के अन्य खर्च चलते हैं......' वह एक ही साँस में सब कुछ कहती चली गयी। हमलोग मात्र निर्जीव-से मूक श्रोता बने रहे।

उसके घर से लौटते वक़्त हम लोगों ने उसे तसल्ली दी कि उसके पति को समझा दिया जाएगा । और यदि नहीं मानेगा,तब कोई और उपाय सोचेंगे। सभी जन इसके बाद अपने-अपने घरों की ओर हो लिए ।मैं भी लौट चला था।रास्ते में मेरे दिमाग में अजीब बेचैनी महसूस हो रही थी कि यह घर,घर नहीं ताबूत है । इसके अंदर जीवित लाशें कराह रही हैं। अंदर न तो कोई रोशनी है और न ही आगे किसी जादुई चिराग़ की उम्मीद ही है।

उनकी ज़िंदगी और मौत के बीच का फ़ासला उत्तरोत्तर कम होता चला जाएगा । और हम तटस्थ भाव से आदमी होने का प्रमाण दिखाते चलेंगे ।

कविताएं

जंगल

■ शंकरानंद

ये जो पेड़ हैं खड़े एक साथ असंख्य
एक दिन में नहीं बन गए इतने सघन
एक दिन में नहीं जम गई
इनकी जड़ें पृथ्वी की आत्मा तक गहरी

ये जो पेड़ हैं एकांत के संगीत के बीच चुपचाप
तने हुए हैं आसमान को अपने माथे पर टिकाये
इतने गहरे हरे जितना कोई रंग शायद ही होगा

ये पृथ्वी जो इतनी सुन्दर है
मशीनों और सीमेंट की मीनारों के कारण नहीं
उन पेड़ों के कारण सुन्दर है
जिनके बारे में हमे पता भी नहीं होता

वे पेड़ चुपचाप रंग भरते हैं
उनकी भी जिंदगी में
जिनकी दुनिया में बारहों महीने दरारें पड़ी रहती है!
---- ---- ---- ---- ---- ---- ----
एक एक पेड़ को मिलाकर
तैयार होता है एक जंगल
इस तरह एक घर तैयार होता है उनके लिए
जो सिमटते जा रहे हैं इस पृथ्वी पर
जो विलुप्त होते जा रहे हैं धीरे धीरे

न जाने कितने जीव
न जाने कितने पशु
न जाने कितने पक्षी
कीड़े मकौरे चींटियाँ
सब रहते हैं उसी जंगल में
जो आसमान से देखने पर हरी चादर जैसा दिखता है
उस एक हरी चादर को देखने पर
कोई अंदाजा नहीं लगा सकता कि
कितने जीव जी रह रहे हैं इस जंगल में

जंगल सिर्फ पेड़ों का खजाना नहीं है कि
उसे लूट लिया जाये
वह किसी के जीने का सहारा भी है
घर है उनके लिए
जिनके लिए इस पृथ्वी पर
जगह घटती जा रही है दिन ब दिन
---- ---- ---- ---- ---- ---- ----
ये जो बुलडोजर की कतारें दिख रही हैं
इतनी शांत और चुप
ये उतनी ही हिंसक और क्रूर हैं
जितना वह दिमाग जो जंगल तक पहुँच गया है
अपनी लालसा और जिद के लिए

उसके लिए न पेड़ पेड़ है
न जंगल जंगल
ये एक ज़मीन भर है
जिसपर उसकी आंखें टिक गई हैं
उसे ये ज़मीन चाहिए
तो उसी लालसा की पूर्ति के लिए
ये बुलडोजर लाये गए हैं दर्जनों की संख्या में
ये मिनटों में उजाड़ देते हैं जंगल
बना देते हैं पाट कर उसे समतल जमीन

जिसने एक पौधा नहीं रोंपा जीवन में
वह पेड़ों को कटते देख रहा है
गिरते देख रहा धूल में
और खिल रहा है उसका चेहरा
इस तरह नष्ट हो रही है एक दुनिया
और दुनिया उसे नष्ट होते देख रही है7
---- ---- ---- ---- ---- ---- ----
बुलडोजर चल रहे हैं
कट रहे हैं पेड़
भाग रहे हैं हिरण
सहमे हुए हैं मोर
चिंघार रहे हैं हाथी

सारे जीव भाग रहे हैं
उनका घर उजड़ रहा है
वे रो रहे तो उनका रोना नहीं दिख रहा
वे जिस जंगल में करते थे अठखेलियाँ
आज वहां सिर्फ शोक है
ये शोक घर उजड़ने का है

एक एक पेड़ न जाने कितनी जिंदगी कुचल रहा है
न जाने कितने जीव मर रहे हैं
मिल रहे है उस मिट्टी में
जिसमे अभी उन्हें और जीना था
और सजाना था इस घर को
और सजाना था इस पृथ्वी की साँस

लेकिन वे भाग रहे हैं बदहवास
वे सोच रहे हैं कि बच जाएंगे
वे भूल रहे हैं कि ये नया मनुष्य है
जो मृत्यु पर उत्सव मनाता है
उजारने पर देता है शाबाशी

ये लोहे की आत्मा के साथ पैदा हुआ है
जो कुछ भी कुचल देने को आतुर है
उसकी ममता पत्थर हो गई है!
---- ---- ---- ---- ---- ---- ----
ये पहाड़ किसी एक के नहीं हैं
ये नदी किसी एक की नहीं है
ये जंगल किसी एक के लिए नहीं है
फिर भी हर जगह उसी का कब्ज़ा है

हर जगह एक मौका है
हर अवसर एक साजिश
जिसके पीछे की मंशा
सब कुछ पर सिर्फ अपना कब्ज़ा करना चाहती है

चार लोग एक जगह बैठते हैं
आपस में विचार करते हैं
मसौदा तैयार होता है
फिर सब मिलकर
हस्ताक्षर करते हैं उस पर
और इस तरह एक आदेश निकल जाता है

फिर उसको पूरा करने में सारी ताकत लग जाती है
लोग मारे जाते हैं
जंगल काटे जाते हैं
नदियाँ सूखती जाती हैं
जीव मारे जाते हैं

लेकिन यह सब अपराध की श्रेणी में नहीं आता
विकास की श्रेणी में आता है
एक ऐसा विकास जो जंगल की कब्र पर टिका है और
जिसकी नमी में असंख्य जीवों के रक्त पानी की तरह
घुल गए हैं

जंगल उतनी ही आसानी से मिट रहे हैं इस पृथ्वी पर
जितनी आसानी से पानी पर लिखा कोई नाम
श्यामपट्ट पर खड़िये से लिखा एक शब्द
जैसे जंगल
काग़ज के एक पन्ने से बड़े से बड़ा जंगल लिखा हुआ
मिट जाता है!

❖ क्रांति भवन,कृष्णा नगर ,खगड़िया
मो.8986933049

व्यंग्य

चंद मिनटों में पाएं मनचाहा प्यार और सौतन से मुक्ति

■ विनोद कुमार विक्की

भारतीय रेलवे की जनरल बोगी की दीवार अपने आप में विज्ञापन की चलती फिरती अद्भुत दुकान है. टीवी, मोबाइल का विज्ञापन समय उपरांत बदलता है लेकिन तीस मिनट से तीस घंटा तक के सफर में नेताओं के फितरत की तरह रेलवे की दीवारों पर सरकारी एवं गैर सरकारी विविध विज्ञापनों से की गई नक्काशी अपरिवर्तनीय रहती है। अलार्म पुलिंग चेन के नीचे बेवजह चेन खींचने एवं यात्रा के दौरान सिगरेट-बीड़ी के तलब गारो के लिए वैधानिक विज्ञापन, तो छात्र,बेरोजगार,रोगी आदि हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी स्टिकर वाला स्व प्रमाणित विज्ञापन, रिजल्ट की शत प्रतिशत गारंटी वाली कोचिंग का विज्ञापन, बेरोजगारों के लिए घर बैठे पंद्रह से पचास हजार रुपये कमाई का मौका दे रही संस्थान का विज्ञापन ,मुफ्त मोतियाबिंद इलाज, चर्म रोग, डायबिटीज़, बिना टीका चीरा के आप्रेशन,शराब छुड़ाई,कब्ज से गुप्त रोग तक का शर्तिया इलाज वाले विज्ञापनों का सामंजन आपको भारत में विविधता में एकता का संदेश देती नजर आएगी. जिन पर ना चाहते हुए भी तीन घंटे के सफर में तीन सौ बार आपकी नजर जानी ही जानी है। वैसे भी टीवी का विज्ञापन रहे तो रिमोट से चैनल बदला जा सकता है पेपर का विज्ञापन हो तो पेज को बदला जा सकता है, मोबाइल का विज्ञापन हो तो स्किप किया जा सकता है किन्तु मशक्कत से प्राप्त दुर्लभ ट्रेन सीट को बदलने का रिस्क भला कौन ले !



विज्ञापन से याद आया कि जो दिखता है, वही बिकता है और जो दिखाता है वही बिकवाता है. हमारे देश में दिखाने और बिकवाने वाली मानवीय प्रजाति दो ही है, पहला नेता और दूसरा बाबा. नेता की चर्चा के लिए भारतीय व्यंग्य साहित्य में एक से एक महाग्रंथ उपलब्ध है. तो चलिए आज के प्रसंग में बाबा जी पर ही थोड़ी बहुत मगजमारी की जाय। इंडिया बाबाओं का देश है। जंगल,जेल से रेल तक हर वेरायटी के बाबा यहाँ अवेलेवल हैं. बात रनिंग ट्रेन की हो और बाबा की कृपा रूक जाए, ऐसा कदापि संभव नही।

> विज्ञापन से याद आया कि जो दिखता है, वही बिकता है और जो दिखाता है वही बिकवाता है. हमारे देश में दिखाने और बिकवाने वाली मानवीय प्रजाति दो ही है, पहला नेता और दूसरा बाबा. नेता की चर्चा के लिए भारतीय व्यंग्य साहित्य में एक से एक महाग्रंथ उपलब्ध है. तो चलिए आज के प्रसंग में बाबा जी पर ही थोड़ी बहुत मगजमारी की जाय।

रेल यात्रा के दौरान आपको दशको से मंदिर निर्माण को कृत संकल्पित चंदा मांगते या भिक्षाटन करते हुए बाबा मिले ना मिले लेकिन टोटल समस्या समाधान वाले गोल्ड मेडलिस्ट स्टिकर बाबा का विज्ञापन मिलना ही मिलना है. सकल बाधा हरने वाली विज्ञापन में इनके वास्तविक नाम की बजाय किराए या उधार पर लिया गया जनकल्याणकारी भाव वाला नाम लिखा रहता है जिसके आगे गोल्ड मेडलिस्ट होने का उल्लेख किया जाता है। बाबाजी को यह गोल्ड मेडल शिक्षा, मैराथन ,तीरंदाजी या जुमलेबाजी किस क्षेत्र में मिला है, इसका उल्लेख कहीं नहीं किया जाता।

संभवतः स्टिकर में स्थान अनुपलब्धता या प्रति शब्द छपाई की कीमत का अतिरिक्त भार की वजह से इसका उल्लेख करना मुनासिब ना समझते हों! वैसे इनके मेडलिस्ट होने पर ज्यादा मगज नहीं खपाने का, क्योंकि तंतर-मंतर से जब खोया प्यार,जायदाद,जवानी,ऐश्वर्य सब कुछ हासिल हो सकता है तो नामुराद गोल्ड मेडल कौन सी बड़ी चीज है. इनके स्टिकर पर स्वयं या इनके रामबाण क्लिनिक,दफ्तर,संस्थान की तस्वीर ना होकर शिरडी के साईं की तस्वीर उसी तरह लगी रहती है, जिस तरह भारत सरकार के सरकारी पत्र पर राष्ट्रीय चिह्न अंकित रहता है. पता और स्थान का उल्लेख नही रहता संभवतः आधार कार्ड से लिंक नही होने की वजह से स्थाई पता की तलाश में बाबा का ठिकाना सदैव परिवर्तन शील रहता है. स्टिकर में अंकित दो-तीन मोबाइल नम्बर ही चिकित्सा पद्धति या समस्या समाधान का एकमात्र जरिया होता है. ये बाबा विशुद्ध सेकुलर होते हैं क्योंकि इनके विज्ञापन कैटलॉग पर क्रॉस,786,ऊँ सहित सभी धर्मो का प्रतीक चिह्न मुद्रित रहता है. ऐसे स्वयंसिद्ध चमत्कारी बाबा कबीर के स्वघोषित वंशज होते हैं क्योंकि ये 'कल करे सो आज कर, आज करे से अब...'वाली नीति के पक्षधर होते हैं. जर-जोरू-जमीन के जिन दीवानी और फौजदारी मामलो का निष्पादन तारीख पर तारीख हॉलमार्क वाली संस्थान के जज वर्षो में भी नहीं कर सकते उन मामलों का निपटान ये चुटकियों में करने का माद्दा रखते हैं।

ये शिव के कलयुगी अवतार होते हैं इनके विज्ञापन में मानव के संहार की खुलेआम चर्चा होती है. इनके विज्ञापन में एक-एक शब्दों से बनी पंक्तियाँ यमराज का सर्कुलर अथवा तानाशाह का फरमान जैसा प्रतीत होता है. विश्वास ना हो तो स्वयं आकलन कर लें क्योंकि ये स्वयंभू बाबा फोन पर ही आधा घंटा के अंदर सौतन को तड़पते देखने का दंभ भरते है। जमीन, जायदाद प्रेम, पैसा के विवादों व दुश्मनों को मिटाने का अदम्य कार्य को महज चंद मिनटों में करने का शर्तिया दावा करते है। ये खुलेआम विज्ञापन की चोट पर काला जादू के जानलेवा प्रयोग का प्रचार-प्रसार करते है. मरने-मारने का दावा करते हैं, लेकिन मजाल क्या है भारतीय संविधान का कोई कानून इन बाबाओं की जंतर तक उखाड़ सके।

भारतीय रेलवे एक्ट में भी ज्वलनशील वस्तुओं के साथ यात्रा करने पर दंड का प्रावधान है लेकिन ज्वलनशील भड़काऊ विज्ञापन चिपकाने पर कोई विधान नहीं है। जब कानून को फर्क ही नही पड़ता तो हमें इसके विरोध की क्यों खुजली हो रही भाई। जब रेल सफर मे बढ़े हुए फोता या हाइड्रोसिल की प्रतीकात्मक चित्र वाली विज्ञापन देखने को हम अभ्यस्त हो चुके हैं तो बाबा की बाबागिरी वाले विज्ञापन से कौन सा सेहत का इम्यूनिटी लॉस होने वाला है। यदि आपको भी रनिंग ट्रेन की तरह इन बाबाओं की रनिंग संस्थान से लाभ प्राप्त करना है, तो भारतीय रेल के जनरल डिब्बों में आपका स्वागत है।

राज्य सरकार 71 करोड़ रक्षा मंत्रालय को देकर 290 एकड़ जमीन एयरपोर्ट प्रबंधन को तुरंत दे

केंद्र और राज्य में एक ही सरकार और जमीन का पैसा देश की रक्षा में ही काम आएगा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव स्वयं दखल दे

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से मांग की है की रक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आधार पर 71 करोड रुपए जमा कर 290 एकड़ जमीन वापस लेकर बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट प्रबंधन के हवाले की जाए। समिति ने कहा की केंद्र और राज्य दोनों जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और उसके बाद भी भूमि हस्तांतरण का मामला डेढ़ साल से लंबित है इसे हल करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव जो बिलासपुर क्षेत्र से ही आते हैं उन्हें दखल देना चाहिए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने ब्यौरा देते हुए बताया कि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट का विस्तार और वहां बड़े विमान की आवाज आई तभी संभव है जब वर्तमान रनवे की लंबाई 1500 मीटर से बढ़कर कम से कम 2200 या उससे भी आगे 2800 मीटर कर दी जाए। वास्तविक हवाई सुविधा के लिए बड़े विमान का आवागमन सुनिश्चित करना आवश्यक है क्योंकि देश में जो विमान उपलब्ध है उनमें 80त्न विमान बड़े विमान ही है और उनमें हवाई यातायात कम किराए से संभव होता है। समिति ने कहा कि 2023 में ही छत्तीसगढ़ सरकार में 93 करोड रुपए जमीन वापसी के लिए जमा कर दिए थे परंतु रक्षा मंत्रालय में पूरी 1012 एकड़ के एवज में 93 करोड रूपए नहीं स्वीकारें और 290 एकड़ जमीन के लिए 71 करोड रुपए की मांग रखी थी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा यह मामला तभी से आज तक लंबित पड़ा है और डेढ़ वर्ष होने के बाद भी जमीन खाली पड़ी है परंतु एयरपोर्ट के रनवे विस्तार हेतु इसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति में राज्य सरकार और विशेष कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से अपनी मांग दोहराई है कि 71 करोड रुपए रक्षा मंत्रालय को मांग के अनुसार देकर 290 एकड़ जमीन ले ली जानी चाहिए। समिति ने कहा की रक्षा मंत्रालय को राज्य शासन जो भी पैसा देगा वह देश की रक्षा में ही खर्च होगा अतः इस पुनीत कार्य के लिए पैसे का मोल भाव या उसके बारे में अन्य विचार विमर्श नहीं करना चाहिए।

वैसे भी राज्य सरकार बची हुई 725 एकड़ जमीन के संबंध में रक्षा मंत्रालय से आगे की चर्चा कर सकती है परंतु 290 एकड़ जमीन तुरंत वापस लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंप जानी चाहिए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के क्रम से सर्व श्री बद्री यादव अशोक भंडारी संतोष पीपलवा समीर अहमद बबला मजहर खान मनहरण केवट हरप्रसाद केवट महेश दुबे टाटा देवेंद्र सिंह ठाकुर गोपाल दुबे जसबीर चावला चंद्र प्रकाश जायसवाल रामा बघेल शाहबाज अली मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

खाद और कृषि दवाई दुकानों में निरीक्षण 5 दुकान संचालकों को शो काज नोटिस

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने आधा दर्जन खाद और कृषि दवाई दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। लापरवाही और गड़बड़ी के आरोप में 5 दुकान मालिकों को शो काज नोटिस जारी किया गया है। एक सप्ताह में उनसे जवाब तलब किया गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की चेतावनी जारी की गई है। उप संचालक कृषि ने किसान हित को ध्यान रखते हुए निरीक्षण टीम को एक्शन मोड में ला दिया है। प्रतिदिन आकस्मिक रूप से दुकानों में दबिश देकर जांच रिपोर्ट उन्हें सौंपेंगे।

गौरतलब है कि कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक विकय एवं कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने तथा गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके, के उद्देश्य से तथा विक्रय लाईसेंस के शर्तों के अनुरूप रिकार्ड संधारण व पीओएस मशीन से उर्वरक विकय सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में 20 जून को कलेक्टर बिलासपुर के निर्देश एवं उप संचालक कृषि बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड तखतपुर अन्तर्गत मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र सकरी, मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र एवं खाद भंडार काठाकोनी, मेसर्स देव बोरवेल्स जोरापारा, मेसर्स ओम साई ट्रेडर्स जरौधा तथा मेसर्स किसान सेवा केन्द्र तखतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

जिसमें मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र सकरी में स्टॉक पंजी, मूल्य सूची एवं अनुज्ञप्ति प्रदर्शित नहीं किये जाने तथा अवसान हुए कीटनाशक औषधि पाये जाने के कारण विक्रय प्रतिबंध करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मेसर्स कौशिक कृषि केन्द्र एवं खाद भंडार काठाकोनी, मूल्य ,टॉक सूची प्रदर्शित नहीं एवं निर्धारित प्रारूप में स्कंध एवं बिल बुक नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। मेसर्स देव बोरवेल्स जोरापारा को अनुज्ञप्ति में फार्म ओ समावेश हेतु कड़ी चेतावनी दिया गया। मेसर्स ओम सांई ट्रेडर्स जरौधा में अनुज्ञप्ति नवीनीकरण करवाने तथा बिल बुक एवं स्कंध पंजी में निरीक्षक से सत्यापित करवाने हेतु चेतवानी देते हुये नोटिस जॉरी कर जवाब मांगा गया। इसी प्रकार मेसर्स किसान सेवा केन्द्र तखतपुर में डिस्पले बोर्ड में उर्वरको की मात्रा अंकित नहीं थी। निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी का संधारण नहीं आईएफएमएस. पोर्टल एवं गोदाम में रखे उर्वरकों का मिलान नहीं होने, उर्वरक प्रतिवेदन नहीं भेजने, अवसान हुए कीटनाशक औषधि पाये जाने के कारण विक्रय पर प्रतिबंध करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उक्त कृषि केन्द्रो को स्पष्टीकरण तामिल हेतु सात दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन और जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।समय सीमा एवं संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जावेगी ।

जिला स्तरीय निरीक्षण दल में अनिल कुमार शुक्ला सहायक संचालक कृषि, उमेश कश्यप ग्रा.कृ.वि.अधिकारी, विजय धीरज ग्रा.कृ.वि.अ.,खेमराज शर्मा ग्रा.कृ.वि.अ. कार्यालयीन एवं विकासखण्ड तखतपुर के अध्यक्ष ए. के. सतपाल व.कृ.वि.अ., श्री आर.एल.पैकरा कृ. चि.अ./उर्वरक निरीक्षक एवं नरेश बघेल ग्रा.कृ.वि.अ. उपस्थित थे ।साथ ही पी.डी. हथेश्वर उप संचालक कृषि, द्वारा कृषकों से अपील किया गया है कि इस वर्ष डी.ए.प्री. की कम आपूर्ति के दृष्टिगत किसान भाई विकल्प के रूप में यूरिया, एस.एस.पी.. पोटाश एवं एन. पी.के. का उपयोग करें ।

व्यापारी का मालवाहक वाहन चुराने वाले दो आरोपी बलौदा बाजार से गिरफ्तार

बिलासपुर, 21 जून (देशबन्धु)। व्यापार विहार के शक्कर व्यापारी का मालवाहक वाहन चोरी कर ले जाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने वाहन समेत बौदाबाजार से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक चिराग बजाज का व्यापार बिहार विलासपुर में रामनिवास कमल कुमार बजाज के नाम से शक्कर का दुकान है। इसके पिता कमल कुमार बजाज वर्ष 2010 में दुकान में सामान लाने ले जाने के लिये टाटा एस गाडी कमांक सीजी 10 के 5001 को खरीदा था जिसे यह अपने फर्म (दुकान) के सामने गाडी को खड़ा करता था। दिनांक 18.06.2025 के रात्रि करीबन 09.00 बजे टाटा एस गाडी को दुकान के सामने खड़ी कर व शाप को बंद करके अपने घर चला गया

था और दिनांक 19.06.20025 के सुबह करीबन 10.00 बजे घर से दुकान खोलने आया तो देखा मेरा दुकान के सामने टाटा एस कमांक सीजी 10 के 5001 नहीं खड़ी थी। जिसे आस पास पता तलाश किया पता नहीं चला। इसका माल वाहक गाडी टाटा एस कमाक सीजी 10 के 5001 कीमती 60000/रू की कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गये है। के रिपोर्ट पर थाना तारबाहर में अपराध कमांक 176/2025 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। कृष्णचंद सिदार थाना प्रभारी थाना तारबाहर के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी उक्त टाटा एस कमांक सीजी 10 के 5001 बलौदा बाजार में रखे है कि सूचना पर तत्काल टीम गठित कर बलौदा बाजार रवाना किया गया बलौदा बाजर पहुचकर सायबर सेल के मदद से घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया आरोपीयो के कब्जे से टाटा एस कमांक सीजी 10 के 5001 को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

NECC

22.06.2025	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	540	85	165
चिल्हर	6.75	100	190
डिलीवरी	555 सैकड़ा		

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771